

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 119 | गुरूवार, 11 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण एकादशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया

संक्षिप्त समाचार

मणिपुर में अपहृत 14 कुकी एक महीने बाद मुक्त

इंफाल। मणिपुर के सेनापति जिले में सशस्त्र समूहों द्वारा करीब एक महीने पहले अपहृत किए गए 14 कुकी बंधकों को मंगलवार को मुक्त कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इन 14 लोगों का 13 मई को कांगपोकपी जिले में घात लगाकर किए गए हमले में गिरजाघर के तीन नेताओं की हत्या के बाद अपहरण कर लिया गया था।

यौन दुराचारः आईसीसी के मुख्य अभियोजक निलंबित

द हेग (नीदरलैंड)। अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) के मुख्य अभियोजक करीम खान को यौन दुराचार के आरोपों के चलते सोमवार देर रात उनके दायित्वों से निलंबित कर दिया गया। यह अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के इतिहास में अभूतपूर्व कदम माना जा रहा है। यह कदम अदालत के एक जांच निकाय द्वारा खान के मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने के बाद उठाया गया। 56 वर्षीय ब्रिटिश बैरिस्टर करीम खान पर उनकी एक महिला सहयोगी के साथ कथित यौन दुराचार करने के आरोप हैं।

ममता ने कल्याण बनर्जी को बनाया चीफ व्हिप

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में टूट के बीच ममता बनर्जी ने सांसद कल्याण बनर्जी को लोकसभा में पार्टी का चीफ व्हिप नियुक्त किया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को लेटर लिखकर कहा कि इसे तत्काल प्रभाव से लागू जाए। टीएमसी के लोकसभा में 28 सांसदों में से 20 ने एक दिन पहले बगावत के बाद ममता का साथ छोड़ दिया। उन्होंने एनडीए सरकार को समर्थन देने का फैसला किया है। इन लोगों ने सांसद काकोली घोष दस्तीदार को अपना चीफ व्हिप चुना था।

नर्मदापुरम जिले में महसूस किए गए भूकंप के झटके

नर्मदापुरम/इटारसी। जिले के केसला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चिचवानी और समीपस्थ छीतापुरा में सोमवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। रात करीब 9.38 बजे आए इन झटकों से ग्रामीणों में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया।

योग्य और कमाने में सक्षम पत्नी को नहीं मिलेगा भरण-पोषण

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक अहम फैसले में कहा है, यदि कोई पत्नी उच्च शिक्षित है, पर्याप्त आय अर्जित करने में सक्षम है, लेकिन पति पर आर्थिक बोझ डालने के लिए काम नहीं करती, तो अदालत उसे भरण-पोषण देने से इनकार कर सकती है। कोर्ट ने यह टिप्पणी हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 24 के तहत दायर एक मामले की सुनवाई के दौरान की। मामला प्रयागराज एक दंपति का है।

देश की जनता ने राजनीतिक स्थिरता का मतलब समझाः मोदी

'विकसित भारत जन-जन का सपना'

पीएम मोदी ने कहा, आज देश का हर नागरिक विकसित भारत के सपने से भरा हुआ है। विकसित भारत का सपना अब किसी दल का या व्यक्ति का नहीं है। यह देश के जन-जन का सपना बन चुका है। इसकी पूर्ति के लिए हमें अपना हर पल समर्पित करना है। एनडीए के 12 वर्ष की एक सफलता यह भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने देश को लाचार और बेचारगी और हीन भावना के स्तर पर गिरा दिया था। देश को यह एहसास कराया जाता था कि भारत में विकास धीरे-धीरे ही होता था।



'25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला'

प्रधानमंत्री ने कहा, साल 2014 में जब एनडीए की जीत हुई थी तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवीय में एक नई आशा का उदय हुआ है। इस आशा का इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपना भरोसा हमें सौंपा। मुझे संतोष है, गर्व है कि एनडीए परिवार के तौर पर हमने देश के विश्वास को हमेशा और मजबूत किया है। 2014 में आशा का उदय होता सूरज आज नए आत्मविश्वास के प्रकाश पुंज में बदल गया है। भारत के लोगों ने पहली बार देखा है कि जब सही नीयत से सरकार चलती है तो तेज गति से विकास होता है।

'स्थिर सरकार का काम देख रही देश की जनता'

उन्होंने कहा, भारत की जनता का नीर-क्षीर विवेक हमेशा अद्भुत रहा है। देश की जनता ने राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक स्थिरता का महत्व समझा है। ये जनता जनार्दन की परिपक्वता ही है कि उसने लंबे समय तक मुझे इस तरह जनता की सेवा का अवसर दिया। 2014 के पहले के कई दशक बहुत अस्थिरता और उथल-पुथल से भरे थे। इसका देश को नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन अब देश की जनता एक स्थिर सरकार का काम भी देख रही है और उसकी निर्णायक क्षमताओं को परख भी रही है। मैं जनता का आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा, ये सफलता आज देश के हर उस व्यक्ति को बताती है कि एक दिन उसके सपने भी पूरे होंगे। मैं मानता हूं कि कल जो गरीब था, आज जो नियो मिडिल क्लास बना है, उसे अब हमें पीछे नहीं होने देना है। इसलिए सरकार के नाते हमें दिन-रात काम करना है। परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है। इस संकल्प के साथ 140 करोड़ का यह देश हमसे जो उम्मीदें लगाए बैठा है वे जरूर पूरी हों। भारत का युवा, नारी शक्ति, मध्यम वर्ग, किसान, सबकी आकांक्षाएं हमें पूरी करनी हैं।

■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 साल का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर देश की जनता का आभार प्रकट किया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आज इस यात्रा के ऐसे सभी साथियों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करता हूं। इस अवसर पर एनडीए के सदस्यों ने एक प्रस्ताव भी पेश किया है। यह आपकी उदारता है। मैं इस यात्रा को अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं मानता। यह हम सबकी सामूहिक उपलब्धि है। ये एनडीए के हर घटक दल की एक समान उपलब्धि है। इसलिए मैं इस प्रस्ताव को आप सभी को भाजपा समेत हमारे एनडीए परिवार के सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित करता हूं।

'इस धीमे विकास को एक नाम दिया गया था- हिंदू ग्रोथ रेट। कार्यशैली कांग्रेस की, दायित्व कांग्रेस का, विफलता कांग्रेस की, लेकिन कलंक देश की बड़ी हिंदू आबादी के नाम लगाया गया। जबकि असल में इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट होना चाहिए था। इसमें न गवर्नेंस थी, न नीति और न नीयत और न ही निर्णय। जब अटल जी की सरकार आई तब हमें झलक दिखी कि विकास कार्य में गति कैसे आती है। लेकिन 2004 में देश अस्थिरता के बंवडर में फंस गया। कांग्रेस ने देश को एक के बाद एक हजार करोड़ के घोटालों में घसीट लिया। देश का भाग्य फिर तब बदला, जब 2014 में एनडीए की सरकार बनी।' उन्होंने आगे कहा, देश ने देखा कि जब नीति, नीयत और निर्णय तीनों एक साथ काम करते हैं तो विकास की गति कैसी होती है। देश ने देखा है कि जो काम दशकों में होते थे, वो काम महीनों में होने लगे। 2014 में 74 एयरपोर्ट थे, 2026 में 160 एयरपोर्ट हुए। 2026 में 6700 किमी एक्सप्रेसवे हैं। 2014 में 4 शहरों में मेट्रो थे, 2026 में 20 से ज्यादा शहरों में मेट्रो है। डिफेंस एक्सपोर्ट भी बढ़े हैं। देश ने एक लंबी यात्रा तय की है। देश में केवल 25 करोड़ इंटरनेट यूजर्स थे 2014 तक, आज 100 करोड़ यूजर्स इंटरनेट से जुड़े हैं। तब डिजिटल पेमेंट न के बराबर थे, आज भारत नंबर वन है।

अपना हक मांग रहे लोगों में 30 की मौत, 200 घायल

■ सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प



■ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों को लेकर सुलग रही चिंगारी ने अब एक भीषण हिंसक रूप अख्तियार कर लिया है। क्षेत्र में नागरिक समाज संगठन और सुरक्षा बलों के बीच हुई आमने-सामने की खूनी झड़प में 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जबकि लगभग 200 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके में तनाव चरम पर है।

जानकारी के मुताबिक इस ताजा और अभूतपूर्व हिंसा की शुरुआत तब हुई, जब पाकिस्तानी अधिकारियों ने क्षेत्र के एक प्रमुख नागरिक अधिकार संगठन 'जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी' पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। यह संगठन लंबे समय से पीओके में बढ़ती महंगाई, आर्थिक बदहाली और राजनीतिक अधिकारों के हनन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों की कमान संभाल रहा था। प्रतिबंध की घोषणा के बाद से ही स्थानीय नागरिकों में सरकार के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के सैकड़ों कार्यकर्ता (मोर्चरी) के बाहर एकत्र हुए थे।

बेकाबू हालात के लिए शरीफ सरकार जिम्मेदार



नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय (एमईए) ने मंगलवार को पीओके में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हुई हिंसा की रिपोर्टों की कड़ी निंदा की। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान अपनी असफलताओं और मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान हटाने के लिए यह सब कर रहा है। उन्होंने कहा कि पीओके में नागरिकों के खिलाफ बल प्रयोग हो रहा है।

1400 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी, अरब सागर के निकट 60 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त

■ नई दिल्ली

ईडी ने 1400 करोड़ रुपये के एसकेएनएल बैंक धोखाधड़ी मामले में रायगढ़ (महाराष्ट्र) के मुरुड में अलीबाग के पास अरब सागर के सामने स्थित 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की प्रॉपर्टी जब्त की है। इससे पहले जांच एजेंसी ने लंदन में बकिंघम पैलेस के पास स्थित एक महंगी प्रॉपर्टी को अस्थायी रूप से अटैच किया था। इसकी कीमत लगभग 119.55 करोड़ रुपये बताई गई है। ईडी के मुताबिक, मेसर्ज एस कुमार नेशनवाइड लिमिटेड (एसकेएनएल) के पूर्व चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन शंभु कुमार कसलिवल ने अपने और अपने परिवार के सदस्यों के कंट्रोल वाली कंपनियों एवं ग्रुप कंपनियों के नेटवर्क का इस्तेमाल फंड को इधर-उधर करने और लेयरिंग करने के लिए किया था। यह उस समय की बात है जब एसकेएनएल ने बैंकों के कंसोर्टियम से बड़ी क्रेडिट सुविधाएं ली थीं। एसकेएनएल से डायवर्ट किए गए फंड का इस्तेमाल आखिर में रायगढ़ के मुरुड में अलीबाग के पास अरब सागर के सामने स्थित एक प्रॉपर्टी को खरीदने के लिए किया गया था। 1400 करोड़ रुपये के एसकेएनएल बैंक धोखाधड़ी मामले की चल रही जांच में यह पाया गया कि यह प्रॉपर्टी सीधे तौर पर अपराध से हुई कमाई (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) से खरीदी गई थी।

उत्तर भारत में भीषण गर्मी का कहर

» दक्षिण और पूर्वोत्तर में मानसून ने दी राहत



नई दिल्ली

देश के विभिन्न हिस्सों में मौसम के दो अलग-अलग रूप देखने को मिल रहे हैं। एक ओर उत्तर भारत के कई राज्य भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं, वहीं दूसरी ओर दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों में मानसून सक्रिय होने से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक उत्तर भारत में गर्मी से तत्काल राहत मिलने की संभावना कम है, जबकि दक्षिण और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में अच्छी वर्षा जारी रह सकती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के कई इलाकों में तापमान 44 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ दिखाई दे रही है। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

राजस्थान के कई जिलों में लू का प्रकोप सबसे अधिक देखा गया, जहां दिन का तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों में भी गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बिजली की बढ़ती मांग के कारण कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पर भी दबाव बढ़ गया है। इसके विपरीत, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मानसून सक्रिय बना हुआ है। लगातार हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। किसानों के लिए भी यह बारिश लाभदायक मानी जा रही है, क्योंकि इससे खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारियों को गति मिलेगी। पूर्वोत्तर भारत के असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में भी भारी बारिश दर्ज की गई है। कुछ क्षेत्रों में जलभराव और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं, जिसके चलते स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों में मानसून धीरे-धीरे मध्य भारत की ओर आगे बढ़ सकता है। इसके साथ ही उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि फिलहाल दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के लोगों को गर्मी और लू से जूझना पड़ सकता है। विशेषज्ञों ने लोगों को पर्याप्त पानी पीने, धूप से बचने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

कीर्तिमान | राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 12 साल पूरे

मोदी ने तोड़ा सबसे लंबे वक्त तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड

■ कार्यकाल के 4,398 दिन हो गए पूरे



तीन बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड

पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद 2024 में नरेंद्र मोदी देश के दूसरे ऐसे प्रधानमंत्री बने थे, जिन्होंने लगातार तीन लोकसभा चुनावों (2014, 2019 और 2024) में अपने नेतृत्व में गठबंधन या पार्टी को जीत दिलाकर लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। वो भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनका जन्म देश की आजादी के बाद (17 सितंबर 1950) हुआ। इस तरह वो आजाद भारत में जन्मे पहले प्रधानमंत्री हैं। उनसे पहले के सभी प्रधानमंत्री 1947 से पहले जन्मे थे।

■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजाद भारत में सबसे लंबे समय तक पीएम पद पर बने रहने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वे देश के सबसे लंबे कार्यकाल तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने वाले नेता बन गए हैं।

9 जून 2024 को ही उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और उनके सत्ता में रहने के 12 साल भी मंगलवार को पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और 9 जून 2026 तक उनके कार्यकाल के 4,398 दिन पूरे हो गए हैं। अब वे सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं। सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री होने पर मोदी के सम्मान में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की 10 जून को बैठक होगी और इसमें एकजुटता दिखाने के साथ शक्ति प्रदर्शन होगा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू एक प्रस्ताव रखेंगे। अन्य सहयोगी दलों के नेता प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

सोनिया से मिलने 10 जनपथ पहुंचीं ममता

■ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की चुनावी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी दिल्ली दौरे पर हैं। बंगाल की हार के बाद ममता बनर्जी का यह पहला दिल्ली दौरा है। अपने दौरे के तीसरे दिन उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। दो दिन में ममता बनर्जी और सोनिया गांधी की यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले सोमवार को इंडिया ब्लॉक की मीटिंग में दोनों की मुलाकात हुई थी, जहां ममता बनर्जी सोनिया गांधी से गले मिली थीं। सोनिया गांधी से यह मुलाकात तब हुई है, जब ममता बनर्जी सबसे बड़े राजनीतिक संकट का सामना कर रही हैं। विधायकों के बाद सांसदों ने भी बगावत कर दी है। टीएमसी के 20 सांसदों ने एनडीए को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। ममता बनर्जी शनिवार को दिल्ली आई थीं। सबसे पहले उन्होंने दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। ममता बनर्जी मंगलवार को करीब 5 साल बाद सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पहुंचीं। दोनों नेताओं की मुलाकात करीब एक घंटे तक चली।



मुलाकात पर अब अटकलें

सोनिया गांधी से ममता बनर्जी की मुलाकात को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि टीएमसी का कांग्रेस में विलय हो सकता है। हालांकि इसको लेकर दोनों दलों के नेता कोई टिप्पणी नहीं कर रहे। अहम बात यह है कि ममता-सोनिया की इस मुलाकात के दौरान राहुल गांधी संगठन से जुड़ी बैठकों के लिए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में मौजूद थे। जाहिर है राहुल गांधी की गैरमौजूदगी से 'विलय' से जुड़ी अटकलों में कोई दम नजर नहीं आता।

उज्जैन से शुरू होगा देश का पहला टेंपल बॉन्ड

■ सिंहस्थ 2028 से पहले 11 मंदिरों के विकास के लिए जुटेंगे 200 करोड़

■ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार देश में पहली बार 200 करोड़ रुपये के टेंपल बॉन्ड जारी करने की तैयारी में है। मकसद है सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन और मालवा के 11 प्रमुख धार्मिक स्थलों का करीब 1100 करोड़ रुपये से कायाकल्प। सरकार का दावा है कि यह मॉडल धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई देगा, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देगा और आम लोगों को आस्था के विकास में निवेश का मौका देगा। लेकिन इस प्रयोग पर अब सियासत और संत समाज दोनों में सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस पूछ रही है कि लाखों करोड़ के कर्ज में डूबी सरकार के पास अब मंदिरों के लिए भी पैसा नहीं है क्या। वहीं कुछ संत और हिंदू संगठन कह रहे हैं कि बाबा महाकाल उज्जैन के राजा हैं, और राजा प्रजा से कर्ज नहीं लेता। उज्जैन, बाबा महाकाल की नगरी, सिंहस्थ की भूमि और अब आस्था के साथ अर्थव्यवस्था का नया प्रयोग किया जाएगा।

63 जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट



मौसम विभाग ने जारी की सतर्कता सलाह

आईएमडी ने लोगों को अगले 24 घंटों तक लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। वहीं, 11 जून से संभावित आंधी और भारी बारिश को देखते हुए नागरिकों को सतर्क रहने, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े न होने तथा बिजली चमकने के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि गुरुवार से प्रदेश का मौसम पूरी तरह बदल सकता है और लंबे समय से गर्मी झेल रहे लोगों को राहत की सौगात मिल सकती है।

■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप बुधवार को भी जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने प्रदेश के कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि राहत की खबर यह है कि 11 जून से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है और प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश शुरू होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में एक मजबूत प्री-मानसून वेदर सिस्टम सक्रिय हो रहा है, जिसके प्रभाव से 11 जून से मौसम पूरी तरह बदल सकता है। आईएमडी ने प्रदेश के 63 जिलों में बारिश और आंधी को लेकर अलर्ट जारी किया है। कई जिलों में मूसलाधार बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है।

50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं

मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार से प्रदेश के कई हिस्सों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। इसके साथ ही गरज-चमक और बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। पिछले कुछ सप्ताह से उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। ऐसे में 11 से 14 जून के बीच होने वाली बारिश लोगों को बड़ी राहत दे सकती है।

पूर्वांचल में सबसे अधिक गर्मी

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में लू का असर सबसे ज्यादा देखने को मिलेगा। गोरखपुर, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, मऊ और आसपास के क्षेत्रों में तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है।

ईरान-अमेरिका तनाव से वैश्विक बाजारों में भूचाल, शेयर बाजार लुढ़के, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

■ लंदन/वॉशिंगटन

ईरान और अमेरिका के बीच एक बार फिर सैन्य तनाव बढ़ने से बुधवार को वैश्विक वित्तीय बाजारों में भारी उथल-पुथल देखने को मिली। दोनों देशों द्वारा एक-दूसरे पर नए हमले किए जाने के बाद दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आ गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त बयान ने निवेशकों की चिंताओं को और बढ़ा दिया, जिसके चलते यूरोप, एशिया और अमेरिका के बाजारों में बिकवाली का दबाव देखा गया। विशेषज्ञों का मानना है कि मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव का असर केवल क्षेत्रीय राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीतियों पर भी पड़ सकता है। शुरूआत में यूरोपीय बाजारों ने तनाव को नजरअंदाज करने की कोशिश की, लेकिन जैसे-जैसे घटनाक्रम आगे बढ़ा, निवेशकों की चिंता बढ़ती गई। पैन-यूरोपीय स्टॉक्स 600 सूचकांक करीब 0.6 प्रतिशत तक गिर गया।

एशियाई बाजारों में भी कमजोरी देखने को मिली। जापान को छोड़कर एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शेयरों का एमएससीआई सूचकांक 2.3 प्रतिशत तक लुढ़क गया। दक्षिण कोरिया का तकनीकी कंपनियों पर आधारित कोस्पी सूचकांक 4.5 प्रतिशत तक टूट गया। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली देखी गई। निवेशकों को लग रहा है कि वैश्विक अनिश्चितता और बढ़ती ब्याज दरें टेक कंपनियों के भविष्य के मुनाफे को प्रभावित कर सकती हैं।




ईरान को कीमत चुकानी होगीः ट्रंप

बाजारों में गिरावट उस समय और तेज हो गई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि ईरान ने समझौते के लिए बहुत अधिक समय लिया है और अब उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। हालांकि ट्रंप ने अपने बयान में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन निवेशकों ने इसे संभावित सैन्य कार्रवाई और संघर्ष के विस्तार के संकेत के रूप में देखा। ट्रंप की टिप्पणी के तुरंत बाद यूरोपीय शेयर बाजारों में गिरावट बढ़ गई और अमेरिकी शेयर वायदा (फ्यूचर्स) भी एक प्रतिशत से अधिक नीचे चले गए। निवेशकों ने जोखिम वाले निवेशों से दूरी बनानी शुरू कर दी और सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया।

मृतक प्रेमिका को खुद संग भूत दर्शाकर फोटो किए वायरल, परिजनों ने मजाक उड़ाने का लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय





- युवती मौत मामला गरमाया, मां ने प्रेमी पर जहर देकर हत्या का लगाया आरोप, घर में घुसकर मारपीट

बरेली। थाना सुभाषनगर क्षेत्र के रोदी गांव में युवती की संदिग्ध मौत को लेकर मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। मृतका की मां ने बेटी के प्रेमी और उसके परिजनों पर जहर देकर हत्या करने, परिवार को डराने-धमकाने और घर में घुसकर मारपीट करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। रोदी गांव निवासी सोनवती पत्नी राजू ने अधिकारियों को सौंपे गए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी पुत्री रूबी का मोहल्ले के ही सूरज पुत्र निरंजन से काफी समय से संपर्क था, जिसकी जानकारी परिवार को नहीं थी। बाद में परिवार ने रूबी का विवाह कहीं और तय कर दिया। आरोप है कि यह बात सामने आने पर सूरज ने रूबी को अपने साथ मरने की बात कहकर 28 अप्रैल की सुबह घर से बुलाया और उसे गंगा किनारे ले जाकर जहर खिला दिया। परिजनों के अनुसार, घर लौटने के बाद रूबी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकीय जांच में जहर सेवन की पुष्टि होने पर पुलिस को सूचना दी गई और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि घटना के बाद भी आरोपी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर परिवार का मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। साथ ही वह मृतका की 16 वर्षीय छोटी बहन को रास्ते में रोककर अश्लील टिप्पणियां करने और जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि 9 जून की सुबह आरोपी अपने परिजनों और अन्य लोगों के साथ उनके घर में घुस आया और परिजनों से मारपीट की, जिसमें कई लोग घायल हुए। घायलों का मेडिकल कराया गया है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सार संक्षेप

महिला से सामूहिक दुष्कर्म में पति के दोस्त समेत तीन पर केस

बरेली। जनपद में महिला सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। बहेड़ी थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव की रहने वाली एक महिला ने अपने पति के दोस्त सहित तीन लोगों पर तमंचे के बल पर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार, उसका पति मजदूरी के लिए उत्तराखंड के हल्द्वानी गया हुआ था। इसी दौरान गांव के ही हसनैन पुत्र तुफैल अहमद का उनके घर आना-जाना था, क्योंकि उसकी पति से अच्छी जान-पहचान थी। महिला का आरोप है कि 3 जून की रात करीब दो बजे हसनैन अपने साथी कमल हसन और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ उसके घर पहुंचा। तीनों ने पहले उसके पति के बारे में पूछताछ की। महिला का कहना है कि जब वह पानी लेने कमरे में गई तो हसनैन पीछे से कमरे में घुस आया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इस दौरान कमल हसन ने उसका मुंह दबाए रखा, जबकि तीसरा आरोपी तमंचा ताने खड़ा रहा। इसके बाद कमल हसन ने भी दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़िता ने बताया कि उसने पहले बहेड़ी थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर बहेड़ी पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शादी का झांसा देकर शोषण, रिपोर्ट दर्ज होने के बाद निकाह के बहाने बरेली बुलाकर छोड़ा

बरेली। थाना भोजीपुरा क्षेत्र के आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर युवती के शोषण और धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। गाजियाबाद निवासी पीड़िता नाजमा ने थाना प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि करीब डेढ़ वर्ष पहले आतिफ पुत्र सरवर खान, निवासी घंघोरा-घंघोरी, थाना भोजीपुरा ने उसे प्रेमजाल में फंसाया। आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया और रुपये भी ऐंठता रहा। रुपये वह अपने एक दोस्त के मोबाइल फोन पर मंगवाता था। जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ मना कर दिया और पीछा करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौच की। पीड़िता की शिकायत पर भोजीपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी ने निकाह कराने का झांसा देकर पीड़िता को बरेली बुलाया, लेकिन कलेक्ट्रेट गेट पर उसे छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी निकाह करने के बजाय अजीब शर्तें रख रहा था और कह रहा था कि पहले बच्चे पैदा होंगे, तब निकाह करेगा। घटना से मानसिक तनाव में आई पीड़िता कलेक्ट्रेट गेट के सामने ही जमीन पर बैठ गई। एलआईयू द्वारा गर्मी और खराब हालत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित पुलिस चौकी ले गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

रुहेलखंड यूनिवर्सिटी का नया एकेडमिक कैलेंडर जारी, 27 जुलाई से शुरू होंगी कक्षाएं, 3 जनवरी तक आएंगे रिजल्ट

बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश, शिक्षण और परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी कैलेंडर में नए और पुराने विद्यार्थियों के लिए प्रवेश, कक्षाओं, परीक्षाओं और अवकाश की विस्तृत समय-सारिणी निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय के आदेश के अनुसार प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया 25 जुलाई 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। संबद्ध महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय परिसर को समयबद्ध तरीके से प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शैक्षणिक सत्र निर्धारित समय पर शुरू किया जा सके।

चौपला फ्लाईओवर पर खत्म होगा इंतजार
डीएम के निरीक्षण के बाद मिली हरी झंडी

मरम्मत के चलते करीब एक माह से बंद पड़ा है चौपला फ्लाईओवर, 17 जून से फिर दौड़ेंगे वाहन

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। करीब एक महीने से मरम्मत कार्य के चलते बंद पड़े चौपला फ्लाईओवर को लेकर शहरवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बुधवार को फ्लाईओवर का स्थलीय निरीक्षण किया और मरम्मत कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पुल की मरम्मत निर्धारित समयसीमा से पहले ही लगभग पूरी कर ली गई है। इसके बाद जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतिम औपचारिकताएं पूरी कर 17 जून 2026 से फ्लाईओवर को आम जनता के लिए खोल दिया जाए।

चौपला फ्लाईओवर बंद होने के कारण शहर में लगातार ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा था। लोगों को लंबा चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने पिछले महीने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की थी और मरम्मत कार्य को गुणवत्ता के साथ 10 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने निर्धारित लक्ष्य से पहले ही मुख्य मरम्मत कार्य पूरा कर प्रशासन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास किया है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने फ्लाईओवर पर लगाए गए नए एक्सपेंशन ज्वाइंट और अन्य तकनीकी कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि मरम्मत का मुख्य कार्य पूर्ण हो चुका है और वर्तमान में केवल फिनिशिंग तथा कंक्रीट की तराई का कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य भी अगले कुछ दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और पुल को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के बाद ही यातायात के लिए खोला जाए।

12 मई से चल रहा था मरम्मत अभियान

बदायूं-बरेली मार्ग पर स्थित चौपला फ्लाईओवर पर एक्सपेंशन ज्वाइंट लगाने और संरचनात्मक मरम्मत का कार्य 12 मई 2026 से शुरू किया गया था। पुल की उम्र और लगातार बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए यह मरम्मत आवश्यक मानी गई थी। मरम्मत के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया गया, जिससे कई इलाकों में जाम की स्थिति भी बनी रही। प्रशासन के अनुसार वर्तमान में अंतिम चरण का कार्य तेजी से पूरा कराया जा रहा है। यदि सब कुछ तय योजना के अनुसार रहा तो 17 जून से चौपला फ्लाईओवर पर पूर्व की तरह वाहनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बड़ी राहत मिलेगी और रोजाना हजारों लोगों का सफर पहले की तुलना में अधिक सुगम हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देश दीपक सिंह और एनएचएआई के अधिकारी भी मौजूद रहे।

मोबाइल कारोबारी के घर दूसरे दिन भी डटी रही ED, 100 करोड़ के GST खेल की खुल रहीं परतें

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। कथित 100 करोड़ रुपये के जीएसटी फर्जीवाड़े और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मोबाइल कारोबारी आशुतोष अग्रवाल पर ईडी का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। मंगलवार सुबह शुरू हुई छापेमारी देर रात करीब 12 बजे तक चली, लेकिन जांच यहीं नहीं रुकी। बुधवार सुबह छह बजे प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम फिर मारवाड़ीगंज स्थित आवास पर पहुंची और जांच का दूसरा दौर शुरू कर दिया। लगातार दूसरे दिन चली कार्रवाई ने व्यापारिक जगत में हलचल और चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

मारवाड़ीगंज स्थित आवासीय परिसर के भीतर ही आशुतोष अग्रवाल का कार्यालय और गोदाम संचालित होता है। इसी वजह से जांच एजेंसी को एक ही स्थान पर बड़ी मात्रा में कारोबारी रिकॉर्ड, डिजिटल डेटा और वित्तीय दस्तावेज मिले हैं। छापेमारी के दौरान टीम ने कंप्यूटर, हार्ड डिस्क, मोबाइल फोन, बैंकिंग रिकॉर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को खंगाला।

सूत्रों के अनुसार एजेंसी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड अपने कब्जे में लेकर उनकी गहन जांच शुरू कर दी है। देर रात तक चली पड़ताल में यह समझने की कोशिश की गई कि कारोबार के नाम पर फर्जी कंपनियों का नेटवर्क किस तरह संचालित किया गया। जांच का सबसे अहम बिंदु कथित तौर पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) के गलत इस्तेमाल से जुड़ा है। ईडी यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं कागजी कंपनियों और फर्जी बिलिंग के जरिए करोड़ों रुपये का टैक्स लाभ तो नहीं लिया गया। एजेंसी कथित वित्तीय लेनदेन की परत-दर-परत जांच कर रही है और धन के वास्तविक स्रोत व उपयोग की जानकारी जुटा रही है।

आशुतोष अग्रवाल केवल मोबाइल कारोबार तक सीमित नहीं हैं। वे हिंदुस्तान लीवर, आईटीसी और कैडबरी जैसी बड़ी कंपनियों के डिस्ट्रीब्यूटर, स्टॉकिस्ट और कैरिंग एंड फॉरवर्डिंग (C&F) एजेंट के रूप में भी कार्यरत हैं। जांच एजेंसी को आशंका है कि बड़े कारोबारी नेटवर्क की आड़ में कागजी कंपनियों का जाल बिछाकर धन के लेनदेन को वैध दिखाने की कोशिश की गई। इसी वजह से ईडी विभिन्न कंपनियों के साथ कारोबारी संबंधों और वित्तीय प्रवाह की बारीकी से जांच कर रही है।

पीलीभीत पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैंगस्टर एक्ट के दो दोषियों को सजा

पूरनपुर। गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में पुलिस की प्रभावी पैरवी और मजबूत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। मुकदमा संख्या 1616/2013 में अभियुक्त नईम पुत्र रफीक मिर्जी और चुन्ना पुत्र मकसूद अंसारी, निवासी रजागंज देहात, पूरनपुर के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई थी। मामले की सुनवाई एडीजे/एफटीसी (गैंगस्टर एक्ट) न्यायालय, पीलीभीत में हुई। न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को दोषसिद्ध पाते हुए दो-दो वर्ष के कारावास तथा कुल 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों ने इसे प्रभावी विवेचना और अभियोजन की सफलता बताया है।

कैंट पुलिस व एसओजी की बड़ी कार्रवाई पंखिया गैंग का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। कैंट पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुख्यात पंखिया गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर पांच चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी के माल को बेचकर कमाए गए 1.82 लाख रुपये नकद, एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस गैंग के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सलमान पुत्र खलील, निवासी ग्राम मिलक, थाना सुभाषनगर है। उसे मुखबिर की सूचना पर एपेक्स हॉस्पिटल से करेली जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान नकदी और अवैध असलहा बरामद हुआ। पूछताछ में सलमान ने बताया कि वह टाइल्स और पत्थर लगाने का काम करता था। इसी बहाने वह संपन्न परिवारों और बंद मकानों की रेकी करता था। बाद में अपने साथियों अफरीद, मुजाहिद, कादिम रसूल और अमीर खां उर्फ मारुति के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। गैंग पीछे के रास्ते या छत के सहारे घरों में घुसकर जेवरात और नकदी चोरी करता था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने रामेश्वर धाम कॉलोनी, चौबारी गांव, बालाजी धाम कॉलोनी सहित कैंट और सुभाषनगर क्षेत्र में पांच चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की है। बरामद रकम को उसने चोरी के माल की बिक्री से मिला अपना हिस्सा बताया। कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अनुराग आर्य के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान में इसे बड़ी सफलता माना जा रहा है।

घर में घुसकर चोरी, नामजद आरोपियों पर एफआईआर नहीं

पीड़ित ने एसएसपी से लगाई गुहार, चौकी प्रभारी पर शिकायत फाड़ने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम करमपुर चौधरी, बिलवा में घर में घुसकर चोरी की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पीड़ित रूपलाल ने आरोप लगाया है कि नामजद अभियुक्तों द्वारा चोरी किए जाने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। पीड़ित ने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार 3 जून की रात वह परिवार सहित एक वैवाहिक समारोह में गया हुआ था। इसी दौरान नितिन पुत्र वीर बहादुर व उसके अन्य साथियों ने घर में अवैध रूप से प्रवेश कर अलमारी का ताला तोड़ दिया। आरोप है कि चांदी की एक जोड़ी पायल, सोने के कान के कुंडल और 45 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। अगले दिन दोपहर में घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद तत्काल डायल-112 पर सूचना दी गई। पुलिस मौके पर तो पहुंची, लेकिन आज तक न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई की गई। पीड़ित का यह भी कहना है कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्धों की गतिविधियां कैद हुई हैं, जिसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई, फिर भी जांच आगे नहीं बढ़ाई गई। आरोप है कि लिखित शिकायत देने पर चौकी प्रभारी ने तहरीर फाड़ दी और मनमाफिक तहरीर लिखने का दबाव बनाया। इनकार करने पर पीड़ित को चौकी से भगा दिया गया। पीड़ित ने एसएसपी से मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित की जाए और चोरी गया सामान बरामद कराया जाए। मामला बरेली में पुलिस कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रहा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।



अनदेखी अयूब खां चौराहा पर निर्माण की लापरवाही, हादसे को दे रहा खुला न्योता

स्मार्ट सिटी के दावे खोखले, सड़क के बीच खड़ा माइल इंडिकेटर बना जानलेवा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। एक ओर बरेली में स्मार्ट सिटी के नाम पर विकास कार्यों के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, तो दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। अयूब खां चौराहा से चौपला की ओर जाने वाली सड़क पर निर्माण कार्य के दौरान घोर लापरवाही सामने आई है। सड़क तो बना दी गई, लेकिन माइल इंडिकेटर बोर्ड का पिलर सड़क के बीचों-बीच ही छोड़ दिया गया, जो अब राहगीरों और वाहन चालकों की जान के लिए खतरा बनता जा रहा है। व्यस्त अयूब खां चौराहा पहले ही ट्रैफिक के दबाव से जूझता रहता है। ऐसे में सड़क के बीच खड़ा यह पिलर किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। खासकर रात के समय और तेज रफ्तार वाहनों के लिए यह और भी खतरनाक साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस गंभीर समस्या की ओर संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान दिलाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि क्या स्मार्ट सिटी के नाम पर हो रहे कार्य सिर्फ कमीशनखोरी तक सीमित हैं। ठेकेदार अपना काम अधूरा छोड़कर चले जा रहे हैं और जनता की सुरक्षा से किसी को कोई मतलब नहीं है। सवाल यह भी उठ रहा है कि निर्माण कार्यों की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारी आखिर आंखें मूंदे क्यों बैठे हैं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि सड़क के बीच खड़े माइल इंडिकेटर बोर्ड को तत्काल हटाया जाए या सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि किसी अनहोनी से पहले प्रशासन जागे। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी बड़े हादसे की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाएगा।

देवनागरी पब्लिक इंटर कॉलेज उझानी में श्रीमद्भागवत कथा का द्वितीय दिवस संपन्न

उझानी। देवनागरी पब्लिक इंटर कॉलेज, उझानी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ के द्वितीय दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

कथाव्यास परम पूज्य आचार्य विश्वेश्वरी वरिष्ठ जी महाराज ने अपने प्रवचनों में भक्ति, धर्म, सदाचार एवं मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है तथा भगवान के प्रति श्रद्धा और समर्पण की भावना को जागृत करती है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए तथा भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा के अमृतमय श्रवण का लाभ प्राप्त करें।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर-
7906815587, 9758444242

आखिरी दिन 1733 ने अभ्यार्थियों ने नहीं दी उत्तर प्रदेश आरक्षी परीक्षा

पहली पाली में 3269, दूसरी पाली में 3254 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। तीसरे और आखिरी दिन उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की परीक्षा के तीसरे दिन 1733 अभ्यर्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। पहली पाली में 3269, दूसरी पाली में 3254 ने अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यार्थियों की भीड़ लगी रही।

परीक्षा राजकीय पालिटेक्निक, राजकीय इंटर कालेज, राजकीय गर्ल्स इंटर कालेज, रेवड़ी कला शाहबाद, राजकीय इंटर कालेज सैजनी नानकार, राजकीय इंटर कालेज स्वार, राजकीय इंटर कालेज टांडा, राजकीय रजा महिला स्नताकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज, राजकीय रजा इंटर कालेज, राजकीय जुल्फिकार गर्ल्स इंटर कालेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज, प.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्री गुरूनानक इंटर कालेज बिलासपुर माटखेड़ा में परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों का पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने जायजा लिया।



स्वार में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसपी। -जागरण मोर्चा

केंद्रों पर लगी रही लंबी-लंबी लाइनें

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यार्थियों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। कड़ी जांच, तलाशी, थर्मन और आर्द स्कैनिंग के बाद ही पूरी पड़ताल की गई। फिर परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश दिया गया। इस दौरान अभ्यार्थियों को किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित वस्तु को नहीं ले जाने दिया गया। सवेरे दूसरे जनपदों से आने वाले अभ्यार्थी दौड़ते हुए, अपने केंद्रों पर पहुंचे। जहां उनकी जांच के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए बनाए गए एक सेक्टर मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

अधेड़ की ट्रेन से कटकर मौत,कोहराम

रामपुर। मंगलवार रात को ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत हो गई।सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का दिमाग कुछ समय से सही नहीं चल रहा था।सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पट्टी निवासी धर्मवीर उम्र 54 वर्ष बुधवार रात को रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

जानकारी मिलने के बाद जीआरपी मौके पर पहुंच गई। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया था। जहां सूचना मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उसके बाद शव को देखकर रोना पीटना मचा दिया। मृतक के रिश्तेदार सूबे सिंह ने बताया कि धर्मवीर का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। जिसके कारण यह हादस हो गया। मृतक ने अपने पीछे एक बेटा छोड़ा है।

एक नजर

बाइक के सामने आया जंगली जानवर, बाइक सवार घायल

शाहबाद। भमौरा- शाहबाद- बिलारी स्टेट हाइवे स्थित राणा शुगर मिल के पास बाइक के आगे जंगली जानवर आने के कारण बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मौके पर एकत्र हुए राहगीरों ने बाइक सवार को प्राथमिक सहायता देकर घर भेज दिया। शाहबाद तहसील क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी ताज मोहम्मद मंगलवार देर रात शाहबाद में अपनी रिश्तेदारी में से घर लौट रहे थे, रास्ते में राणा शुगर मिल के पास उनकी बाइक के सामने अचानक जंगली जानवर आ गया, जिसके चलते ताज मोहम्मद सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें उठाया। हालत ठीक होने पर ताज मोहम्मद अपने घर को रवाना हो गए।



प्रदेश में जिले को मिला प्रथम स्थान

रामपुर। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद ने सीएम डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था, शिकायतों के निस्तारण में माह मई- 2026 की रैंकिंग में सम्पूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद रामपुर 88 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माह मई- 2026 में प्रथम स्थान पर आया है ।इससे पूर्व में जुलाई 2024 से अब तक जनपद सीएम डैशबोर्ड रैंकिग में 22 बार प्रथम स्थान पर कायम रहा ।माह जून 2025 में द्वितीय स्थान पर रहा । सीएम डैशबोर्ड में 50 बिन्दुओं पर कार्यवाही के माध्यम से जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है।

सार संक्षेप



वित्तमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन देते प्रदेश प्रवक्ता। -जागरण मोर्चा

वित्त मंत्री से मिले फैसल लाला, सौंपा ज्ञापन

रामपुर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से लखनऊ में मुलाकात कर नगर पालिका परिषद रामपुर, नगर पंचायत केमरी के समग्र विकास के लिए विशेष वित्तीय सहायता और अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराए जाने संबंधी ज्ञापन सौंपा ।रामपुर और केमरी नगर क्षेत्रों की विभिन्न जन समस्याओं एवं विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता से वित्त मंत्री को बताया। उन्होंने क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं मरम्मत, नालियों और जल निकासी व्यवस्था के विस्तार, पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा पार्कों एवं अन्य जनोपयोगी सुविधाओं के विकास के लिए विशेष बजट उपलब्ध कराने की मांग की। कांशीराम एवं आसरा आवास कॉलोनियों में सीवर, सड़कों और पार्कों की मरम्मत तथा जलभराव वाले क्षेत्रों के स्थायी समाधान के लिए विशेष परियोजनाएं शुरू करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

अपना दल एस की हुई चमरौआ विधानसभा में समीक्षा

रामपुर। अपना दल एस जनपद रामपुर की विधानसभा चमरौआ की मासिक समीक्षा बैठक विधानसभा अध्यक्ष महबूब अली पाशा की अध्यक्षता में ग्राम कुआखेड़ा में हुई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष महबूब अली पाशा ने सभी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव की तैयारी करने और मजबूत प्रत्याशी उतारने की बात कही। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष सैदनगर चौधरी सत्यवीर सिंह, जोन अध्यक्ष चमरपुरा फैज पाशा, जोन अध्यक्ष मिलक खानम चरन सिंह लोधी, मास्टर अकरम, सूरजपाल, फिरासत अली इकरार प्रधान, फैजान, मुर्तजा अली पाशा, फैजान सुखराम सिंह, प्रेम सिंह, सूरज भान, रिसालत अली, मोअज्जम पाशा, महफूज अली, मोहम्मद आसिम, इकरार प्रधान, गोविंद सैनी, राधे श्याम सागर आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



मणीश्वर ने समझाया काम-क्रोध-लोभ-मोह का महत्व

मिलक। धनेली पूर्वी स्थित श्री परमहंस बूढ़ा आश्रम पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में कथा वाचक मणीश्वर महाराज ने श्रद्धालुओं को काम, क्रोध, लोभ और मोह पर विस्तार से व्याख्या कर जीवन में संयम का महत्व समझाया। कार्यक्रम में कथा वाचक मणीश्वर ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ और मोह मनुष्य के सबसे बड़े शत्रु हैं। ये चारों विकार इंसान को पतन की ओर ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि काम वासना मन को भटकाती है, क्रोध बुद्धि का नाश करता है, लोभ व्यक्ति को अंधा बना देता है और मोह इंसान को माया के बंधन में जकड़ लेता है ।महाराज ने उदाहरण देते हुए कहा कि रावण का विनाश काम और अहंकार के कारण हुआ, दुर्योधन को क्रोध और लोभ ले डूबा। श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि मन को वश में रखकर, धर्म के मार्ग पर चलकर ही मनुष्य अपना जीवन सफल बना सकता है। कथा के दौरान भक्तों ने जय श्री राम और हर हर महादेव के जयकारे लगाए ।इस अवसर पर शिवमओम पांडे, सत्यदेव पांडे, मुकेश पांडे, राजेश पांडे, गणेश पांडे, सरदार जोगिंदर सिंह, पंडित कृष्णानंद, श्याम मित्र मौजूद रहे।



कथा में मौजूद भक्त।

चोर व्यापारी से 5 हजार का हार लेकर फरार

शाहबाद। नगर की मुख्य बाजार के व्यापारी को चकमा देकर दो युवक पांच हजार रुपये का नोटों का हार लेकर फरार हो गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरूकर दी है। नगर की मैन मार्किट में नोटों के हार और सजावटी सामग्री की दुकान चलाने वाले नरेश गुप्ता के मुताबिक 7 जून को दो युवक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से उनकी दुकान पर पहुंचे। दोनों ने पांच हजार रुपये का नए नोटों से बना हार पसंद किया। इसी दौरान दुकान पर अन्य ग्राहक भी मौजूद थे ।आरोप है कि भीड़भाड़ का फायदा उठाकर दोनों युवक व्यापारी को चकमा देकर हार लेकर फरार हो गए। घटना से व्यापारी ने आसपास के दुकानदारों को अवगत कराया। इसके बाद व्यापारियों ने आरोपियों की तलाश का प्रयास किया और मामले की सूचना पुलिस को दी। जांच के दौरान पता चला कि इसी तरह की घटना सिरौली क्षेत्र में भी एक दुकान पर हुई थी ।वरिष्ठ उपनिरीक्षक रमेश चंद्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच में जुटी है।

शराब की दुकान शिफ्ट को लेकर विभाग और सिख समाज आमने-सामने

- स्थानांतरण की भनक मिलने पर मामले ने पकड़ा तूल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। शराब की दुकान हटाने को लेकर सिख समाज और आबकारी विभाग आमने-सामने आ गए है। सिख समाज के लोगों ने इस मामले में आपत्ति जताई है। जानकारी में आया है कि आबकारी विभाग द्वारा दुकान को ऐसी जगह शिफ्ट कराया जा रहा है जहां पर कुछ ही दूरी पर बालिकाओं का विद्यालय और शहर के प्रमुख गुरुद्वारा है।

28 मई को राकेश गुप्ता के नाम से गुरु नानक रोड पर शराब की दुकान आवंटित की गई थी। वर्तमान में दुकान निर्धारित स्थान पर संचालित की जा रही है। हालांकि अब दुकान की दूसरे स्थान पर शिफ्ट कराए जाने की आबकारी विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है।



> जहां दुकान कई वर्षों से संचालित है दुकान वहीं रहेगी कहीं शिफ्ट नहीं कराई जाएगी। -हिम्मत सिंह, जिला आबकारी अधिकारी।

सूत्रों के मुताबिक दुकान संचालक राकेश गुप्ता ने नया स्थान चयनित कर आबकारी विभाग को वहां दुकान संचालित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। आरोप है विभागीय अधिकारियों की सहमति से दुकान को मूल आवंटित स्थल से हटाकर नई जगह शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। अगर दुकान का संचालन नई जगह पर शुरू किया जाता है तो सामाजिक, धार्मिक वातावरण प्रभावित हो सकता है। लोगों का आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर दुकान संचालक को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

आभूषण व नकदी सहित 7 लाख का माल साफ

जागरण मोर्चा कार्यालय

टांडा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौखंडी में मंगलवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में रखी सेफ तोड़कर करीब चार तोले सोने-चांदी के आभूषण, 25 हजार रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने कुल नुकसान लगभग सात लाख रुपये बताया है।

गांव निवासी मुबीन के अनुसार वह छत पर सो रहा था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य आंगन में सोए थे। बुधवार तड़के बारिश होने पर जब वह नीचे कमरे में पहुंचा तो सेफ खुली मिली और सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की ।मुबीन पास के एक क्रेशर प्लांट में मजदूरी करता है और उसकी हाल ही में शादी हुई है। घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है तथा चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और नाराजगी का माहौल है। ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

अज्ञात वाहन ने कार में मारी टक्कर

जागरण मोर्चा कार्यालय

मसवासी। मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के महिला समेत छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पहले काशीपुर के अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया।

माटखेड़ा निवासी हफीज अहमद के पुत्र आरिफ का निकाह एक सप्ताह पूर्व शिकारपुर निवासी शाहिद की पुत्री परवीन से हुआ था। मंगलवार को हफीज अहमद अपने पुत्र आरिफ, साजिद और आसिम के साथ शिकारपुर बहू की विदाई कराने गए थे। देर रात करीब दस बजे सभी लोग कार से वापस अपने घर लौट रहे थे।बताया जाता है, उनकी कार जैसे ही मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर मानपुर गुरुद्वारे के पास पहुंची, तभी पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए।हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई तथा राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया।घटना की सूचना मिलते ही शिकारपुर से रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए।

घायलों को पहले काशीपुर के अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया। परिजनों ने हफीज अहमद, आरिफ, उनकी पत्नी परवीन, साजिद, आसिम और फिजा को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

12 वर्षों में तय किया विकसित भारत का रोडमैप: आकाश

- शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुराना गंज मंडल में किया प्रवास

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि बीते 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने विकसित भारत का रोडमैप तैयार किया है। ढांचागत विकास के साथ ही औद्योगिक विकास, रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता आदि सभी क्षेत्रों में देश आगे बढ़ रहा है। युवाओं का सामर्थ्य राष्ट्र के सशक्तिकरण की कहानी बयां कर रहा है।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" अभियान के अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुराना गंज मंडल में प्रवास किया। इस दौरान



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक आकाश सक्सेना। -जागरण मोर्चा

उन्होंने कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है, वहीं आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों को पक्का मकान मिला है, जबकि मुफ्त राशन योजना ने जरूरतमंदों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की है। इन योजनाओं ने आम लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाया है। विधायक ने कहा कि पहले की सरकारों में विकास सीमित दायरे तक ही रहता था, लेकिन वर्तमान सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि देश में सड़कों, रेल, हवाई अड्डों और डिजिटल सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति में पहुंच रहा है। इस अवसर पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी चुनावों की रणनीति बनाने और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर विशेष चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस चौकी में पौधरोपण और घर-घर जनसंपर्क भी किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विवेक रूहेला, पारूल अग्रवाल, भाजपा के कार्यालय प्रभारी अशोक विश्नोई, मंडल अध्यक्ष भाव्य उप्पल, महेश सागर, अशोक राठौर आदि उपस्थित रहे।

भाकियू का जत्था राष्ट्रीय चिंतन शिविर के लिए रवाना

मिलक। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के कार्यकर्ताओं का एक बड़ा जत्था राष्ट्रीय चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए सोमवार रात हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। युवा जिलाध्यक्ष राजेंद्र यदुवंशी के नेतृत्व में धनेली पूर्वी स्थित कार्यालय पर रात्रि लगभग 9 बजे कार्यकर्ता एकत्रित हुए और जय जवान, जय किसान के जोशीले नारों के बीच शिविर के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष राजेंद्र यदुवंशी ने कहा कि राष्ट्रीय चिंतन शिविर किसानों, युवाओं और ग्रामीण समाज से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बताया कि शिविर में संगठन को मजबूत बनाने, किसान हितों की रक्षा तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा ।रवाना होने से पहले कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सभी ने संगठन की मजबूती और किसान हितों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर बुलंद करने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हरिद्वार में आयोजित होने वाला यह चिंतन शिविर भविष्य की रणनीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।राष्ट्रीय चिंतन शिविर के लिए रवाना होने वालों में अमित पांडे, पवन शर्मा, विपिन पांडे, किशोरी लाल दिवाकर, नुक्ता प्रसाद दिवाकर, प्रियांशु यदुवंशी, राजवीर यदुवंशी, कमलेश कुमारी गंगवार, कंचन यदुवंशी, कल्लू पांडे, सचिन, वंश पांडे, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



शिविर के लिए रवाना होते कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

पंचायत चुनाव की अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन

- 13 लाख 43 हजार 545 वोटर करेंगे वोट

जागरण मोर्चा, कार्यालय



रामपुर। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि समस्त तहसीलों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की वोटर लिस्ट संशोधन कर प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट बीडीओ कार्यालय पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध करा दी गई है।

पंचायत चुनाव अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 11 जुलाई तक जनपद में कुल 13 लाख 76 हजार 20 वोट थे। जिसमें से 70 हजार 976 निरस्त कर दिए। अंतिम सूची में 13 लाख 43 हजार 545 वोटर है जिनमें महिला 6 लाख 26 हजार 750, पुरुष 7 लाख 16 हजार 795 है। इसमें 680 ग्राम प्रधान, 34 जिला पंचायत सदस्य, 559 बीडीसी सदस्य, 8504 ग्राम पंचायत सदस्य के पद है। इनके लिए बैलेट पेपरों का प्रकाशन हो चुका है। प्रधानी के लिए हरा, बीडीसी के लिए नीला, जिला पंचायत सदस्य के सफेद रंग का बैलेट पेपर होगा।

चुनाव सिटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में होगा चुनाव, तीन बजे होगी मतगणना

सीएमओ ऑफिस में रेडक्रास सोसायटी डायरेक्टर का चुनाव आज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा डायरेक्टर का चुनाव आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में होगा। चुनाव सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा। तीन बजे मतगणना होगी। चुनाव सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम की देखरेख में होगा। बुधवार को पूरे दिन कार्यालय में चुनाव की तैयारियां जारी रही। इसके अलावा मतपेटी भी लगाई गई।

भारतीय रेडक्रास सोयायटी शाखा डायरेक्टर के लिए 22 नामांकन किया है नामाकंन प्रक्रिया 6 जून को हुई। इसके बाद चुनाव की तिथि घोषित की है। डायरेक्टर के लिए अब्दुल रऊफ, नरेंद्र पाल सिंह, शुऐब मियां, शाहिद अली खां, मुजफ्फर उल्लाह खां, असरार अहमद, मोहम्मद अब्दुल सलाम, नोमान अहमद खां, असलम जावेद कासमी, हमशाद अली, हरवन्दर सिंह सब्रवाल, फैसल शाह खां, हुमा आमिर,



डायरेक्टर चुनाव के लिए मतपेटी।

अवतार सिंह, डॉ.अर्पित गुप्ता, राम सुमरन पाराशरी, डॉ.सुरेंद्र मोहन सक्सेना, तरूण कुमार यादव, डॉ.नीरज श्रीवास्तव, डॉ.गुन्जन अग्रवाल और प्रतीक शर्मा के नाम शामिल है। चुनाव में लाइफ मेंबर वोटर 250 है जोकि सीएमओ कार्यालय में वोट करेंगे।

बाइक से गिरकर शाहबाद की वृद्धा की मौत

शाहबाद। थाना क्षेत्र के जगेसर गांव निवासी वृद्धा बाइक पर सवार होकर अपने पोते के लिए रिश्ता देखने जा रही थी, रास्ते में बाइक से गिरकर वृद्धा की मौत हो गई। जगेसर गांव निवासी जय राम की 75 वर्षीय पत्नी कृष्णा देवी बुधवार को अपने पोते विक्की के साथ बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद जा रही थीं। रास्ते में तहसील क्षेत्र के ताजपुर गांव के पास अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे पीछे बैठी कृष्णा देवी सड़क पर जा गिरीं। गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। वृद्धा की अचानक मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव को अपने गांव ले आए हैं। दादी की मौत से पोते और पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर है।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com



पाइपलाइन डाले जाने को खोद डाली इंटरलॉकिंग, गड्ढे ही गड्ढे

वार्ड नंबर 4 कृष्णा विहार कॉलोनी की स्थिति जस की तस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। शहरी क्षेत्र में जल निगम की ओर से डाली जा रही पाइपलाइन के लिए पूरे के पूरे क्षेत्रों को खोद कर डाल दिया है।पूरी इंटरलाकिंग को ऐसा कर दिया गया है जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

7-8 माह से वार्ड नंबर 4 कृष्णा विहार कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन का कार्य चल रहा है। यहां के लोगों का कहना है कि शायद ही कोई ऐसी गली होगी जो इनके द्वारा पाइप लाईन डालने के बाद महीनों तक खुदी ना पड़ी रहती हो। जब इनकी मरम्मत की जाती है तो सारी गलियों को उबड़ खाबड़ कर दिया जाता है। यह लोग एक गली खोदकर डाल कर फिर महीनों तक गायब हो जाते है। ऐसे में लोगों को घर के बाहर वाहन खड़े करने और आवागमन में दिक्कत हो रही है।



वार्ड नंबर 4 कृष्णा विहार कॉलोनी में खुदी पड़ी सड़क।

इस मामले में एक्सईएन, जल निगम ग्रामीण रामकुमार ने बताया कि ज्वालानगर क्षेत्र हमारी सीमा में नहीं आता है, हमारे यहां सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डाली जाती है।

कॉलोनी में पाइपलाइन डालने के लिए सड़क को खोदकर ऐसी ही छोड़ दिया गया है जिससे दिन ब दिन हादसे हो रहे हैं। – **रेशू सिंह**



कॉलोनी के समस्या के लिए कई बार संबंधित अधिकारियों को बताया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी समाधान नहीं हो रहा है।– **सुनील यादव**



कॉलोनी की कोई ऐसी सड़क नहीं है जिसे पाइपलाइन के लिए खोदकर छोड़ा न हो। आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। –**अनुभव सागर**



गली को खोदकर ठेकेदार द्वारा छोड़ दिया गया है जब पाइपलाइन के लिए सड़क को खोदा गया है तो इसे सही कराएं। – **विभोर शुक्ला।**



मुख्यमंत्री के आदेशों का भी नहीं हो रहा पालन

प्रदेश सरकार जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों को लेकर सख्त है। संबंधित अधिकारियों से साफ तौर पर कह दिया गया है कि खुदाई के बाद सड़कों और गड्ढों को भरकर एकदम समतल कराया जाए। लेकिन इसके बाद जल निगम के अधिकारी आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं।

डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों का नहीं हो पा रहा इलाज:नितीश



सीएमओ को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर पदाधिकारी एकत्रित हुए। उसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिलने पर ज्ञापन सीएमओ को सौंपा। इस अवसर पर संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि जिला चिकित्सालय में हार्ट के डॉक्टर, न्यूरो सर्जन ,लिवर, किडनी आंख नाक कान गले के डॉक्टर, जनरल फिजिशियन आदि डॉक्टर के न होने से जनता का इलाज नहीं हो पा रहा है।

गरीब जनता तड़प तड़प कर पूरे जनपद में जगह-जगह धक्के खाने को मजबूर है। साथ ही एमआरआई मशीन को भी अति शीघ्र शुरू कराया जाना आवश्यक है। क्योंकि जिला चिकित्सालय में एमआरआई मशीन शुरू न होने से गरीब जनता को व्यापारी समाज को मुरादाबाद जाकर 6000 में एमआरआई करानी पड़ रही है। जनपद में कारोबार की अर्थव्यवस्था दयनीय हैं जिसकी वजह से जिले की अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर है जिसकी वजह से जिला चिकित्सालय में आम जनता को पूर्ण इलाज मिलना आवश्यक है। इस अवसर पर गोपाल शर्मा, प्रवीण गुर्जर ,अलीम खान, हरिओम सैनी ,शाहिद खुसरो, अलाउद्दीन ,शमशीर अहमद, विष्णु सैनी, शाहिद खुसरो आदि व्यापारी का पदाधिकारी मौजूद रहे।

सार संक्षेप

राजकुमार के निधन पर नवेद मियां ने शोक जताया

रामपुर। कर्नाटक की ऐतिहासिक संदूर रियासत के शाही घोरपड़े मराठा राजवंश के राजकुमार श्रीमंत कार्तिकेय राजे मुरारीराव घोरपड़े के निधन पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने शोक व्यक्त किया है। उनका निधन 09 जून 2026 को सुबह 5 :30 बजे बैंगलोर में हुआ है। नवेद मियां ने उनकी पत्नी अंबिका घोरपड़े और बेटी कृतिका घोरपड़े भंसाली के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।नवेद मियां ने बताया कि राजकुमार श्रीमंत कार्तिकेय राजे मुरारीराव घोरपड़े महान मराठा सेनापति संताजी घोरपड़े के वंशज हैं। कार्तिकेय राजे का परिवार संदूर पैलेस और कर्नाटक के बेल्लारी जिले में स्थित संदूर रियासत के शाही इतिहास से जुड़ा हुआ है।उन्होंने बताया कि संदूर रियासत की स्थापना और विकास में इनके पूर्वज मुरारी राव घोरपड़े की बड़ी भूमिका थी, जो 18वीं शताब्दी के एक पराक्रमी मराठा रणनीतिकार और सेनापति थे। आधुनिक समय में यह परिवार अपने शाही रीति-रिवाजों,संदूर की पारंपरिक धरोहर और सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाना जाता है।



राजकुमार श्रीमंत कार्तिकेय राजे मुरारीराव घोरपड़े के साथ पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां का फाइल फोटो।



शाहबाद के मंगोली में छत पर चढ़ा सांड। –जागरण मोर्चा

छत पर चढ़ा सांड, मची अफरा तफरी

शाहबाद। बुधवार सुबह नगर के मोहल्ला मंगोली में एक अजीब मामला सामने आया, जहां एक सांड मकान के जीने की सीढ़ियों पर चढ़ता हुए मकान की छत पर जा पहुंचा। सांड को उतरने में पुलिस और लोगों को कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। सांड कई घरों की छतो पर दौड़ लगाता रहा। गौ रक्षा सेवा समिति के युवा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल ने पुलिस कर्मियों और लोगों की मदद से सांड को सुरक्षित नीचे उतरवाया। प्रकाश, शांति प्रसाद आदि रहे।

टक्कर मारने में पिकअप चालक पर रिपोर्ट दर्ज

शाहबाद। थाना क्षेत्र के ढकिया गांव के पास मंगलवार को पिकअप की टक्कर लगने से ई रिक्शा में सवार दो सगे भाइयों की मौत के बाद मासूम बच्चों के पिता खुशी खां ने कोतवाली में तहरीर देकर ई-रिक्शा पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बदायूं जनपद के फैजगंज बेहटा थाना अंतर्गत पिसनहारी गांव निवासी खुशी खान के अनुसार वह अपनी पत्नी शकीना, 15 वर्षीय बेटी अरमाना, 13 वर्षीय पुत्र नावेद और 8 वर्षीय पुत्र आबिद के साथ शाहबाद क्षेत्र के नंदगांव में अपनी ससुराल किसी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। 9 जून की सुबह लगभग 7 बजे नंदगांव निवासी मुनाजिर के रिक्शा से वह अपने परिवार के साथ अपने गांव जा रहे थे। ढकिया से एक किलोमीटर आगे निकलने के बाद ईंट भट्टे के सामने आसफपुर की ओर से क्षमता से अधिक गेहूं भरकर ला रही पिकअप ने उनकी ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा खाई में पलट कर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं शकीना, अरमान, नावेद और आबिद भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के माध्यम से चारों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके दोनों बेटे नावेद और आबिद को मृत घोषित कर दिया, जबकि बेटी अरमाना को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिय था। जहां उसका अभी तक इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अपनी आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

सच्ची लगन से ईश्वर को भी पाया जा सकता: अमन उद्धव

रामपुर। बॉम्बे पैलेस होटल में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। कथा व्यास अमन उद्धव महाराज ने ध्रुव चरित्र और भगवान वामन के दिव्य अवतार की कथाओं का मार्मिक वर्णन किया। कथा व्यास ने बालक ध्रुव की दृढ़ भक्ति का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सच्ची लगन से ईश्वर को भी पाया जा सकता है। इसके बाद, राजा बलि के अहंकार को दूर करने के लिए भगवान विष्णु द्वारा धारण किए गए वामन अवतार की कथा सुनाई गई। तीन पग भूमि के इस अलौकिक प्रसंग को सुन पूरा पंडाल जय श्री हरि के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। महाराज जी ने समझाया कि भगवान केवल भाव के भूखे हैं। सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे।आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में सोनम गुप्ता, पलाश गुप्ता, डेजी गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, पूनम गुप्ता और कृष्ण गुप्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही राजेंद्र कुमार सराफ, राजीव अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, रुचि वैश्य, राजीव गुप्ता, पवन गुप्ता, प्रांशु वैश्य, विशेष वैश्य, काव्यांश गुप्ता, अमोल गुप्ता, आंचल गुप्ता, मंजू गुप्ता, बीना गुप्ता, सिद्धिका, अदिति, जितेंद्र गुप्ता और दीपक गुप्ता आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित रहे।आयोजन समिति ने सभी भक्तों से प्रतिदिन शाम 5 बजे से कथा में सम्मिलित होने की अपील की है।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में रामपुर ने लहराया परचम

रामपुर। जनपद ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की मई 2026 की रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर विकास एवं राजस्व कार्यों में शीर्ष स्थानों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। जारी रैंकिंग के अनुसार जिले को विकास कार्यों से संबंधित श्रेणी में 10 में से 9 .30 अंक प्राप्त हुए हैं। विकास एवं राजस्व कार्यों से संबंधित संयुक्त मूल्यांकन में ने प्रदेश में पांचवें स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्राप्त यह उत्कृष्ट रैंकिंग शासन की मंशानुसार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन,जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा विभागीय कार्यों की सतत मॉनिटरिंग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विकासपरक योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़ी योजनाओं एवं सेवाओं में गुणवत्ता बनाए रखते हुए शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों में और तेजी लाई जाए ताकि आगामी रैंकिंग में भी जनपद अपनी श्रेष्ठ स्थिति बनाए रख सके। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदेश सरकार विभिन्न विभागों के विकास, राजस्व एवं जनकल्याणकारी कार्यों की नियमित समीक्षा करती है।

मायावती का पुतला फूंकने में कोर्ट पहुंचे पूर्व पालिकाध्यक्ष

रामपुर। बसपा सरकार में नगर पालिका के गेट पर पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां चेयरमैन सहित काफी लोगों ने मायावती का पुतले को आग के हवाले कर दिया था। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना करते हुए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। बुधवार को पूर्व पालिका चेयरमैन अजहर खां कोर्ट में पेश हुए। अब इस मामले में 8 जुलाई को सुनवाई होगी। इसके अलावा किले के अंदर सपा शासनकाल में मार्केट बनवाई थी।जिसमें अजहर खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। जिसकी सुनवाई बुधवार को कोर्ट में हुई। अब इस मामले में 16 जुलाई को सुनवाई होगी। इसके अलावा जिला कारागार में बंद सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम से बुधवार को अधिवक्ता सतनाम सिंह मट्टू और कासिफ सरवर खां मिलने पहुंचे। जहां मुकदमों को लेकर चर्चा हुई।

बिजली विभाग के खिलाफ फूटा गुस्सा

- **25 से अधिक कनेक्शन धारक परेशान, खुले तारों से हादसे की आशंका**

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वार। तहसील क्षेत्र के ग्राम मीरापुर मीरगंज में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा खुलकर सामने आया। विभाग द्वारा गांव में पहले से स्थापित ट्रांसफार्मर को हटाकर करीब 500 मीटर दूर रख दिए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने एकजुट होकर हाथ उठाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गांव में दोबारा ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया, तो वे तहसील मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के भीतर पहले ट्रांसफार्मर सही जग ह पर मौजूद था, जिससे आसपास के घरों को सुचारु रूप से बिजली मिल रही थी लेकिन कुछ समय पहले विभाग ने बिना किसी ठोस वजह के इसे आबादी से 500 मीटर दूर शिफ्ट कर दिया। इस मनमानी के चलते करीब 25 बिजली कनेक्शनधारकों को इतनी लंबी दूरी से तार खींचकर अपने घरों तक बिजली पहुंचानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबी दूरी से खींचकर लाए गए खुले और जर्जर तारों के कारण इलाके में हमेशा बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। सबसे बड़ा खतरा आंधी और बरसात के मौसम में है, जब इन लटकते तारों की वजह से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की गई, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। प्रदर्शन करने वालों में सलीम पधान, अमर पधान, जुनैद, जावेद, शाहजाद, हबीब, शमशाद, इरशाद, भूरा, शरीफ, शाहिद, अकबर अली, मन्नवर अली सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किए जाने के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

12 वर्ष पूरे होने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल और ऐतिहासिक 12 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। देश के इतिहास में सर्वाधिक समय तक लगातार चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर देश की सेवा करने की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बुधवार को स्वार नगर मंडल के रुस्तम नगर स्थित छपर्रा शिव मंदिर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यहां स्वच्छता अभियान चलाया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने कहा कि आज भारत नई सोच, नई शक्ति और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश के 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास, समर्थन और 'विकसित भारत' के साझा सपने की जीत है। कार्यक्रम के समापन पर स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार क्षेत्र के सभी सेक्टरों और बूथों पर वृक्षारोपण, जनसंपर्क और स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से जुटा हुआ है।इस अवसर पर अमित सक्सेना, हरि सिंह लोधी, स्वरूप सिंह, विनोद, हरीश मौर्य, छत्रपाल, सतपाल, ब्रजकिशोर, देवेंद्र नाथ गोस्वामी सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मंदिर में पूजा अर्चना करते मुख्य अतिथि एवं अन्य। –जागरण मोर्चा

विधायक ने किया शाहबाद क्षेत्र का दौरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह ने बुधवार को शाहबाद क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान थाना क्षेत्र के भूड़ासी गांव में नवनिर्मित अंत्येष्टि स्थल का लोकार्पण कर ग्रामीणों को संबोधित भी किया। गांव वासियों ने विधायक राजबाला सिंह का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। भूड़ासी गांव के कार्यक्रम के बाद विधायक राजबाला सिंह शहर के प्राचीन शिवमन्दिर पहुंची और मंदिर परिसर में वृक्षारोपण करते हुए परिसर की साफ सफाई भी की। मंदिर से विधायक का काफ़िला नगर के मैन मार्केट पहुंचा, जहां उन्होंने रस्तोगी परिवार में हुई दुखद घटना पर शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदनाएं प्रकट की। इसी के साथ महिलाओं और व्यापारियों से जनसंपर्क कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।बजरंग चौक स्थित व्यापार मण्डल के नगराध्यक्ष मुकेश चंद गुप्ता के आवास पर महिलाओं ने क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विधायक पति दिलीप लोधी, वरिष्ठ बीजेपी नेता सुरेश बाबू गुप्ता, केपी सिंह, गन्ना समिति के चेयरमैन विवेक पांडे, उमेश रस्तोगी, मुकेश चंद गुप्ता, नरेंद्र ठाकुर, रेनू श्रीवास्तव, माधुरी सक्सेना, राम सुमरन पाराशरी, राकेश प्रधान, शोभित शर्मा, मनीष शर्मा, अनुभव शर्मा, अर्पित वशिष्ठ, गंगाराम लोधी आदि रहे।



व्यापार मण्डल के नगराध्यक्ष मुकेश चंद गुप्ता के आवास पर पहुंची क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह और उनके पति दिलीप लोधी। –जागरण मोर्चा

क्लब फुट कोई ऐसी लाइलाज बीमारी नहीं: आरके वर्मा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। जिला अस्पताल में क्लब फुट से ग्रसित नवजात शिशुओं को वर्ल्ड क्लब फुट डे के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आरके वर्मा ने अनुष्का फाउंडेशन के तहत फुट ब्रेस वितरित किए। ग्रसित बच्चों के माता पिता को जागरूक किया गया कि क्लब फुट कोई ऐसी लाइलाज बीमारी नहीं है समय रहते इसका इलाज पूर्णतया संभव है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बिल्कुल मुफ्त में जिला अस्पताल के कमरा नंबर 21 में प्रत्येक बुधवार में किया जा रहा है। यह भी बताया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के क्लब फुट से ग्रसित 49 बच्चों का इलाज मुफ्त में किया गया है। इस अवसर पर आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. लखवीर सिंह, आरकेएसके सलाहकार मोहम्मद उवेस, अनुष्का फाउंडेशन से सबाहत अली, प्रोग्राम कोर्डिनेटर क्लब फुट से ग्रसित नवजात शिशुओं के माता पिता मौजूद रहे।



नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के टांडा निवासी एक महिला ने तहरीर देकर उसकी नाबालिग पुत्री को भगाकर ले जाने वाले गांव के ही एक युवक सचिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला के अनुसार उसके पति की मृत्यु हो चुकी है वह अपनी बेटी व अन्य बच्चों के साथ गांव में रहकर जीवन यापन कर रही है।

महिला का आरोप है कि गांव का ही सचिन उसकी 15 वर्षीय बेटी को कई बार बहला फुसलाकर भगाकर ले गया था। गांव के लोगों द्वारा दोनों को समझाया गया और बेटी को वापस बुला लिया गया था। महिला का आरोप है कि कुछ दिनों से वह युवक सचिन उसकी बेटी को लगातार धमकाते हुए उसके साथ भाग जाने के लिए उकसाता रहा और अपनी मां और संजय के सहयोग से उसे कुछ दिन पूर्व भगाकर ले गया।महिला का यह भी आरोप है कि शिकायत करने पर सचिन की मां, संजय और चार अज्ञात लोग उसके घर आए और बेटी को तलाश न करके कहीं शिकायत भी न करने की धमकी देकर वहां से चले गए। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट के आधार पर सचिन, उसकी मां विमला और संजय के साथ चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अपनी आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कार्यक्रम 26 वां श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बाबा के भजनों रात भर झूमे भक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। श्री श्याम भक्त परिवार के तत्वावधान में मंगलवार को 26 वां श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान देर तक भक्त बाबा के भजनों पर झूमते रहे। आस पास के कई जिलों से भक्त भजन सुनने के लिए पहुंचे।

आदर्श रामलीला मैदान सिविल लाइंस आदर्श कालोनी में संकीर्तन महोत्सव में श्रद्धालुओं ने बाबा की ज्योत जगाई। श्रद्धालुओं को भजन गायकों ने अपनी आवाज से भाव विभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने पूरी रात भजनों की गंगा में डुबकी लगाई। बाबा के भजनों पर नृत्य भी करते रहे। पंडित अंकुर शर्मा ने मंत्रोच्चारण के बाबा की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में श्रीधाम वृन्दावन धाम से पधारी ब्रज रस अनुरागी साध्वी पूर्णिमा दीदी ने समां बांध दिया।

बाबा के सानिध्य में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर पंडाल को ताली बजाने को मजबूर कर दिया। कोलकाता से आए प्रख्यात भजन गायक सौरभ शर्मा, जयपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक नामा बाबा को रिझाया इस गुणगान महोत्सव में बाबा का अलौकिक श्रृंगार, दरबार, अखंड ज्योति,56 भोग श्रद्धालुओं के लिए श्याम रसोई (भंडरा) का भव्य रुप से आयोजन किया।पूरे दरबार में इत्र की वर्षा और फूलों की वर्षा होती रहीं। बाबा को 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। सुबह को बाबा की आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को 56 भोग का प्रसाद दिया गया इस भव्य संकीर्तन महोत्सव के आयोजक श्री श्याम भक्त परिवार एवं श्री श्याम भक्त समितिके पदाधिकारी मौजूद रहे।



श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के मौके पर पूजा अर्चना करते पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला व निराश्रित महिला पेंशन योजना में संभल बना नंबर- वन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

संभल। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते जनपद संभल ने एक बार फिर प्रदेश में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की मई 2026 की रिपोर्ट के अनुसार जनपद संभल ने दोनों योजनाओं में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने बताया कि जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के कुशल निर्देशन में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के सफल संचालन के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में जनपद संभल ने अगस्त 2024 से लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवधि में कई बार प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ मई 2026 में पुनः प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया गया। इसी प्रकार निराश्रित महिला पेंशन योजना में भी जनपद ने मार्च 2025, अप्रैल 2025, मई 2025, जून 2025, मार्च 2026 तथा मई 2026 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठ कार्यप्रणाली का परिचय दिया है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर सभी संबंधित अधिकारियों, उपजिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।

सराहनीय:पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के लिए सराहनीय पहल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

बहजोई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान भीषण गर्मी से जूझ रहे अभ्यर्थियों को राहत पहुंचाने के लिए बहजोई स्थित हीरादेवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज में समाजसेवियों द्वारा विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया गया। परीक्षा देने के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से आए हजारों अभ्यर्थियों के लिए ठंडे पानी, शरबत एवं भोजन के रूप में खिचड़ी की निःशुल्क व्यवस्था की गई, जिसकी परीक्षार्थियों और उनके परिजनों ने जमकर सराहना की।

सेवा शिविर में पूरे दिन अभ्यर्थियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया, वहीं गर्मी से राहत देने के लिए ठंडा शरबत भी वितरित किया गया। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन के रूप में खिचड़ी प्रदान की गई, जिससे उन्हें काफी राहत मिली। आयोजनकर्ताओं का कहना था कि भीषण गर्मी के बीच परीक्षा देने आने वाले छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई।


परीक्षा केंद्र के बाहर खिचड़ी का लुत्फ उठाते अभ्यर्थी। -जागरण मोर्चा

अभ्यर्थियों ने बताया कि अनजान शहर में इस प्रकार की निःस्वार्थ सेवा उन्हें अपनत्व का एहसास कराती है और परीक्षा के तनाव के बीच बड़ी राहत देती है। स्थानीय लोगों ने भी इस सामाजिक पहल की प्रशंसा करते हुए इसे मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर उमंग गुरु जी, यश नंदन, अमित मोदी, यश कठेरिया, शिवम सिब्बू, राशू वार्ष्णेय, मंगल वार्ष्णेय, अंकित डिश सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे और व्यवस्था को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए इसी प्रकार के सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा और परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा।

परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया विस्तृत जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

सम्भल। उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इसी क्रम में जिलाधिकारी सम्भल अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी ने आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज सम्भल, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज सम्भल, हिन्द इंटर कॉलेज सम्भल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर



पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र पर जानकारी करते डीएम व एसपी।

अभ्यर्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, कंट्रोल रूम से की जा रही निगरानी, चेकिंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा पार्किंग व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों से परीक्षा संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए यह सुनिश्चित किया कि शासन एवं भर्ती बोर्ड द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगने देने, संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि भर्ती परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह व्यवस्थित और अनुशासित वातावरण में संपन्न कराई जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि, नकल कराने के प्रयास या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की गहन तलाशी, पहचान पत्रों का सत्यापन तथा प्रवेश द्वारों पर सघन जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी रखी गई, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे। जनपद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा भर्ती परीक्षा को निर्विघ्न एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और पूरी परीक्षा प्रक्रिया को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 1,801 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

सम्भल। जनपद में बुधवार को आयोजित उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती लिखित परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा जिले के 13 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में कुल 4,656 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3,788 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 918 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में भी 13 परीक्षा केंद्रों पर 4,656 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। इस पाली में 3,773 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 883 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 9,312 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 7,561 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया, जबकि 1,801 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न होने पर प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री मोदी की केंद्र सरकार को 12 वर्ष पूरे होने पर व्यापारियों ने वितरित की मिठाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार के विकास, विश्वास एवं जनकल्याण के सफलतम 12 वर्ष पूरे होने पर जश्न मनाया। व्यापारियों व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की निरंतर प्रगति की कामना की।

कार्यक्रम में नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने न केवल वैश्विक पटल पर भारत का मान बढ़ाया है, बल्कि देश के छोटे और बड़े व्यापारियों को एक सुरक्षित और मजबूत व्यापारिक माहौल भी दिया है। उनकी नीतियां देश के बुनियादी ढांचे और व्यापार


कार्यक्रम में खुशी व्यक्त करते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहा हैं।

नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सफल नेतृत्व में देश ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है तथा देश ने आर्थिक, आधारभूत संरचना, सुरक्षा एवं वैश्विक सम्मान के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। विकास, विश्वास एवं जनकल्याण के ये 12 वर्ष देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है और युवा व्यापार मंडल सदैव राष्ट्रहित एवं विकास की इस सोच के साथ खड़ा रहेगा। व्यापारियों व पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए देश की निरंतर उन्नति का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर डा. टीएस पाल, दीपक वार्ष्णेय, निशांत शर्मा, गोविंद वार्ष्णेय, अतुल कश्यप आदि मौजूद रहे।

सरकारी रेलवे क्वार्टर में बनाया जा रहा है खाना

जागरण मोर्चा, कार्यलय

चंदौसी। रेलवे स्टेशन पर बेचे जाने वाला खानपान की सामग्री रेलवे के सरकारी क्वार्ट्ज में बनाया जा रहा है ।

जहाँ गंदगी पसरी रहती है। यह दूषित खाना यात्रियों की सेहत के लिए हो सकता है नुकसान दायक। जबकि यह खानपान का सामग्री रेलवे स्टेशन से बाहर बनना चाहिए लेकिन यह क्वार्टर में सरकारी कर्मचारी रहने चाहिए, लेकिन रेलवे स्टेशन प्रशासन की मिली अधिकारियों से यह कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

कई वर्ष पूर्व रेलवे को आदेश दिया गया था प्लेटफार्म पर रसोई गैस, कोयला, उपले आदि न जलाकर खान-पान के रेलवे ने सभी खाद्य सामग्री रेलवे स्टेशन के बाहर तैयार की जाने के निर्देश दिए थे। स्थानीय वेंडर व ठेकेदारों मैं इसके बाद नया तरीका निकाला


रेलवे के सरकारी क्वार्ट्ज मे खाना तैयार करता कारीगर। -जागरण मोर्चा

रेलवे के क्वार्टर में स्टेशन पर बेचे जाने वाली खानपान की सामग्री बनाए जाने की जानकारी नहीं है। किसने इस काम के लिए क्वार्टर किराए पर दिए हैं। इसकी जांच कराई जाएगी। -राजू कुमार स्टेशन अधीक्षक रेलवे स्टेशन चंदौसी

उन्होंने प्लेटफार्म से कुछ दूर हटकर सरकारी क्वार्टर में खानपान का समान तैयार करना शुरू कर दिया। जिन क्वाटरों में रेलवे के कर्मचारियों को रहना चाहिए उसमें अब खान-पान का सामान तैयार करके प्लेटफार्म पर ट्रेनों में बेचा जाता है। बताया जा रहा है कि कर्मचारी अथवा रेलवे अधिकारी क्वार्टर ठेकेदार व बैंडर को किराए पर देते हैं। इन क्वार्टर में खाना बनाने वाले स्थान पर बुरी तरह से गंदगी पसरी रहती है।

खानपान का सामान नियमों को ताक पर रखकर तैयार किया जाता है। सोमवार की रात मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे तो वहां कर्मचारियों में हर काम मच गया। यह सब कार्य रेलवे स्टेशन प्रशासन की मिली भगत से किया जा रहा है ।

सार संक्षेप

भंड़ारे में दिखा भक्ति का भाव

चन्दौसी। वैसे तो भंडारा कभी भी किया जाए यह एक बहुत ही पुण्य का कार्य है, परंतु पुरुषोत्तम मास में भंडारा आयोजित करना या उसमें सहयोग देने का अत्यंत धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। इसे अन्न दान का सर्वोत्तम रूप माना जाता है। इसी को लेकर जनकल्याण सेवा समिति ने माल गोदाम रोड पर मोहन नक्षत्र के आवास पर एक भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को भंड़ारे शुरु हुआ, जो रात तक चलता रहा। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, भावना गुप्ता, आशा गोस्वामी, मीनू फैंसी, पूनम वार्ष्णेय, पूर्णिमा, सोनी रस्तोगी , सीमा फैंसी, कांता अदलखा, रेखा रस्तोगी,अंशू वार्ष्णेय, राजेश्वरी, रचना, शालिनी शर्मा,सीमा सिंह,अनामिका सिंह,आभा रानी,रिनी,सारिका, भावना सिंह, रजनी, अलका दिनेश चंद्र गुप्ता, मोहन नक्षत्र आदि का सहयोग रहा।



प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र पर 8 पत्रावली का निस्तारण, 5 परिवारों को मिलवाया

चन्दौसी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत के निर्देशन अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक बैठक बुधवार को नगर के परामर्श केंद्र गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र थाना अध्यक्ष डा. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जहां कुल 25 पत्रावली को सुना गया। जिसमें 8 पत्रावली का निस्तारण किया गया 5 परिवारों को समझा कर उनका पुनः घर बसाया गया। इसके साथ 1 पत्रावली पर विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई तथा 2 पत्रावली आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण व अन्य कारण से बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि आदि मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा सुन से ही मनुष्य का होता कल्याण

चन्दौसी। नगर के गौशाला रोड स्थित अनुष्का उत्सव हाल में प्रारंभ हुई श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस पर बरेली से पधारे कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर शिवानंद महाराज ने श्री मद्भागवत के बारे में बताया। भक्ति नारद संवाद एवं धुंधकारी के मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पापी से पापी मनुष्य भी यदि मरने के बाद प्रेत योनि में जाकर भी श्रीमद्भागवत की कथा सुन ले तो भी उसका कल्याण हो जाता है। कथा के दौरान सुंदर सुंदर भजन से प्रभु का गुणगान किया। जिसको सुनकर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। अंत में आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान हरीश कुमार शर्मा, संजय मिश्रा, अजय जैन, सुशील शर्मा, निपुण शर्मा, जतिन शर्मा मिंकू, गौरव बिट्टू, अभिषेक गुप्ता, कुमोदिनी शर्मा, नीता पाठक, उमा श्रीवास्तव, दुर्गा टंडन, सीमा शर्मा, पूनम तिवारी आदि मौजूद रहे!

व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी संबंधी समस्याओं का हुआ समाधान

चन्दौसी। राज्य कर विभाग खंड-02 के द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को नगर के जवाहर रोड बड़ा महादेव पर व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारियों, उद्यमियों एवं व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने जीएसटी से संबंधित विभिन्न समस्याओं, कर संबंधी जटिलताओं तथा व्यापार संचालन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रभारी उपायुक्त बब्बू यादव ने व्यापारियों को जीएसटी पोर्टल पर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया कर, अनुपालन एवं विभागीय प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं सहायक आयुक्त आशुतोष कुमार ने जीएसटी 2.0 के अंतर्गत लागू नए प्रावधानों, व्यापारी हितैषी सुधारों, ई-इनवायसिंग व्यवस्था, जीएसटी पंजीकरण, संशोधन प्रक्रिया, ई-वे बिल नियमों तथा मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। इस दौरान राज्य कर अधिकारी ओम शांति, राजीव कुमार, व्यापारी प्रेम ग्रोवर, उमेश चन्द्र, प्रमोद अग्रवाल, सुशील कुमार अग्रवाल, शाह आलम, एम.के. मिश्रा सहित आदि व्यापारी मौजूद रहे।

हत्या के मामले दो न्यायालय ने दो दोषी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

चन्दौसी। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर दो दोषियों को आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धनुपुरा निवासी पप्पू सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह ने तहरीर दी। उनका आरोप था कि वीरेंद्र सिंह पुत्र रघुवीर सिंह को 10 जून 2017 को गांव ब्रह्मपाल व सुनील घर से बुलाकर ले गए थे। जिसका शव दूसरे दिन 11 जून 2017 को खेत में शीशम के पेड़ पर लटका मिला था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 302 में मुकदमा पंजीकृत कर लिया और विवेचना शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय ने चार्जशीट दाखिल कर दी। उक्त मुकदमें की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना और दोनों आरोपियों को दोषी पाया। न्यायालय ब्रहमपाल व सुनील को आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सोमी अग्रवाल बने सपा के जिला सचिव

हसनपुर। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने नगर पंचायत सैदनगली निवासी सोमी अग्रवाल को जिला सचिव मनोनीत किया है। यह मनोनयन सपा जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव की संस्तुति पर किया गया है।पार्टी के वरिष्ठ नेता और जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी ने नवनियुक्त जिला सचिव सोमी अग्रवाल को मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व सहित अखिलेश यादव, कमाल अख्तर और संदीप गुर्जर का आभार व्यक्त किया।

क्लासीफाइड

सूचना

प्रार्थी ग्राम खुबिया नगला तहसील व थाना बिलासपुर जिला रामपुर का निवासी है। प्रार्थी की आराजी काश्त गाटा संख्या 128 रकबा 0.316 है0 का 2/5 भाग यानि 0.1264 हैक्टअर वाकै ग्राम मिलकखानम गदरपुर रोड तहसील स्वार जिला रामपुर जिसकी रजि0 वही नं0 1, जिल्द संख्या 2831 के पृष्ठ 137 से 166 तक क्रमांक 1524, दिनांक 28.02.2018 कार्यालय उप निबन्धक स्वार दर्ज है। व एक किता आराजी काश्त गाटा संख्या 46/4 रकबई 167.22 वर्ग मीटर वाकै ग्राम रामनगरिया तहसील बिलासपुर जिला रामपुर जिसकी रजि0 वही नं0 1, जिल्द 1326, पेज संख्या 207/224, नम्बर 1337 कार्यालय उप निबन्धक बिलासपुर दर्ज है। विदित हो कि मेरे उक्त दोनो मूल विक्रय पत्र दिनांक 27.05.2026 को बिलासपुर बाजार में कहीं गिर कर खो गये है जिनकी आज तक काफी तलाश किया लेकिन विक्रय पत्र नहीं मिल सके है।

प्रार्थी सतनाम सिंह पुत्र श्री कश्मीर सिंह, निवासी ग्राम खुबिया नगला, थाना बिलासपुर, जिला रामपुर।
मो0 9570212769

अनमोल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

- समर कैंप में किया गया प्रतियोगिता का आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

चन्दौसी। नगर के सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम स्थित सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी द्वारा चलाए जा रहे, समर कैंप की चतुर्थ दिन एक प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें लगभग 35 बच्चों ने भाग लिया।

सबरंग अन्नी द्वारा बच्चों को गर्मी के मौसम को देखते हुए आइसक्रीम का रंगो द्वारा भरे हुए चित्र का चित्रण कराया गया और निर्णायक मंडल द्वारा सभी बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र को रखकर प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को इनाम दिया गया। जिसमें प्रथम स्थान अनमोल, द्वितीय स्थान कुनाल व तृतीय स्थान


प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

गोविंद ने प्राप्त किया। विनेश शर्मा ने बच्चों को बताया कि हमें जिस तरीके से हम अपने घर को स्वच्छ रखने हैं इसी तरीके से हमें अपना शरीर और जहां पर भी हम आते और जाते हैं। वहां के वातावरण को भी सुरक्षित रखने के लिए कूड़ा करकट नहीं करना चाहिए, प्रमोद गांधी की तरफ से सभी बच्चों को गिफ्ट दिए गए। इस दौरान राजीव, रोशन शर्मा, विनय शर्मा, हीरालाल, ज्ञान प्रकाश चिंटू, पारुल,मनोज, छुट्टन,प्रफुल्ल अग्रवाल, योगेंद्र, रतन, गोपाल, मुकेश थैली, कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय, इंद्रपाल वार्ष्णेय आदि का सहयोग रहा।

छापेमारी | निरीक्षण में मिलीं गंभीर अनियमितताएं, मेडिकल स्टोर तत्काल प्रभाव से सील

संभल फार्मेसी पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

संभल। नगर मजिस्ट्रेट एवं दवा निरीक्षक जयेंद्र कुमार द्वारा चौधरी सराय स्थित संभल फार्मेसी का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मेडिकल स्टोर में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए मेडिकल स्टोर को तत्काल प्रभाव से बंद कर सील कर दिया।

निरीक्षण में पाया गया कि संभल फार्मेसी, जिसका स्वामित्व नर्गिस बी के नाम पर है तथा जिसके लाइसेंस संख्या UP3821B000758 एवं UP3820800761 हैं, वहां दवा विक्रय एवं भंडारण संबंधी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। अधिकारियों को जांच के दौरान


संभल फार्मेसी पर अभिलेख चेक करती टीम। -जागरण मोर्चा

योग्य व्यक्ति (कम्पीटेंट पर्सन) अनुपस्थित मिला। इसके अलावा एक्सपायरी दवाएं अन्य दवाओं के साथ रखी हुई पाई गईं, जो मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकती हैं।

जांच में यह भी सामने आया कि मेडिकल स्टोर से विक्रय बिल जारी नहीं किए जा रहे थे, जबकि क्रय बिलों का नियमानुसार संरक्षण नहीं किया गया था। अधिकारियों के मांगने पर संबंधित खरीद बिल भी मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके। नगर मजिस्ट्रेट एवं दवा निरीक्षक ने बताया कि दवा कारोबार से जुड़े नियमों की अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए मेडिकल स्टोर को बंद कराया गया है। मामले में आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

प्रशासन ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि दवा विक्रय, भंडारण एवं अभिलेखों के रखरखाव संबंधी नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

टीएमयू डेंटल स्टुडेंट्स बोले, जन-जन का यही पैगाम, नशा मुक्त हो हिंदुस्तान

- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से डेंटल स्टुडेंट्स ने केंद्र सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न प्रोग्राम्स के जरिए हजारों लोगो को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से डेंटल स्टुडेंट्स ने केंद्र सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कैंपस में रैली निकालकर जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर स्टुडेंट्स ने जन-जन का यही पैगाम, नशा मुक्त हो हिंदुस्तान... एक कदम स्वास्थ्य की ओर..., एक कदम नशा मुक्ति की ओर..., नशा त्यागो, भविष्य संवारो... सरीखे स्लोगन्स के जरिए नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

रैली डेंटल कॉलेज से प्रारम्भ होकर इंडोर स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज, क्लॉक टावर, नर्सिंग कॉलेज होते हुए डेंटल कॉलेज पर ही समाप्त हुई। कार्यक्रम का आयोजन नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत हुआ।

इस पखवाड़े के तहत टीएमयू डेंटल कॉलेज की ओर से नशा मुक्ति अवेयरनेस कैंप, नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्म प्रदर्शन, नशा मुक्ति शपथ, जागरूकता रैली आदि प्रोग्राम्स किए जा चुके हैं। इस मौके पर डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगडे, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के प्रो. विकास सिंह, ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के एचओडी प्रो. सिवान सतीश, डॉ. जैनुल आबेदीन, पोस्टग्रेजुएट्स स्टुडेंट्स डॉ. स्वयं सौरव त्रिपाठी, डॉ. तूलिका सक्सेना, डॉ. महनाज़ फातिमा, इंटर्न्स-सिद्धार्थ गोयल, साक्षी झा, साक्षी जायसवाल, ऋषभ गुप्ता, शीबा नाज़, सबाहत सिद्दीकी के संग-संग बीडीएस तृतीय और चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

टीएमयू डेंटल कॉलेज में टोबेको काउंसलिंग सेंटर भी

तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर नशा मुक्ति को लेकर बेहद संजीदा है। इसके लिए कॉलेज में टोबेको काउंसलिंग सेंटर- टीसीसी भी है। इसमें ऑडियो-विजुअल्स की मदद से तंबाकू के भयावह नतीजों, इसके उपचार और बचाव के तौर-तरीके बताए जाते हैं। वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन बताती हैं, मुंह की प्रारम्भिक जांच में ही मुहं के छालों, लाल-सफेद धब्बों और बदबू आती है तो यह निश्चित हो जाता है कि पेशेंट तम्बाकू का सेवन करता है। ऐसे पेशेंट को काउंसलिंग लेने की सलाह दी जाती है, ताकि वह तंबाकू सेवन से बच सके। वैसे तो हॉस्पिटल में आने वाले सभी पेशेंट्स से यह आग्रह किया जाता है, तंबाकू का सेवन न करें, लेकिन तंबाकू सेवन करने वाले पेशेंट्स को विशेष काउंसिल दी जाती है। प्रारम्भिक जांच से लेकर काउंसलिंग तक सभी निशुल्क है।

सार संक्षेप



थाना सैद नगली पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए। -जागरण मोर्चा

मांस से लदी आर्टिका गाड़ी के मामले में कार स्वामी व एक अज्ञात मात्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने से भड़का किसान संघ

हसनपुर। मंगलवार को सुबह के समय भदौरा के जंगल में मांस लदी लावारिश आर्टिका गाड़ी को सैदनगली पुलिस द्वारा थाने ले जाकर एक नामजद एवं एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। जबकि प्रत्यक्ष दर्शी किसान का कहना है कि यही गाड़ी फसने से 20 मिनट पहले जंगल की ओर बिना लाइट जलाए तेजी से गई थी। फिर 20 मिनट बाद तेजी से ही वापस आते समय गीले खेत में पहिया उतरने से फंस गई। इसका मतलब गाड़ी में मांस रखने वाला गैंग पहले से ही गाड़ी के इंतजार में था और गाड़ी आने पर मांस उसमें लाद दिया होगा। दो व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई होने से शेष सक्रिय अपराधी कार्यवाही से बचा दिए गए। जिसे लेकर भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र वासियों में भारी रोष है। तहसील हसनपुर क्षेत्र के ग्राम खरसौली में भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने शेष गैंग का खुलासा कर कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने चेताया कि अगले 24 घंटे में खुलासा कर शेष गैंग के विरुद्ध कार्रवाई न होने की स्थिति में एवं अन्य मामलों को लेकर दिनांक 11 जून को 11 बजे से उपजिलाधिकारी एवं सीओ कार्यालय पर क्षेत्र वासियों को साथ लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर सुनील कुमार सैनी, कृष्ण कुमार शर्मा, चंद्रपाल सैनी, बुद्धप्रकाश, गजेंद्र सिंह, सोमपाल सिंह, परम सिंह, भरतराम, संजय सिंह जसवीर सिंह, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रतिभा हत्याकांड मैं आया नया मोड़, मृतका के परिजनों पर तोड़ फोड़

हसनपुर। गर्भवती प्रतिभा हत्याकांड में आया नया मोड़, हल्का दरोगा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मृतका के 22 परिजनों एवं 60 अज्ञात के खिलाफ आगजनी, तोड़फोड़ एवं जाम संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जिससे मृतका के परिजनों में भारी रोष व्याप्त है।दो जून की रात कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला में 24 वर्षीया प्रतिभा उर्फ पिंकी का शव घर के बाहर चारपाई पर पड़ा मिला था। मायके पक्ष का आरोप था कि गर्भपात कराने से इनकार करने और दहेज की मांग को लेकर प्रतिभा की पिटाई करने के बाद गला दबाकर हत्या की गई थी। ससुराल वाले भ्रूण लिंग परीक्षण के बाद उस पर गर्भपात का दबाव बना रहे थे।इस वारदात के बाद गुस्साए मृतका के मायके वालों नेअलीगढ़ मार्ग पर भारी हंगामा करते हुए जाम लगाया था, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। कोतवाली में तैनात हल्का दरोगा सुभाष बालियान की तहरीर पर पुलिस द्वारा मृतका के पिता शीशपाल, मां फूलवती, भाई अजय सोनू आकाश, चाचा सुनील, चाची भावना, लाखन,अजय,प्रेमपाल,हरकली, प्रदीप,शिवानी, सतवीर,संजना,रामेश्वर,सोबित, मेघ सिंह,मनोज, राकेश,जयवीर,मिंटू सहित 50 से 60 अज्ञात महिला एवं पुरुषों के खिलाफ आगजनी, तोड़फोड़ एवं मार्ग अवरुद्ध करने की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, दो अन्य घायल

चन्दौसी। थाना बनियाठेर क्षेत्र के संभल मार्ग पर गांव जनेटा के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। युवक अपने भाई की शादी में शामिल होने जा रहा था। जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। हादसे के बाद शादी की खुशियां गम में तब्दील हो गई। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव जनेटा निवासी जाकिर के बड़े पुत्र आमिर की बारात बुधवार की दोपहर दो बजे जनपद बदायूं थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव चंदोई के लिए बस से रवाना हुई थी। बारात में शामिल होने के लिए छोटा पुत्र मोनिस (21) अपने गांव के ही दोस्त विलाल व अनस के साथ बाइक से निकला था। जैसे ही वह संभल मार्ग से चन्दौसी की ओर से बढ़े तो सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने पहले कार को टक्कर मार दी और कुछ आगे बढ़ते ही ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

चोरी के मोबाइल के साथ वांछित बदमाश दबोचा

हसनपुर। कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर को चोरी के मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पिछले काफी समय से चोरी के एक मुकदमे में वांछित चल रहा था, जिसकी पुलिस को तलाश थी। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने मोहल्ला बंजारन में बुधवार को दबिश देकर जाहिद पुत्र अकबर को धर दबोचा। अमरोहा पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जाहिद के कब्जे से चोरी का एक कीमती 'वीवो वाई-200 प्रो 5जी' मोबाइल फोन बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत था। पुलिस ने लिखा पढ़ी व आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

किराए के मकान में महिला की संदिग्ध मौत, निकाह वाले दिन मिला खून से लथपथ शव

सूचना पर पहुंची सैदनगली पुलिस और फिंगर एक्सपर्ट टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए

जागरण मोर्चा कार्यालय



जानकारी करते हुए पुलिस अधीक्षक व इनसेट में मृतका का फाइल फोटो।

हसनपुर। थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी में बुधवार सुबह एक 40 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ मिला।

मृतका की पहचान संभल के मोहल्ला कोटगर्वी निवासी आयशा अंसारी पत्नी स्वर्गीय रईस 40 वर्षीय के रूप में हुई है, जो उझारी बस स्टैंड स्थित गुड्डू वारसी पुत्र सगीर के मकान में किराए पर रहती थी। मृतका के बेटे साहिल ने बताया कि बुधवार को उसकी मां का निकाह संभल निवासी परवेज से होना था। मंगलवार शाम परवेज घर आया था। रात में आयशा और परवेज अंदर सोए थे, जबकि चारों बच्चे- फायजा 18, साहिल 16, रिहान 14 और एहसान 8 बाहर सो रहे थे। सुबह बच्चों ने मां का शव देखा, जबकि आरोपी परवेज गायब था। सूचना पर पहुंची सैदनगली पुलिस और फिंगर एक्सपर्ट टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय प्रताप सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी परवेज की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार



हत्या के मामले में आरोपी पुलिस की पकड़ में।

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गर्भवती विवाहिता की हत्या के बाद उसके पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में नाम दर्ज आरोपी मृतका के जेठ को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। दो जून की रात 24 वर्षीया प्रतिभा उर्फ पिंकी का शव घर के बाहर चारपाई पर पड़ा मिला था। मायके पक्ष का आरोप है कि गर्भपात कराने से इनकार करने और दहेज की मांग को लेकर प्रतिभा की गला दबाकर हत्या की गई थी। ससुराल वाले भ्रूण लिंग परीक्षण के बाद उस पर गर्भपात का दबाव बना रहे थे।इस वारदात के बाद अलीगढ़ मार्ग पर भारी हंगामा और जाम लगाया गया था, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। पांच जून को पुलिस के द्वारा आरोपी पति एवं सुसर को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में मृतका की सास को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी धर्मेंद्र की गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

डिजिटल रजिस्ट्री योजना का तहसील बार एसोसिएशन ने किया विरोध

हसनपुर। तहसील बार एसोसिएशन के बार महासचिव बृज किशोर एडवोकेट ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि तहसील बार एसोसिएशन की एक आम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की डिजिटल रजिस्ट्री करने की योजना के विरोध में 11 जून से अग्रिम आदेशों तक रजिस्ट्री बैनामा/दस्तावेज आदि पंजीकरण का कार्य पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

कोई भी अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक एवं मुंशी बांधुओ से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त कोई भी पंजीकरण का कार्य न करें। अगर कोई भी एसोसिएशन के निर्णय के विरोध में कार्य करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को कार्रवाई हेतु पत्र लिखा जाएगा तथा 21 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी वसूला जाएगा।

नेत्रदान से तमसो मा ज्योतिर्गमय का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुरादाबाद। विश्व नेत्रदान दिवस पर सी एल गुप्ता आई बैंक की ओर से ही एल गुप्ता आई हास्पिटल में विश्व नेत्रदान दिवस मनाया गया। इस अवसर वर्क फाउंडेशन के संस्थापक सैय्यद अब्दुल्ला तारिक मुख्य अतिथि और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक डा मजाहिर खां विशिष्ट अतिथि के रुप में रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा आशी खुराना संजीव वर्मा जैनुल आबेदीन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर नेत्रदान प्रोत्साहन नाटिका प्रस्तुत की गयी।

इस अवसर पर आर्य समाज की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रमेश आर्य ने बताया कि नेत्र जीव के लिये अमूल्य धरोहर है, परमपिता परमात्मा का यह अमूल्य उपहार है । नेत्र जगत की सुंदरता का सजीव चित्रण दर्शाता है। नेत्र के बिना दुनिया अशब्दीय प्रतीत होती है। अंधता जीवन के लिए अभिषाप है। बिना नेत्र के जीवन सूना है। ऐसे सूनेपन जीवन में ज्योति लाने का संकल्प मुरादाबाद में सी एल गुप्ता आई बैंक द्वारा करके तमसो मा ज्योतिर्गमय की भावना को पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर डा मजाहिर खां और सैय्यद अब्दुल्ला तारिक ने नेत्रदान को महादान के साथ- साथ बड़ा परोपकार है, बड़ी कल्याणकारी त्यागमय भावना बताया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज भी समाज का भाग है, वह भी समाजिक प्राणी है, हर परोपकार में मुस्लिम समाज को भी आगे आना होगा। जब मुस्लिम समाज का व्यक्ति नेत्र ग्रहण कर सकता है तो उसे दान भी करने की कल्याणकारी योजना में सम्मिलित होना चाहिए।

देश से अंधता को दूर करने का हम सबका दायित्व है कि हम नेत्रदान का संकल्प लें और कोई भी नेत्र जिंदा न जले, जिंदा न दफनाई जाये। कार्यक्रम के अंत में नेत्रदान महादान करने और कराने के प्रण लेने के साथ देश से अंधता दूर का का संकल्प लिया।इस अवसर पर सरदार गुरुविंदर सिंह संजीव वर्मा,रवि टंडन,संजय नारंग संदीप खन्ना, कपिल कुमार,पूजा राना, मनोज कुमार, डा जी कुमार धवल दीक्षित, आर के सैनी,डा महजबी परवीन, प्रिंस विनोद कुमार मतलूब अली खान,नीतू सक्सेना, सर्वेश शर्मा राजन विशाल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

बुलंदशहर के गंगा घाट पर डूबे डाकेवाली के दो युवकों में से एक का शव बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



गंगा में डूबे मृतक मनोज के शव को देखती भीड़ व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो।

हसनपुर। आधा दर्जन से अधिक युवकों के साथ गंगा नहाने गए दो युवकों के गंगा में डूबने से परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार के दोपहर कोतवाली क्षेत्र के गांव डाकेवाली डगरोली निवासी 20 वर्षीय मनोज पुत्र हरपाल वह जगपाल पुत्र छत्तर 18 वर्षीय गांव के ही अपने 6 दोस्तों के साथ बाइक से गंगा नहाने के लिए गंगानगर के पुल पर गए।जहां उन्हें नहाने के लिए घाट नहीं मिला तो सभी युवक बुलंदशहर जिले के भगवानपुर गांव के निकट स्थित गंगा घाट पर नहाने लगे,इसी दौरान मनोज व जसपाल गहरे पानी में चले गए,गहरे पानी में जाते ही दोनों डूब गए।दोस्तों के द्वारा शोर मचाने पर जब तक लोग इकट्ठा होते तब तक दोनों युवक गंगा के गहरे पानी में डूब चुके थे। सूचना पर एनडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और युवकों की तलाश शुरू कर दी। लेकिन देर शाम तक भी युवकों के शव नहीं मिले बुधवार की सुबह 20 वर्षीय मनोज का शव घटना स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर गंगा में तैरता मिला।एनडीआरएफ की टीम ने शव को बरामद कर परिजनों को सूचना दी परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर नरसेना थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जनपद बुलंदशहर में स्थित पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक मनोज का पुलिस भर्ती के लिए बुधवार को बदायूं में परीक्षा थी। मृतक तीन बहन भाइयों में सबसे छोटा मां उषा का रो-रो कर बुरा हाल था। जसपाल के शव की एनडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी है।

समस्या | भीषण गर्मी में पानी न आने से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और मासूम बच्चों को उठानी पड़ रही है

पानी को तरसीं महिलाओं का पालिका कार्यालय पर फूटा गुस्सा, चार महीने से पानी न मिलने पर ने किया हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर पालिका कार्यालय में हंगामा करती हुई महिलाएं। -जागरण मोर्चा

हसनपुर। भीषण गर्मी के बीच नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर एक खेबान में पिछले चार महीने से पेयजल सप्लाई पूरी तरह ठप होने पर बुधवार को महिलाओं का धैर्य जवाब दे गया।

आक्रोशित महिलाओं ने बुधवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तुरंत पानी की आपूर्ति बहाल करने की मांग की। महिलाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर क्षेत्र के अन्य सभी वार्डों में नियमित पानी की सप्लाई दी जा रही है, लेकिन दलित बस्ती होने के कारण खेबान के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। भीषण गर्मी में पानी न आने से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और मासूम बच्चों को उठानी पड़ रही है। लोग सड़क पर लगे नल से पानी ढोने को मजबूर हैं।

महिलाओं ने बताया कि चार महीने पहले मोहल्ले में दूषित पानी सप्लाई किया गया था, जिसकी शिकायत के बाद समाधान करने की बजाय सप्लाई ही बंद कर दी गई।पालिका में स्थित जल विभाग कार्यालय के बाहर जुटी महिलाओं ने साफ कहा कि अगर जल्द पेयजल की सप्लाई शुरू नहीं की गई तो पीड़ित महिलाएं आंदोलन करने को विवश होगी। महिलाओं द्वारा बताया गया कि लगभग 20 कनेक्शन है जिनके यहां पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही।

लगभग 2 वर्ष पूर्व 700 रुपए देकर पेयजल का कनेक्शन करवाया गया था। वहीं जल विभाग के बाबू कौशल कुमार द्वारा बताया गया कि इन महिलाओं का कोई भी कनेक्शन नहीं है और ना ही उन्होंने कोई बिल जमा करा है। विरोध प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में ममता,सीमा, बबीता, बरखा, रेनू, पंकज आदि मौजूद रही।

श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया गया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग, भाव विभोर हुए भक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



कथा सुनते हुए महिलाएं।

हसनपुर। नगर के सरकारी अस्पताल के निकट स्थित सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य पंडित शिव शंकर भारद्वाज ने भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा सुनते ही पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

कथा व्यास आचार्य पंडित शिव शंकर भारद्वाज ने बताया कि पर्वतराज हिमालय की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर माता जगदंबा ने उनके यहां पुत्री रूप में जन्म लेने का वरदान दिया था। इसके बाद माता पार्वती ने हिमालय के घर जन्म लिया। जैसे-जैसे पार्वती बड़ी हुईं, पर्वतराज को उनके विवाह की चिंता सताने लगी। उन्होंने कहा कि माता पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन महर्षि नारद पर्वतराज के घर पहुंचे और उन्होंने भगवान शिव के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। कथा के दौरान शंकर एवं पार्वती विवाह की झांकी भी प्रस्तुत की गई।कथा के दौरान अतुल शर्मा,सुनील कुमार शर्मा, अजय कुमार शर्मा,संजय कुमार शर्मा,अभिषेक भारद्वाज,भागेश्वर अग्रवाल, विनोद कुमार सक्सेना, सुमन शर्मा, प्रीति अग्रवाल, उषा शर्मा, पूजा अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, हितांशी अग्रवाल सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराज युवक पानी की टंकी पर चढ़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव रसूलपुर कलां निवासी एक युवक बुधवार को सहसवान तहसील परिसर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया।

जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर कलां निवासी जितेंद्र उर्फ बंडा पुत्र तेजपाल ने आरोप लगाया कि गांव के तीन लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर रखा है। जिसकी उसने कई बार शिकायत की, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसका कहना था कि शिकायतों से नाराज आरोपी अब उसके करीब 50 वर्ष पुराने मकान को भी ग्राम सभा की जमीन पर बताकर उसे बेदखल कराने की कोशिश कर रहे हैं। बुधवार सुबह करीब दस बजे युवक के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं।

करीब चार घंटे तक चली समझौता वार्ता के बाद तहसीलदार राकेश कुमार ने मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद दोपहर करीब ढाई बजे युवक उतर आया। तहसीलदार राकेश कुमार ने बताया कि नायब तहसीलदार मोहित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

बाइक और स्कूटी की टक्कर में महिला की मौत, चार घायल

- वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव कंजुआ-पस्तौर की समीप की घटना
- दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव डहरपुर कलां से लौटते समय हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय





फाइल फोटो विद्या देवी व जानकारी देते परिजन। –जागरण मोर्चा

बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई,जबकि बाइक पर उसके दो बेटों समेत स्कूटी सवार दो लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है। जबकि घायलों को नजदीकी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। हादसा वजीरगंज थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे के पास गांव कंजुआ-पस्तौर के समीप बने अंडरपास निकट हुआ।

थाना क्षेत्र के गांव तालिबनगर निवासी विद्या देवी (55) पत्नी हरपाल अपने बेटों केशव व राकेश के साथ बाइक से अपने मायके दातागंज क्षेत्र के गांव डहरपुर से वापस अपने गांव लौट रहीं थीं। जैसे ही उनकी बाइक कंजुआ-पस्तौर लिंक रोड स्थित अंडरपास पर पहुंची,तभी सामने से आ रही स्कूटी से टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही विद्या बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरी, जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गई, जबकि उनके बेटों केशव व राकेश के अलावा स्कूटी सवार हरविलास व तोताराम निवासीगण कोट रसूला को भी चोटे आई। हादसे की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला के बेटों समेत स्कूटी सवारों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सार संक्षेप

सड़क हादसे में युवक की मौत, पुलिस ने शुरु की जांच

बदायूं। थाना बिनावर क्षेत्र में बरेली-बदायूं मार्ग पर स्थित चौधरी रेस्टोरेंट के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। बाइक सवार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कासगंज जिले के थाना सोरों के गांव चंदपुरा गऊपुरा निवासी रामनिवास ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा राघवेंद्र सोमवार को बाइक से बरेली स्थित रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह बिनावर क्षेत्र में बरेली-बदायूं मार्ग पर स्थित चौधरी रेस्टोरेंट के पास पहुंचा,तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उसका बेटा गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

मां पर जानलेवा हमला करने पर पुत्र पर प्राथमिकी

बदायूं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव दहेमी में रहने वाली स्नेहलता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा शिवकुमार बुरी संगत में पड़ गया है। वह काफी समय से उसे जान से मारने की फिराक में है।6 जून की रात साढ़े आठ बजे शिवकुमार ने उस पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उसे गंभीर चोटे आई हैं। किसी तरह पड़ोसियों ने उसे बचाया। आरोप है कि इससे पहले भी वह मारपीट कर उसे घर से निकाल चुका है। पुलिस ने आरोपित पुत्र पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

सगी बहनों समेत भाई लापता,तीन लोगों पर केस

बदायूं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दोनों पुत्रियां व पुत्र 2 जून को पूर्णागिरी जाने की बात कहकर घर से निकले थे। लेकिन वह लोग घर नहीं लौटे, इसी बीच खोजबीन करने पर उसे पता चला कि सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर निवासी कृष्णा व महावीर निवासी म्याऊं थाना अलापुर व शनि निवासी डीएम रोड बदायूं उसकी पुत्री को शादी करने के लिए बहला फुसला कर ले गये हैं। साथ ही वह उसके बेटे को भी साथ ले गये हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

उधारी के रुपये मांगने पर मारपीट,तीन पर रिपोर्ट

बदायूं। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला समराट नगर निवासी ग्रीश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले की ही पूरन साहू, आकाश साहू व योगेश ने कुछ दिन पहले उससे रुपये उधार लिए थे। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो तीनों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। मोहल्ले के लोगों ने उसे आकर बचाया। बाद में आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

इनर व्हील क्लब ने वितरित किया शरबत



शरबत वितरण करते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

बिसौली। इनरव्हील क्लब द्वारा पुरुषोत्तम मास के गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मीठा शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर के मनोज माहेश्वरी अस्पताल पर इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राहगीरों ने शरबत स्पीकर गर्मी से राहत की सांस ली। इस दौरान इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डा. सुविधा माहेश्वरी ने कहा कि पुरुषोत्तम मास के गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सेवा कार्य करना भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष डा. सुविधा माहेश्वरी, भारती अग्रवाल, रितु अग्रवाल, डा. अर्चना वार्ष्णेय, प्रतिभा अग्रवाल, संगीता रस्तोगी, सोनिया अग्रवाल आदि मौजूद रही।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने किया शेखूपुर विधानसभा के कई गांवों का तूफानी दौरा

गांवों में ढोल नगाड़ों व पुष्प वर्षा से हुआ भव्य स्वागत, सुनने के लिए उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



शेखूपुर में आबिद राजा का स्वागत करते लोग। –जागरण मोर्चा

बदायूं। सपा के राष्ट्रीय सचिव एव पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के भमुईया, भदासिया, बड़ी गौरामई, उरोलिया, ईकरी गांवों का तूफानी दौरा किया। उन्होंने कहा कि शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र से अब तक जो भी जनप्रतिनिधि चुने गए उन्होंने कभी भी वोट के साथ इंसाफ नहीं किया। इसीलिये आज तक शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ है।

शेखुपुर विधान सभा की जनता ने एक राय होकर पूर्वमंत्री आबिद रज़ा से शेखुपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का आग्रह किया। पूर्वमंत्री आबिद रज़ा का शेखूपुर विधानसभा के ग्राम भमुईया, भदासिया, बड़ी गौरामई, उरोलिया, ईकरी में पहुँचने पर युवाओं ने बाइकों पर सवार होकर ढोल नगाड़ों के साथ पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का भव्य स्वागत किया और महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने पूर्व मंत्रीआबिद रज़ा के ऊपर फूलों की बारिश की। विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने कहा हम जानते है कि आपके साथ राजनैतिक नाइंसाफी हुई। आपके वोट के साथ इंसाफ नहीं हुआ। क्षेत्र मे जितना विकास होना चाहिए था उसका 5 प्रतिशत भी विकास नहीं हुआ। आपके क्षेत्र मे कोई सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं इससे ज्यादा अफ़सोस की बात और क्या हो सकती। आप लोगों को केवल वोट लेने के लिए इस्तेमाल किया गया, केवल चुनाव मे अच्छी अच्छी बातें की गई,विकास के सपने दिखाए गए। चुनाव के बाद आपके क्षेत्र मे विकास तो दूर की बात आपको पहचाना तक नहीं जाता है। विधानसभा के चुनाव में आपका दिया हुआ वोट कामयाब भी हुआ और आप चुनाव भी जीते फिर भी आप लोग मायूस क्यूँ दिखते है, इसका मतलब यह है कि सियासी मुख़ालिक आपकी मुख़ालफत पूरी शिददत से करता है और आप जिसे अपना सियासी दोस्त समझकर कामयाब करते हो वह दोस्ती नहीं निभाता, इसीलिए आपको डबल नुकसान होता है। उन्होंने कहा वर्ष 2027 मे मौजूदा सरकार को हटाने के लिए सेक्युलर हिन्दू व मुसलमानों व दलित भाईयो को सियासी एक साथ होना होगा। पीडीए को मजबूत करना होगा। तभी हम सन् 2027 में अखिलेश यादव जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बना सकेंगे।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा अगर अल्लाह ने मुझे आपके क्षेत्र से खिदमत का मौका दिया तो मैं इस क्षेत्र में विकास की गंगा बहाउंगा, बिना भेदभाव सभी इलाकों में समान विकास होगा, आपके क्षेत्र में आपको बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी, छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज का निर्माण होगा, आपके क्षेत्र में पक्की सड़के होगी, हर चेहरे पर खुशहाली का प्रयास होगा। इस मौके पर अवधेश यादव, सुनील यादव, ब्रह्मपाल यादव अशोक यादव, सोनू यादव, विकास यादव ,भूप सिंह यादव राजिक खान, सददाम, अंसार, अमित गुप्ता,, अब्दुल हन्नान खान अकरम दिलदार राशिद अली खान, रियाज़ुल, पप्पू भाई, उवैस, अहमद रज़ा, मुख्तियार ,बबलू ,यासीन, शेर मोहम्मद, अनीस ,नुसरत ,अबरार ,अरशद हसन , बाबू हुसैन ,मुशर्रफ नवाजिश, आमिर ,आसिफ आदि मौजूद रहे।



परिवहन विभाग ने अवैध खनन माफियाओं पर कसा शिकंजा, 8 वाहन सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) श्री हरिओम के नेतृत्व में अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

इस दौरान 8 वाहनों को सीज किया गया तथा करीब 3.70 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त एक अनाधिकृत रूप से संचालित डबल डेकर बस को भी पकड़कर परिवहन कार्यालय में सीज किया गया। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

वहीं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 31 बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों, 14 बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन चालकों तथा 5 मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान किए गए। परिवहन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, तेज गति से वाहन न चलाएं तथा सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। विभाग का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

पेड़ से टकराई अनियंत्रित बाइक युवक की मौत, दो घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामवीर इस्लामनगर के परिजन। –जागरण मोर्चा

बदायूं। बीमार मां को देखने आये रिश्तेदारों को चंदौसी छोड़ने जा रहे एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर पेंड़ से टकरा गई। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। तीनों को इस्लामनगर सीएचसी भेजा गया। जहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दो अन्य मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

थाना इस्लामनगर के गांव अचलपुर निवासी रामवीर (30) पुत्र गजराम की मां कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। उनकों देखने के लिए रामवीर के मौसेरे भाई मुरादाबाद जिले थाना कांठ क्षेत्र के गोपालपुर निवासी रघुवीर (50) पुत्र चतुरी व कमल सिंह(34) पुत्र मोतीराम सिंह आए थे। बीमार मां को देखने के बाद सोमवार शाम करीब पांच बजे रामवीर दोनों को बाइक से छोड़ने चंदौसी जा रहा था। इसी दौरान चंदौसी रोड पर गांव सिठौली के पास कब्रिस्तान के सामने उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेंड़ से टकरा गई। हादसे में रामवीर गंभीर रुप से घायल हो गया,जबकि रघुवीर व कमल को मामूली चोटे आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एंबूलेंस से रुदायन सीएचसी पर भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने रामवीर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जबकि घायल दोनों व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र ने दो मामलों में कराया समझौता

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। पुलिस लाइन बदायूं में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र एक बार फिर बिखरते परिवारों को जोड़ने का मजबूत सहारा बनकर सामने आया। आपसी कलह और मतभेद के चलते टूटने की कगार पर पहुंचे परिवारों को समझाइश और संवाद के माध्यम से साथ लाने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद काउंसलर श्री गिरधारी सिंह राठौड़, श्री एस.डी. शर्मा, श्री भीमसेन सागर, श्रीमती सीमा यादव, श्री ज्वाला प्रसाद गुप्ता, श्री शिव स्वरूप गुप्ता, श्रीमती मधु गौतम एवं श्रीमती नजमा बरकाती ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही महिला हेड कांस्टेबल कुमुद, महिला कांस्टेबल डॉली एवं महिला कांस्टेबल संध्या सहित पुलिस कर्मियों ने भी सक्रिय सहयोग किया।

परामर्श केंद्र में कुल 25 पारिवारिक मामलों की फाइलें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से 15 मामलों में गहन काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को ध्यानपूर्वक सुना गया और आपसी मतभेदों को दूर करने के लिए उचित सुझाव दिए गए। प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया, जहां 2 मामलों में आपसी सहमति से समझौता हो गया, जिससे टूटते रिश्तों को नई दिशा मिली। वहीं 2 मामलों को निरस्त कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में अगली तिथि निर्धारित कर आगे की सुनवाई के लिए निर्देश दिए गए। समझौता करने वाले परिवारों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

खेत में लगे झटका तार की चपेट में आकर किसान की मौत, परिवार में कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक राजीव दम्मी।



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते राजीव के परिजन। –जागरण मोर्चा

बदायूं। मक्का की फसल की सिंचाई करने गये किसान की झटका मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजन किसान को नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

थाना उघैती क्षेत्र के गांव दम्मी नगर निवासी राजीव यादव (27) पुत्र रामदत्त खेतीबाड़ी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार शाम करीब 6 बजे वह खेत में खड़ी अपनी मक्का की फसल की सिचाई करने गया था,इसी दौरान खेत की फेंसिंग के लिए लगे झटका तार के करंट की चपेट में आ गया। झटका तार के करंट की चपेट में आने से किसान बेहोश हो गया। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने इसकी सूचना राजीव के परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। राजीव अपने मां-बाप की इकलौता बेटा था। उसकी मौत से परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस भर्ती के दौरान हादसा,छत का प्लास्टर गिरने से महिला अभ्यर्थी घायल

बदायूं। पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान शहर के एक परीक्षा केंद्र पर उस समय अफरातफरी मच गई,जब परीक्षा दे रही एक महिला अभ्यर्ती के ऊपर अचानक छत का प्लास्टर टूटकर गिर गया। हादसे में छात्रा घायल हो गई। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया।

पीलीभीत जिले के थाना गजरौला के गांव बिठौरा निवासी पूजा पुत्री सोहनलाल पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए यहां आई थी। महिला अभ्यर्थी शहर के गिंदोदेवी महिला महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दे रही थी, इस दौरान परीक्षा केंद्र की छत का प्लास्टर टूटकर उसके ऊपर गिर गया। जिसमें वह घायल हो गई। हादसे के बाद महिला अभ्यर्ती घबरा गई। प्लास्टर गिरते ही परीक्षा केंद्र पर अफरातफरी मच गई। केंद्र प्रभारी ने पुलिस को सूचना देकर बुला लिया। पुलिस ने छात्रा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया। ईएमओ डॉ.गजेंद्र वर्मा ने बताया कि छात्रा की हालत खतरे से बाहर है। उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
7078173252
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
पेशाब पर कील, मुंहासे, पिम्पल होने या पेट की तो गैस
जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
बारबार बुखार आना व न उतरना
कमजोरी सा लगना व भूख न लगना
बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
भूख कम करना, कब्ज (गिलावट) खुमार, पुराना टायफाइड (हरपिट)
पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
शुक्रिय एशिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
हार्ड या लो बी. पी.
हार्ड या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
खून की कमी व विटामिन की कमी
जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएं
चैन न आना, बेचैनी, तनाव रहना
बिडविद्रापन, काम करने की समस्या
दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
पेशाब आना मश्कली शिकायत व अन्य
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र - 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

सतर्कता सुरक्षा व्यवस्था परखी, शांतिपूर्ण व नकलविहीन तरीके से संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

डीएम -एसएसपी ने भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा चेक करती एसएसपी अंकिता शर्मा। –जागरण मोर्चा

बदायूं। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी बदायूँ श्री अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और सख्ती के साथ संचालित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे।

अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सुनिश्चित किए। केंद्रों के बाहर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती रही तथा अभ्यर्थियों की जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे परीक्षा परिसर की निगरानी की गई, जिससे परीक्षा की शुचिता बनी रही।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाए और किसी भी प्रकार की नकल या अव्यवस्था पर सख्त कार्रवाई की जाए। अधिकारियों के निरीक्षण से परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन एवं सतर्कता का माहौल बना रहा। जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई, जिससे प्रशासन की तैयारियों और सतर्कता की सराहना की जा रही है।

ग्राम प्रधान द्रोणकृष्ण ने पौधारोपण कर क्षेत्रवासियों से की भावुक अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय



पौधरोपण करते ग्राम प्रधान।

ओरछी। बढ़ते प्रदूषण और भीषण गर्मी के बीच विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत परमानंदपुर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर बुधवार को ग्राम प्रधान द्रोणकृष्ण ने स्वयं पौधारोपण कर न सिर्फ गांव,बल्कि पूरे क्षेत्र को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने का शंखनाद किया।

उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी का आवहन कराते हुए एक-एक पौधा लगाने की भावुक अपील की। इसके बाद ग्रामीणों और युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में जिस तरह से पेड़ कम हो रहे हैं,उससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है "यदि हमें आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित भविष्य और सांस लेने के लिए शुद्ध हवा देनी है,तो हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और सिर्फ लगाए ही नहीं,बल्कि उसके बड़ा होने तक उसकी पूरी देखभाल भी करे।"

ग्राम प्रधान द्रोणकृष्ण का कहना है कि बढ़ते तापमान का एकमात्र इलाज पेड़-पौधे ही हैं। पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन और ताजा हवा देते हैं, जिससे हमारा स्वास्थ्य और वातावरण दोनों शुद्ध रहते हैं।

सम्पादकीय

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट के जरिये मोदी ने चला बड़ा मास्टरस्ट्रोक, इंडियन ओसियन के बीचोंबीच होगा भारत का सबसे बड़ा सैन्य किला

मोदी सरकार ने हिंद महासागर में ऐसा दांव चला है, जिसने चीन की सबसे बड़ी रणनीतिक चिंता बढ़ा दी है। ग्रेट निकोबार में बनने वाला भारत का नया सैन्य और आर्थिक हब अब दुश्मनों के लिए खुली चेतावनी बन चुका है। जिस समुद्री रास्ते से दुनिया का सबसे बड़ा तेल और व्यापार गुजरता है, वहां अब भारत अपनी ताकत का स्थायी पहरा बैठाने जा रहा है। साफ है कि मोदी सरकार हिंद महासागर में भारत को सिर्फ मजबूत नहीं, बल्कि सबसे प्रभावशाली ताकत बनाने की तैयारी में जुट चुकी है। हम आपको याद दिला दें कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष जिस हरित क्षेत्र हवाई अड्डे को मंजूरी दी थी, वह अगले पांच वर्षों में तैयार होने की उम्मीद है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह हवाई अड्डा भारतीय नौसेना के संचालन नियंत्रण में रहेगा। यानी यह केवल नागरिक उड़ानों का केंद्र नहीं होगा, बल्कि हिंद महासागर में भारत की सैन्य शक्ति का नया अग्रिम मोर्चा बनेगा। यह दोहरे उपयोग वाला हवाई अड्डा भारत की समुद्री निगरानी क्षमता, सैन्य पहुंच और त्वरित कार्रवाई की ताकत को कई गुना बढ़ा देगा। हम आपको बता दें कि ग्रेट निकोबार की यह परियोजना चार बड़े स्तंभों पर आधारित है। इनमें अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह, आधुनिक नगर, ऊर्जा संयंत्र और नौसैनिक हवाई अड्डा शामिल हैं। यह पूरा ढांचा भारत को उस समुद्री क्षेत्र में स्थायी उपस्थिति देगा, जहां से दुनिया के दो तिहाई तेल व्यापार और आधा कंटेनर यातायात गुजरता है। ग्रेट निकोबार केवल चालीस किलोमीटर दूर स्थित है उस सिक्स डिग्री चैनल से, जो अदन की खाड़ी से मलक्का जलडमरूमध्य तक फैले समुद्री व्यापार मार्ग का सबसे संवेदनशील हिस्सा माना जाता है। यही वह इलाका है जहां चीन लगातार अपनी घुसपैठ बढ़ा रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में कई बाहरी ताकतें आर्थिक और सैन्य दबदबा बनाने में जुटी हैं। ऐसे में मोदी सरकार का यह कदम भारत को दक्षिण पूर्वी हिंद महासागर में निर्णायक बढ़त देगा। यानि अब भारत इस पूरे क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार और संकट के समय सबसे पहले सहायता पहुंचाने वाली ताकत के रूप में उभरेगा। रक्षा सूत्रों का साफ कहना है कि यह परियोजना तीस वर्ष पहले ही पूरी हो जानी चाहिए थी, लेकिन पिछली सरकारों की सुस्ती और दूरदृष्टि की कमी के कारण भारत ने बहुमूल्य समय गंवा दिया। अब मोदी सरकार उस रणनीतिक भूल को सुधार रही है। यह परियोजना भारत को अपने सैन्य संसाधनों की तेज आवाजाही, अग्रिम रसद आपूर्ति और समुद्री निगरानी में अभूतपूर्व क्षमता देगी। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रेट निकोबार के आसपास समुद्र में विशाल हाइड्रोकार्बन भंडार भी हो सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो यह परियोजना भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ऐतिहासिक साबित होगी। यानी यह केवल सैन्य ताकत का सवाल नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता का भी बड़ा आधार बनेगी। साथ ही मोदी सरकार ने उन आलोचनाओं को भी करारा जवाब दिया है, जिनमें इस परियोजना को केवल व्यावसायिक योजना बताकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही थी। रक्षा सूत्रों ने साफ कहा है कि इसे केवल कारोबारी परियोजना कहना भौगोलिक अज्ञानता का प्रमाण है। यह परियोजना सामरिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भारत के भविष्य की धुरी है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी परियोजनाएं पूरी पारदर्शिता और विधिवत ठेका प्रक्रिया के तहत संचालित की जा रही हैं। हम आपको बता दें कि परियोजना के विभिन्न हिस्सों पर तेजी से काम चल रहा है। कंटेनर बंदरगाह के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नगर परियोजना पर व्यय वित्त समिति की बैठक हो चुकी है, जबकि द्रवीकृत प्राकृतिक गैस आधारित ऊर्जा संयंत्र की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इससे स्पष्ट है कि मोदी सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही, बल्कि जमीन पर तेजी से अमल भी कर रही है। इसके साथ ही पर्यावरण को लेकर उठे सवालों पर भी सरकार ने तथ्यात्मक जवाब दिया है। पर्यावरण प्रभाव आकलन के अनुसार पूरे द्वीप के केवल 166.1 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को विकास के लिए चिन्हित किया गया है, जबकि 81.74 प्रतिशत क्षेत्र राष्ट्रीय उद्यान, जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र, वन और जनजातीय संरक्षण क्षेत्रों के रूप में सुरक्षित रहेगा। वन क्षेत्र के उपयोग में भी आधे से अधिक हिस्से को हरित क्षेत्र के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा, जहां पेड़ों की कटाई नहीं होगी। इसके साथ ही वन्यजीवों, प्रवाल भित्तियों और मैंग्रोव संरक्षण के लिए तीस वर्षों में दो हजार दो सौ बीस करोड़ रुपये से अधिक का विशेष संरक्षण कार्यक्रम भी तैयार किया गया है। लेदरबैक कछुए, निकोबार मेगापोड और मगरमच्छों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस तरह स्पष्ट है कि ग्रेट निकोबार परियोजना मोदी सरकार का केवल विकास अभियान नहीं, बल्कि भारत की समुद्री शक्ति का नया शंखनाद है। यह वह मास्टरस्ट्रोक है जो आने वाले दशकों में हिंद महासागर की रणनीतिक तस्वीर बदल सकता है। भारत अब अपने समुद्री हितों की रक्षा केवल तटों से नहीं करेगा, बल्कि समुद्र के बीचोंबीच अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराएगा।

परीक्षाओं के प्रति गंभीर रुख अपनाना होगा




■ गिरीश्वर मिश्र

(लेखक अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति हैं)

राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षाओं की छीछालेदर देखते हुए यह सवाल उठाना अब बेहद जरूरी हो गया है कि सरकार कब इस विषय पर गंभीर होगी और कुछ निर्णायक कदम उठाएगी। ऐसी परीक्षाओं की साख बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बार-बार नीट जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में गड़बड़ी होना अक्षम्य है। पिछली बार की गड़बड़ी से सबक न लेते हुए एनटीए ने इस बार की परीक्षा की बलि ले ली और लाखों छात्रों को मुश्किल में डाल दिया। पहले की ही तरह सरकार की ओर से जांच -पड़ताल की कार्रवाई की सूचना जारी हो चुकी है। संसद की स्थायी समिति ने भी काम शुरू कर दिया है। समिति के सदस्य माननीय सांसद एन टी ए से 'पेपर लीक' की परिभाषा पूछने और जानने में लगे हुए हैं। अखबारी खबर के अनुसार एनटीए का कहना है कि 'गैस पेपर' यानी अनुमानित प्रश्न को 'पेपर लीक' नहीं कहा जा सकता। इसलिए जो भी हुआ वह पेपर लीक ही नहीं है। बात कानूनी अर्थ लगाने की है। अब यदि कोई अभ्यर्थी या अध्यापक या फिर कोचिंग संस्थान प्रश्न पत्र का सटीक अनुमान लगा ले तो क्या किया जा सकता है ? मेधावी लोग कुछ भी कर सकते हैं। स्थिति हास्यास्पद हो रही है क्योंकि सभी अपने-अपने दायित्व को मुस्तैदी से निभाने की जिम्मेदारी निभाते दिखने की भारी भरकम कवायद में जुटे हुए हैं। यह अद्भुत दृश्य उपस्थित है : वे यही कह रहे हैं कि जो है या जो हुआ वह स्वाभाविक है यानी वही हो सकता था! परीक्षा की नई तारीख मुकर्रर कर दी गई है। भगवान करे वह परीक्षा बिना किसी विवाद के हो जाय और युवा वर्ग को अपने जीवन के पथ पर चलने का एक अवसर मिले।

गौरतलब है कि अन्य परीक्षाओं में भी धांधली की अनेक घटनाएं सामने आती रही हैं और अनुचित साधनों का इस्तेमाल कर फायदा उठाने के मसले भी पकड़ में आते रहे हैं। अक्सर इन मामलों में समय पर कोई कार्रवाई नहीं होती या फिर कार्रवाई ही नहीं होती। जो भी हो अक्सर अपराधी दण्डित नहीं हो पाते। दूसरी तरफ बहुत से निरपराधियों को बेगुनाह होते हुए भी नाहक ही अच्छा-खासा नुकसान उठाना पड़ता है। व्यवस्था अपनी जगह चलती रहती है। सच कहा जाय तो यह समस्या सुविधा और शार्टकट के सहारे सस्ते में लाभ कमाने की व्यापक होती जा रही संस्कृति का ही हिस्सा है। पैसा कमाने की चाह जाने कितने तरह के अनैतिक, भ्रष्ट और आपराधिक किस्म के गलत कामों को प्रोत्साहन देती है। कुछ दिनों पहले नीट मामले में यह खबर भी आई थी कि कुछ अध्यापक जिन्हें एनटीए ने योग्य माना और परीक्षा के गोपनीय कार्य में लगाया उन्होंने फौरी अर्थ लाभ पाने की आशा से परीक्षा के प्रश्न पत्र के साथ छेड़खानी की और पेपर लीक हो गया था। उन अध्यापकों को गिरफ्तार भी किया गया था। इस समस्या का एक नया आयाम डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग सें भी जुड़ गया है। इंटरनेट की सुविधाएं, सर्च इंजन और सर्वर आदि की समस्या के कारण परीक्षा से जुड़े कामों में बाधा उत्पन्न होती है। सीबीएसई के ताजे मामले में कुछ यही हुआ है जिसे अब आईआईटी की तकनीकी सहायता से दूर किया जा रहा है। अब वायुसेना की मदद से परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों को पहुंचाया जाएगा।



सामान्य व्यवस्था के इस तरह से ध्वस्त होने के संदेश ठीक नहीं हैं।

यह विडंबना ही कही जाएगी कि शिक्षा और परीक्षण के बीच अब दो फांक हो चुकी हैं। पढ़ने वाला, पढ़ाने वाला और पढ़ाई की पड़ताल करने वाला और जीविका देने वाला धीरे-धीरे एक दूसरे से दूर होते गए हैं। उनका आपस में एक-दूसरे पर कोई भरोसा नहीं है। शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी पाने के लिए या व्यवसाय की दुनिया में कदम रखने के वक्त परीक्षा के लिए लोक सेवा आयोग जैसी संस्थाएं देश और प्रदेश के स्तर पर बनाई गई थीं और बहुत हद तक उनकी साख अक भी अभी अक्षुण्ण बनी हुई है। परंतु परीक्षा का विस्तार जिस तरह हो रहा है, वह आश्चर्यजनक है। अब शिक्षा की अवधि और प्रकार में बड़ा बदलाव आया है और उसी के साथ परीक्षा नामक व्यवस्था का हर तरफ विस्तार हुआ है। अब शिक्षा के क्रम में परीक्षा की चुनौती नया रूप ले रही है। आगे की शिक्षा पाने की पात्रता का आधार क्या हो और उसका पिछली पढ़ाई के साथ क्या रिश्ता हो यह गंभीर मुद्दा बन चुका है। हायर सेकेंडरी या ग्रेजुएट स्तर की परीक्षा के प्राप्तांक स्वयं में अब कोई खास अर्थ नहीं रखते। बीए/बीएससी/बीकाम/एलएलबी जैसी किसी भी स्नातक स्तर की कक्षा में प्रवेश के लिए भी एनटीए द्वारा आयोजित सीयूईटी की राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा देनी जरूरी हो चुकी है।

दरअसल औपचारिक शिक्षा की उपयुक्तता संदिग्ध हो चली है और उसमें छात्र की उपलब्धि उसकी पात्रता को बताने के लिए उपयुक्त नहीं है। इसलिए शिक्षा के आयोजन में परीक्षा अब एक स्वतंत्र व्यवस्था के रूप में संचालित की जा रही है । उसके लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) जैसी अलग विशाल संस्था खड़ी की गई है। मुश्किल यह है कि अब उसकी प्रक्रियाओं को लेकर भी शंका और संदेह उठ रहे हैं। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत मूल्यांकन को शिक्षा से स्वतंत्र नहीं बल्कि शिक्षा के अभिन्न अंग के रूप में स्वीकार किया गया है। उसके हिसाब से मूल्यांकन एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है और उसका लाभ शिक्षा अर्जित करते समय सीखने की प्रक्रिया को पुष्ट करने के रूप में शिक्षार्थी को मिलना चाहिए। इस नीति में परीक्षा को तनावमुक्त बनाने पर भी ज़ोर दिया गया है। पर सच्चाई कुछ और है। परीक्षा के दबाव को झेलने वाले छात्रों और उनके को अवसाद, अभिभावकों को दुश्चिंता और तनाव होना आम बात होती जा रही है। खबर है कि नीट की परीक्षा से त्रस्त एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। परीक्षा बहुत से छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रही है। उसके लिए भी उच्चतम न्यायालय ने सरकार को फटकार लगाई है और सरकार की ओर से कमेटी भी बन गई है। कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है । काश इन जांचों, समितियों और उनकी संस्तुतियों को लेकर कुछ ठोस कदम भी उठाए जाते। जरूरी है कि उनके सुझावों को ठंडे बस्ते में न डालकर उन पर अमल करने की दिशा में हम आगे बढ़ें। देश के भविष्य के लिए शिक्षा की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पारिस्थितिकी (इकोलॉजी) पर विचार करना जरूरी है। छात्रों के स्वास्थ्य और हित को सुरक्षित रखने का उद्यम सभी का एक साझा दायित्व है।

नेहरू के वैचारिक ढांचे को तोड़ती मोदी की विदेश नीति



■ डॉ. पवन चौरसिया

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं है कि भारत के लोकतान्त्रिक इतिहास में 10 जून 2026 की तारीख सदा के लिए दर्ज हो जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिन भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन जाएंगे। वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए बतौर प्रधानमंत्री 4399 दिन पूरे करेंगे। गुजरात के अत्यंत साधारण गैर-राजनीतिक परिवार से आने वाले और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे मोदी का 2014 से लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीतना और इतने लम्बे समय तक विविधताओं वाले विश्व के सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश, यानि भारत का निरंतर प्रधानमंत्री बने रहना अपने आप में किसी चमत्कार से कम नहीं है। अपने बारह वर्ष के शासनकाल में मोदी ने अनेकों मोर्चों पर कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और वैश्विक स्तर पर भारत को एक नई पहचान दिलाई है। संघ की 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' और 'हिंदुत्व' की विचारधारा से प्रभावित मोदी की सरकार की हर नीति 2047 तक देश को 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में अग्रसर है, फिर चाहे वो उनकी सामाजिक नीति हो, आर्थिक नीति हो या फिर उनकी विदेश नीति। वैश्विक ऊहापोह और अराजकता के इस दौर में यदि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को साध पाने में सफल हो पा रहा है तो इसका कारण मोदी के बारह वर्ष के कार्यकाल में अपनाई गई विदेश नीति है, जिसकी प्रशंसा और जिसका अध्ययन विदेश नीति के पंडित एवं जानकार बड़ी बारीकी से कर रहे हैं।

2014 में जब मोदी ने देश की सत्ता संभाली तो कई विश्लेषकों को यह आशंका थी कि चूंकि वो कभी भी केंद्र सरकार के किसी भी पद में नहीं रहे हैं, इस कारण शायद मोदी इस मामले में अपेक्षाकृत उतने सफल नहीं होंगे। परन्तु इतने वर्षों में जिस तरह से मोदी के राज में भारत की वैश्विक साख और सम्मान में वृद्धि हुई है, उससे उनके आलोचक भी नहीं नकार सकते हैं। कई टिप्पणीकारों का मानना है कि मोदी ने भी भारत की विदेश नीति में उसी तरह की रुचि दिखाई है, जिस तरह से नेहरू दिखाया करते थे। सनद रहे कि नेहरू प्रधानमंत्री के साथ-साथ पंद्रह वर्ष से अधिक देश के विदेश मंत्री भी रहे और इसीलिए लम्बे वक्त तक भारतीय विदेश नीति में उनके वैचारिक दृष्टिकोण की छाप देखने को मिली। हालांकि इसमें महत्वपूर्ण परिवर्तन साल 2014 में मोदी के सत्ता संभालने के बाद देखने को मिला है।



नेहरू और मोदी की तुलना के आधार : इस बात में तो कोई संशय नहीं है कि किसी भी वर्तमान नेता की अतीत में किसी दूसरे नेता से तुलना करना अपने आप में बहुत जटिल काम है, क्योंकि दोनों अलग अलग परिपेक्ष्य एवं काल खंड में कम कर रहे होते हैं। परन्तु चूंकि प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने नेहरू के रिकॉर्ड को तोड़ा है तो ऐसे में दोनों के बीच तुलना का उत्पन्न होना स्वाभाविक है। जहां तक बात विदेश नीति की है तो इस मामले में दोनों नेताओं की समझ में कुछ आमूलचूल अंतर है जिसके कारण दोनों की नीतियों में भिन्नता बहुत साफ हो जाती है।

सबसे पहला अंतर तो दोनों नेताओं के अपने देश भारत को परिभाषित करने में ही दिखाई देता है। समाजवाद, आदर्शवाद और आधुनिकतावाद जैसी यूरोपीय विचारधारा के चश्मे से दुनिया को देखने वाले नेहरू के लिए भारत एक देश और एक राष्ट्र-राज्य के रूप में सन् 1947 में अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद अस्तित्व में आया, और अंग्रेजी के आने से पहले जिसका कोई अस्तित्व था ही नहीं। वहीं मोदी के लिए भारत वो 'सभ्यतागत राज्य' है जिसकी संस्कृति और इतिहास हजारों वर्ष पुराना है, जो लोकतंत्र की जननी रहा है, जिसने अतीत में पूरे विश्व को अपने ज्ञान से रोशन किया है, और जो पुरातन कल से अस्तित्व में है, जो 1947 में महज अंग्रेजी उपनिवेशवाद से बाहर आया था।

दोनों नेताओं में दूसरा अंतर है भारत की सांस्कृतिक धरोहर को उसकी विदेश नीति से जोड़ने को लेकर। जहाँ एक ओर नेहरू मानते थे कि चूंकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है, जहां मुसलमान बड़ी संख्या में रहते हैं, इसी लिए इसको उसकी हिन्दू संस्कृति और इतिहास से दूर रखना चाहिए, ताकि मुसलमानों की भावनाएं न आहत हों और इसीलिए उनके कार्यकाल में भारत हर पटल पर स्वयं को एक आधुनिक, समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में प्रस्तुत करता रहा, जिसका अस्तित्व और आधार सिर्फ उसकी वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था से है। परन्तु मोदी जी ने भारत की प्राचीन सनातन सभ्यता को उसकी विदेश नीति से दूर करने के बजाए उसे और मजबूती के साथ जोड़ दिया है। भारत की प्राचीन सभ्यता की नींव पर आगे बढ़ते हुए मोदी ने पंचामृत (पांच अमृत) को विदेश नीति के मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसमें गरिमा, संवाद, समृद्धि और सुरक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध को स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है। इससे राजकीय यात्राओं और बहुपक्षीय सम्मेलनों के दौरान भारत की विरासत, जैसे कि बौद्ध पर्यटन स्थल, आयुर्वेद, शास्त्रीय कलाएं और आध्यात्मिक परंपराएं आदि को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने में मदद मिली है, जिससे भारत समकालीन चुनौतियों के लिए प्राचीन ज्ञान साझा करने वाले विश्व गुरु के रूप में स्थापित हुआ है।

तीसरा अंतर है दोनों नेताओं की कूटनीतिक रणनीति को लेकर। जहाँ नेहरू भारत को आदर्शवाद, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं पर अंधविश्वास, गुट-निरपेक्ष और उपनिवेशवाद-विरोधी विचारधारा के ढांचे में ही रखते थे, वहीं मोदी के नेतृत्व में भारत यथार्थवाद, हित आधारित सम्बन्ध स्थापन और बहु-संरेखण की विचारधारा को अपनाते हुए न केवल अपनी सामरिक स्वायत्ता को बरकरार रखे हुए है, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों और अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को भी बेहतरीन रूप से साध रहा है। इस बात को हम कुछ उदाहरणों से समझ सकते हैं। पहला उदाहरण है चीन को लेकर नेहरू की समझ के बारे में। अपनी आदर्शवाद, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में अति विश्वास और उपनिवेशवाद-विरोधी व उदारवादी अंतरराष्ट्रीयतावाद की विचारधारा के चलते नेहरू चीन पर विश्वास करने की गलती कर बैठे, जिसका नुकसान भारत को 1962 की भारत-चीन जंग के रूप में उठाना पड़ा।

दूसरा उदाहरण है कश्मीर समस्या। नेहरू ने शांतिवाद और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में विश्वास पर आधारित नैतिक कूटनीति से प्रेरित होकर 1 जनवरी 1948 को कश्मीर विवाद को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पास इस उम्मीद से भेज दिया कि अंतरराष्ट्रीय देखरेख में जनमत संग्रह के ज़रिए इसका जल्द और निष्पक्ष समाधान निकल आएगा। उनके इस कदम ने कानूनी विलय और सैन्य ज़रूरत से जुड़े एक द्विपक्षीय मुद्दे को एक लंबे अंतरराष्ट्रीय विवाद में बदल दिया। इसके परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव 47 (1948) आया, युद्धविराम रेखाएं बनीं और पाकिस्तान ने बार-बार इस मामले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया, जिससे दशकों तक भारत की स्थिति जटिल बनी रही।

दूसरी ओर मोदी ने जम्मू-कश्मीर को भारत में पूरी तरह से शामिल करने से जुड़े अपने साहसिक कदमों के जरिए इस विरासत को निर्णायक रूप से सुधारा है। 5 अगस्त 2019 को उनकी सरकार ने राष्ट्रपति के आदेश और संसदीय प्रस्ताव के माध्यम से अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए को खत्म कर दिया और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) के रूप में भारतीय संघ में पूरी तरह से शामिल कर लिया। इससे वह विशेष दर्जा खत्म हो गया जिससे घाटी में पाकिस्तान प्रायोजित अलगावाद और आतंकवाद को बढ़ावा मिलता था। उनके इस कदम के पीछे मोदी की पार्टी के वैचारिक जनक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का वो सपना था जिसके अंतर्गत वो कश्मीर में एक विधान, एक प्रधान और एक निशान की व्यवस्था लागू कराना चाहते थे।

(लेखक इंडिया फाउंडेशन नई दिल्ली के शोधार्थी हैं)

विरासत



मदन महल किला, जबलपुर – लगभग 500 फीट ऊँची पथरीली पहाड़ी पर स्थित यह ऐतिहासिक किला 11वीं सदी में गोंड शासक राजा मदन शाह द्वारा बनवाया गया था। रणनीतिक सैन्य चौकी के रूप में प्रसिद्ध इस दुर्ग को रानी दुर्गावती किले के नाम से भी जाना जाता है। ग्रेनाइट पत्थरों से निर्मित इसकी संरचना में युद्ध कक्ष, अस्तबल, गुप्त मार्ग और शाही विश्राम स्थल इतिहास की गौरवगाथा सुनाते हैं। किले के समीप स्थित प्रसिद्ध बैलेंसिंग रॉक प्रकृति का अद्भुत करिश्मा है। ऊँचाई से दिखाई देने वाला जबलपुर शहर का मनोरम दृश्य, विशेषकर सूर्योदय और सूर्यास्त के समय, पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

नरेंद्र मोदी के 12 साल: भरोसे के हकीकत में बदलने का दौर

यदि मॉर्निंग कंसल्ट की माने तो दुनिया के नेताओं की सूची पर एक नजर दौड़ाई जाएं तो कई भी वैश्विक नेता स्वीकार्यता में नरेन्द्र मोदी के आसपास भी नहीं टिकते। विपक्षी पार्टियां द्वारा लगातार देश और विदेश में अभियान चलाने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रेंकिंग या स्वीकार्यता के मामलें में वैश्विक नेताओं से बहुत आगे हैं। 68 प्रतिशत स्वीकार्यता नरेन्द्र मोदी की है जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की स्वीकार्यता रेंक लगातार नेगेटिव जा रही है। फालोवर्स में भी नरेन्द्र मोदी सबसे आगे हैं। दुनिया का संभवतः हमारा ही देश होगा जहां देश के बाहर भारत की छवि खराब करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही उसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह स्वीकार्यता निश्चित रुप से भारत ही नहीं दुनिया के अन्य देशों में भी उनकी लोकप्रियता और सर्वमान्यता को दशार्ती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले चुनिंदा प्रधानमंत्री बन गए हैं। चुनिंदा इसलिए कि देश में पहले लोकसभा चुनाव 1952 में हुए पर पं. नेहरु 1947 से 1952 तक भी प्रधानमंत्री रहे। लगातार 12 साल कोई कम नहीं होते और वह भी लगातार 12 साल। सबसे बडी बात यह कि इस दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा ऐसे साहसिक निर्णय किये गये हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। माना तो यही जाता था कि कश्मीर में धारा 370 और 35 ए हटाना, राममंदिर का निर्माण, डिजिटल क्रांति, वैश्विक नेतृत्व, नोटबंदी, एक देश एक कर, घर घर शोचालय, घर घर कचरा संग्रहण, रक्षा उपकरणों का निर्यात, किसान सम्मान, मेक इन इंडिया, इंडिया फर्स्ट, बड़ी अर्थ व्यवस्था, तेजी से ढांचागत विकास, डिजिटल भुगतान, नक्सलवाद की नेस्तनाबूदी, आत्मनिर्भर भारत, परिवहन क्षेत्र में ढांचागत बदलाव आदि आदि समय समय पर की जाने वाली घोषणाएं केवल चुनाव जीतने के जुमले हैं पर लगभग असंभव माने जाने वाले यह काम आज धरातल पर उतरना सबसे बड़ी उपलब्धी मानी जा सकती है। इससे सबके साथ ही सबसे आश्चर्य जनक बात यह है कि लाख विरोध के बावजूद विपक्ष आज हाशिये में चला गया है। कश्मीर से धारा 370 और 35 ए की समाप्ति हो चुकी है। दुनिया के किसी देश ने खुलकर इसका विरोध करने की हिम्मत नहीं दिखाई। बाबरी मस्जिद के स्थान पर राममंदिर का निर्माण हो चुका है तो तीन तलाक, सीएए, यूसीसी और यहां तक कि सर्जीकल स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिन्दुर तक पर दुनिया के किसी देश की भारत के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने की हिम्मत नहीं हो पाई है। आज अर्थ व्यवस्था में जिस तेजी से बदलाव आया है और चौथी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने के बाद अब तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने की और तेजी से कदम बढ़ चुके हैं। जनधन योजना के समय जिस तरह से आलोचना का दौर चला था आज भुगतान में डिजिटलीकरण में इसकी बड़ी भूमिका तय हो चुकी है। जो लगभग असंभव माना जा सकता था वह आज डिजिटल भुगतान के माध्यम से संभव हो पाया है और पांच रु. के टमाटर का भुगतान भी सब्जीवाले तक को यूपीआई से आसानी से होने लगा है। सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजना के भुगतान, पेंशन, अनुदान आदि आज सीधे खातों में जाने लगे हैं। यह किसी दिवा स्वप्न से कम नहीं है। आईपीसी सीपीसी में बदलाव किया जा चुका है। तो जीएसटी में लाख कमियां गिनाने के बावजूद आज समूचा देश एक देश एक कर के छाते के नीचे आ चुका है। बुनियादी ढांचें में तेजी से बदलाव आया है। आज वंदे भारत और नमो भारत ट्रेन चलने लगी है तो 33 किमी प्रतिदिन हाईवे का निर्माण हो रहा है। एक्सप्रेस हाईवे से आवागमन आसान हुआ है। आयुष्मान योजना से 50 करोड़ लोगों को जोड़ा जा चुका है तो सस्ती जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता का नेटवर्क विस्तारित किया गया है। आज 98 प्रतिशत घरों से घर घर कचरा संग्रहण होने लगा है तो अब घर घर में शोचालय बन चुके हैं। कोरोना के दौरान हमारे प्रयासों को सारी दुनिया द्वारा सराहा गया यहां तक कि कोरोना के दौरान जीवन रक्षक की भूमिका में भारत ने भूमिका निभाई।

प्रदेश में मौसम कल से लेगा यू-टर्न, 56 जिलों में आंधी और ओले गिरने की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच आज से मौसम में बदलाव की आहट है। बृहस्पतिवार को नए विक्षोभ के असर से प्रदेश में आंधी बारिश का दौर शुरु होने वाला है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश के 45 जिलों में गरज चमक और तेज रफ्तार वाली हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हवाओं की रफ्तार 40 से 70 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है।

वहीं तराई और पश्चिमी यूपी समेत 56 जिलों में ओलावृष्टि और बूंदबांदी की भी संभावना जताई गई है। इस मौसमी बदलाव से फौरी तौर पर तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के आसार हैं। बुधवार को सुबह यूपी के नोएडा-गाजियाबाद, संभल जैसे कुछ पश्चिमी जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। वहीं बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में प्रचंड गर्मी का प्रकोप रहा।

45.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बांदा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं झांसी, प्रयाराज, अमेठी और कानपुर में भी भयानक तपिश रही। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 11 जून से यूपी में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके असर से 13 जून तक प्रदेश के विभिन्न इलाकों में तेज हवाएं और बूंदाबांदी देखने को मिलेगी।

इन जिलों में है गरज चमक और आंधी का ऑरेंज अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।

इन जिलों में ओलावृष्टि का येलो अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मधुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरेया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।

सार संक्षेप

10 दिवसीय निशुल्क योग शिविर 12 जून से रामलीला मैदान में

खटीमा। अग्रवाल महासभा द्वारा 12 जून से 10 दिवसीय निशुल्क योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। श्री रामलीला मैदान में आयोजित इस शिविर की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अग्रवाल महासभा द्वारा क्षेत्र के बच्चे, युवक, युवतियों एवं व्यस्को से शिविर में प्रतिभा कर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है। 10 दिवसीय निशुल्क योग शिविर की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ललित मित्तल, महामंत्री विपिन अग्रवाल, महिला संयोजिका नीलम गोयल कार्यक्रम संयोजक संदीप सिंघल ने शिविरार्थियों से अपना मैट लेकर प्रतिभा करने की अपील की है।

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' पदयात्रा आयोजित, नियमों के पालन का लिया संकल्प



'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' जन जागरूकता अभियान के तहत पदयात्रा निकालते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

खटीमा। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' जन जागरूकता अभियान के तहत पदयात्रा निकाली गई। सिविल कोर्ट परिसर से ब्लॉक गेट तक आयोजित इस रैली का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजलि नौलियाल ने नागरिकों से हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि "सुरक्षित यातायात अपनाकर ही हम स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं।" इस दौरान परिवार न्यायाधीश मनमोहन सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन त्रिचा रावत, सचिव तहसील विधिक सेवा समिति आशीष तिवारी, बार अध्यक्ष सूरज राणा समेत समस्त न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण, पुलिस टीम और कोर्ट स्टाफ मौजूद रहा।

ऊर्जा निगम मृतक लाइनमैन के आश्रित को 10 लाख बीमा सहित अन्य विभागीय देय उपलब्ध करायेगा

खटीमा। ऊर्जा निगम उपखंड क्षेत्र के लाइनमैन की करंट से हुई मौत के बाद उपजा विवाद देर शाम त्रिपक्षीय वार्ता के बाद निपट गया है। जिसमें ऊर्जा निगम विभागीय कार्रवाई के तहत पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा, बीमा राशि सहित देय सुविधा प्रदान करेगा। उपखंड अधिकारी आलोक सचान की मध्यस्थता में मृतक लाइनमैन रंजीत की पत्नी सुमन देवी के बीच लिखित आश्वासन दिया गया है। ऊर्जा निगम के अधिकारियों की मध्यस्थता में मैसर्स बालाजी इंजीनियरिंग एवं कंस्ट्रक्शन कंपनी के समझौते में 10 लाख रुपए की बीमा राशि मृतक आश्रित को देगा। इसके अतिरिक्त ऊर्जा निगम विभागीय कार्रवाई के तहत विद्युत दुर्घटना 24/01/2018 के तहत अनुग्रह राशि की कार्रवाई करेगा तथा ईपीएफओ व ईएसआईसी के माध्यम से बांछित कार्यवाही की जाएगी। समझौता वार्ता में ऊर्जा निगम के एसडीओ सचान, अंबिका यादव, अवर सहायक अभियंता पवन उप्रेती, मोहन सिंह परगांई, ठेकेदार शिव प्रताप, कल्याण सिंह बिष्ट, कमल सिंह राणा, गुलाब सिंह, गिरीश पाठक, सचिन राणा, अजय सिंह राणा मौजूद थे। इधर ऊर्जा निगम के ठेका कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग को लेकर दिन भर गहमागहमी का माहौल रहा। ऊर्जा निगम उपखंड क्षेत्र के ठेकेदार कर्मचारी बिना सेफ्टी उपकरणों के काम नहीं करने की बात कर रहे थे। कर्मचारियों का आरोप था कि उनके साथ ठेका प्रथा के नाम पर घोर अन्याय किया जाता है। असुरक्षित माहौल में बिना सेफ्टी संसाधनों के उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ती है। बाद उपखंड अधिकारी आलोक सचान ने कहां की बिना सेफ्टी उपकरणों के उनसे काम नहीं कराया जाएगा। एसडीओ सचान ने कहा कि असुरक्षा की स्थिति में काम के दबाव पर वह सीधे मेरे से मिले।

यूपी सिपाही भर्ती: खत्म हुई तीन दिन की परीक्षा, बुधवार को तीन अभ्यर्थी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। प्रदेश में 32,679 सिपाही नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित तीन दिवसीय लिखित परीक्षा बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। अंतिम दिन 75.94 फीसद अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जो बीते दो दिन में उपस्थित अभ्यर्थियों से अधिक है। बुधवार को परीक्षा में सेंध लगाने का प्रयास करने वाले तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि कई गड़बड़ी फैलाने वाले कई सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष डीजी एसबी शिरडकर ने बताया कि नोएडा के परीक्षा केंद्र मिहिर भोज पीजी कॉलेज में अभ्यर्थी अंकित कुमार निवासी एटा की ई-केवाईसी मिसमैच होने पर जांच में पाया गया कि वह कूटरचित आधार कार्ड बनवाकर परीक्षा में शामिल हुआ है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इसी तरह अलीगढ़ के परीक्षा केंद्र डीएवी बालिका इंटर कालेज में बुलंदशहर निवासी अंकित कूटरचित आधार कार्ड बनवाकर फर्जी नाम (परीक्षार्थी लोकेश) नाम से परीक्षा में शामिल हुआ। संदेह होने पर चेकिंग एवं बायोमेट्रिक मिसमैच मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं कानपुर नगर के परीक्षा केंद्र लालू प्रसाद इंटरमीडिएट कालेज में अभ्यर्थी नागेश कुमार निवासी जौनपुर को भी कूटरचित दस्तावेज बनाकर परीक्षा में शामिल होने पर पकड़ा गया है।

सोशल मीडिया अकाउंट पर भी सख्ती

बोर्ड के व्हाट्सएप नंबर- 9454457951 पर मिली सूचना के बाद अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर परीक्षा के संबंध में भ्रामक एवं तथ्यहीन वीडियो वायरल किये जाने वाले लोगों के खिलाफ राजधानी के थाना हुसैनगंज में 6 एफआईआर दर्ज की गई है। बोर्ड के अपर सचिव सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि तीन दिनों तक चली परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने पर कुल 12 एफआईआर दर्ज की गईं। साथ ही कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुआ बदलाव, बदली गई उपहार खरीद की प्रक्रिया



जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में उपहारों की खरीद प्रक्रिया बदली गई है। अब वधू को पायल और बिछिया खरीदने के लिए चार हजार रुपये सीधे उसके खाते में भेजे जाएंगे। पहले यह खरीद समाज कल्याण विभाग स्वयं करता था। इस योजना में प्रति जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च होते हैं। इसमें 60 हजार रुपये वधू के खाते में जाते थे, जो अब 64 हजार रुपये हो जाएंगे। सामग्री खरीद पर 25 हजार रुपये की जगह 21 हजार रुपये खर्च होंगे।

शेष 15 हजार रुपये शादी की व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाएंगे। सोमवार को जारी हुए आदेश में पायल-बिछिया को विभाग की खरीद सूची से हटा दिया गया है। लखनऊ में 1563 शादियों का लक्ष्य है, जिसके लिए अब तक 600 आवेदन आए हैं। समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि पात्र कन्याएं ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ ले सकती हैं।

सामग्री खरीद नियमों में बदलाव का मुख्य कारण चांदी की बढ़ती कीमतें हैं। पहले उपहारों में करीब 30 ग्राम चांदी की पायल और 10 ग्राम की बिछिया दी जाती थी। इनकी खरीद पर लगभग चार हजार रुपये खर्च होते थे। वर्तमान में चांदी की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये प्रति किलो है। नवीन शासनादेश के अनुसार, जेम पोर्टल पर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर विवाह संपन्न कराए जाएंगे।

अवैध निर्माण में मिलीभगत पर एलडी उपाध्यक्ष ने सुपरवाइजर को किया निलंबित, एई-जेई को नोटिस

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को अवैध निर्माण में शामिल एक सुपरवाइजर को निलम्बित कर दिया है। इसमें शामिल सहायक अभियंता और तत्कालीन अवर अभियंता को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को अवैध निर्माण में शामिल एक सुपरवाइजर को निलम्बित कर दिया है। इसमें शामिल सहायक अभियंता और तत्कालीन अवर अभियंता को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया है। आलमबाग निवासी प्रेम शंकर शर्मा द्वारा कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के पास लगभग 200 वर्गमीटर के भूखंड पर निर्माण कराया जा रहा है।

प्रेम शंकर ने उपाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि प्रवर्तन जोन-3 में तैनात सुपरवाइजर अली नकवी रिजवी ने वर्ष 2025 में स्थल पर पहुंचकर निर्माण रुकवा दिया। इसके बाद निर्माण पुनः शुरू कराने के एवज में रुपये मांगे। आरोप लगाया कि रुपये देने के बाद भी सुपरवाइजर ने निर्माणाधीन भवन की नोटिस कराकर 20 मई, 2026 को परिसर सील करवा दिया।

उपाध्यक्ष गंभीरता से लेकर तुरंत जांच करवाई। प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि अली नकवी रिजवी ने अवैध निर्माण को रोकने का प्रयास नहीं किया। इससे दोनों के बीच साठगांठ की संभावना और लापरवाही उजागर होने पर अली नकवी रिजवी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। आगे की जांच के लिए उप सचिव माधवेश कुमार को जांच अधिकारी नामित किया। इसके अलावा प्रवर्तन जोन-3 के सहायक अभियंता जेएम सिंह व तत्कालीन अवर अभियंता ओमपाल को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

गोमती नदी में नहाने उतरे तीन युवक डूबे, एक की मौत, तीन घंटे बाद मिला शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधनी लखनऊ के काकराबाद स्थित गोमती नदी पुल के पास बुधवार को नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो युवकों को बकरी चरा रहे एक शख्स ने साहस दिखते हुए बचा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस, गोताखोरों और एसडीआरएफ टीम ने ग्रामीणों की मदद से करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को नदी से बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार महपतमऊ दुबग्गा निवासी आठ लोग नदी किनारे पार्टी मनाने आए थे। पार्टी के बाद रोहित (18), मोनू (28), शिवा (22) और बबलू (30) करीब तीन बजे गोमती नदी में नहाने उतर गए। नहाते समय अचानक चारों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

यह देखकर पास में ही बकरी चरा रहे काकराबाद निवासी शियाराम ने तत्काल साहस दिखाते हुए अंगौछे और बांस की मदद से मोनू, शिवा और बबलू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन रोहित गहरे पानी में समा गया। सूचना मिलते ही पुलिस, गोताखोर और एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची। काफी तलाश के बाद करीब तीन घंटे बाद रोहित का शव नदी से बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक शटरिंग मजदूर था। मृतक के परिवार में पिता महेश, माता मुन्नी देवी, भाई मिलन, पिंटू, विशाल सहित दो विवाहित बहनें पिंकी व रिंकू हैं। सभी का रो- रो कर बुरा हाल है।

गोकुलधाम, बिलेश्वर महादेव मंदिर व टेड़ाघाट में पिलाया शरबत

जागरण मोर्चा कार्यालय



छबील लगा राहगीरों को मीठा शरबत पिलाते ग्रामवासी। -जागरण मोर्चा

खटीमा। गोकुलधाम संस्कृत योग सेवा संस्थान द्वारा शीतल मीठा जल वितरण एवं हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न कराया गया। लोहियाहेड रोड स्थित काली मंदिर परिसर में सुबह 11:00 बजे से शीतल मीठा जल पिलाया गया। यह कार्यक्रम सायं 4:00 बजे तक चला। इस अवसर पर गेंदालाल शर्मा संस्थापक, ईश्वर देव प्रजापति, डॉक्टर तुलसीराम, सरिता शर्मा, पंडित रामेश्वर आदि मौजूद थे।

इधर चारुबेटा कॉलोनी स्थित बिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर मीठा शरबत पिलाकर पुण्य लाभ लिया। बिलेश्वर मंदिर परिसर पर चली जल सेवा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग किया। ग्रामीणों द्वारा मीठा शरबत पिलाने हेतु भरपूर सहयोग किया गया। इधर सिख धर्म के पांचवें गुरु, श्री गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस खटीमा और आसपास के क्षेत्रों में पूरी श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया गया। भीषण गर्मी और तपती धूप में आम जनमानस को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर समाजसेवी संस्थाओं और ग्रामीणों द्वारा विशाल 'छबील' (ठंडा मीठा शरबत) का आयोजन किया गया। शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में खटीमा के टेढ़ाघाट बरी अंजनिया के मुख्य तिराहे पर सिख समाज और आसपास की कई ग्राम सभाओं ने एकजुट होकर संयुक्त रूप से छबील लगाई। यहाँ से गुजरने वाले हजारों राहगीरों और पूर्णागिरी धाम जाने वाले भक्तों को चना और ठंडा मीठा शरबत वितरित किया गया।

राज्यपाल का बड़ा फैसला- धर्मांतरण रोकने के लिए मेडिकल कॉलेजों में बनेगी विशेष सेल

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। प्रदेश के मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में अब धर्मांतरण से जुड़े मामलों की रोकथाम के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था बनाई जाएगी। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय और संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान से जुड़े कथित धर्मांतरण प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सभी संस्थानों में धर्मांतरण रोकथाम सेल गठित करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय ने अपने सभी संबद्ध कॉलेजों को भी इसके आदेश जारी कर दिए हैं।

कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर एम. बोबड़े के पत्र के आधार पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अमित देवगन के निर्देश पर यह पहल शुरू की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मेडिकल और डेंटल कॉलेजों से जल्द विशेष सेल गठित कर उसकी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है।

यह सेल छात्रों, रेजिडेंट डॉक्टरों और कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के साथ किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखेगा। अधिकारियों का कहना है कि इस कवायद का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनाए रखना है। साथ ही किसी भी शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

उपलब्धि इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश और आस्था के संगम ने प्रदेश को दी नई पहचान

मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार ने यूपी को बनाया देश का ग्रोथ इंजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे लंबी अवधि तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ डबल इंजन सरकार की साझेदारी ने उत्तर प्रदेश को देश की विकास यात्रा का प्रमुख केंद्र बना दिया है। बीते वर्षों में प्रदेश ने बुनियादी ढांचे, निवेश, उद्योग, पर्यटन और धार्मिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

प्रदेश में विकास की नई तस्वीर गंगा एक्सप्रेसवे, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नमो भारत रैपिड रेल, एम्स, गोरखपुर फर्टिलाइजर संयंत्र, सेमीकंडक्टर परियोजनाओं, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना और केन-बेतवा लिंक परियोजना जैसी योजनाओं से दिखाई देती है। इन परियोजनाओं ने प्रदेश को निवेश और रोजगार के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जोड़ी ने आस्था और विकास को साथ लेकर आगे बढ़ने का मॉडल भी प्रस्तुत किया है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, प्रयागराज महाकुंभ और दीपोत्सव जैसे आयोजनों ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने 28 मार्च 2026 को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन कर प्रदेश को देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे की सौगात दी। इससे पहले कुशीनगर और अयोध्या अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का भी लोकार्पण किया गया। वहीं 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे की परियोजना ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को विकास की नई धुरी से जोड़ दिया। वाराणसी को प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र के रूप में विशेष पहचान मिली है। बीते 12 वर्षों में यहां लगभग 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और करीब 25 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

काशी विश्वनाथ धाम, ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर, रिंग रोड, रोपवे, सिगरा स्टेडियम, फ्लाईओवर और घाटों के पुनर्विकास ने शहर की तस्वीर बदल दी है। गोरखपुर में वर्षों से बंद पड़े उर्वरक कारखाने का पुनरुद्धार और एम्स की स्थापना पूर्वांचल के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़े, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई मजबूती मिली है। मेरठ में नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का शुभारंभ भी प्रदेश के शहरी परिवहन क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।

अखिलेश बोले: भाजपा सरकार में कमीशनखोरी चरम पर परीक्षार्थियों के लिए भी ढंग से इंतजाम नहीं कर पाई सरकार

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में कमीशनखोरी पूरे प्रदेश में चरम पर है। भ्रष्टाचार और लूट भाजपा का मुख्य एजेंडा है। अवैध खनन जमकर फलफूल रहा है।

अखिलेश यादव बुधवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। हर दिन जघन्य हत्याएं हो रही है। अपराधी बेखौफ हैं। गोरखपुर की चार लेन लिंक रोड में जमकर गोरखधंधा चला। 90 किलो मीटर सड़क बनाने में 7 हजार करोड़ रुपये की लूट-खसोट हुई। उन्होंने कहा कि इसी तरह से लखनऊ में 40 किलोमीटर के ग्रीन कारीडोर के लिए 7 हजार करोड़ रुपये लगा दिए गए। अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपनी भाषा और व्यवहार ठीक रखें। 2027 में जनता भाजपा को हराने जा रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि युवाओं के लिए परीक्षा देना भी एक परीक्षा बन गया है। परीक्षार्थियों के लिए आवागमन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। परीक्षा सेंटरों पर छाया और पानी व अन्य सुविधाओं की भारी कमी है। इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्दशा के लिए भाजपा सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। परीक्षाओं के बाद बस स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों के जिस तरह के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वह हैरान करने वाले हैं। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

सपा की मासिक बैठक में शिक्षक एमएलसी चुनाव और आरक्षण मुद्दे पर मंथन



मासिक बैठक में मौजूद पदाधिकारी और सपाई । –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक केजीएन कॉलोनी स्थित अस्थायी कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व राज्यसभा सांसद वीरपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि रहे। बैठक में संगठन की कार्यशैली की समीक्षा करते हुए शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों, मतदाता संख्या बढ़ाने, बूथ प्रबंधन मजबूत करने और मतदाता सूची के शुद्धिकरण पर चर्चा की गई। पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव ने आरक्षण और सामाजिक न्याय के मुद्दे उठाते हुए भाजपा सरकार पर विभिन्न भर्तियों में आरक्षित वर्गों के साथ अन्याय का आरोप लगाया तथा कार्यकर्ताओं से जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए समाज के अधिकारों और संविधान प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था की रक्षा के लिए संघर्षरत है। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, शिक्षक एमएलसी चुनाव की रणनीति तथा सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गन्ना मंत्री निजी हित में चीनी मिलों को कर रहे कमजोर : जगदेव सिंह जग्गा

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रेस वार्ता में गाना राज्य मंत्री पर निशाना साधते सपा नेता। –जागरण मोर्चा

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने गन्ना मंत्री संजय सिंह गंगवार पर जिले की चीनी मिलों को कमजोर करने का आरोप लगाया है। केजीएन स्थित सपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि मझोला चीनी मिल पहले से बंद है और अब ओसवाल चीनी मिल को भी बंदी की ओर धकेला जा रहा है, जिससे किसानों का गन्ना मंत्री की निजी मिल की ओर मोड़ा जा सके।

जग्गा ने आरोप लगाया कि जिले के किसानों का करोड़ों रुपये का गन्ना भुगतान बकाया है, लेकिन मंत्री किसानों की समस्याओं के समाधान में विफल साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि मंत्री अपने विभाग और गृह जनपद के किसानों की समस्याएं नहीं सुलझा पा रहे हैं तो उन्हें नैतिक आधार पर पद छोड़ देना चाहिए।

सपा जिलाध्यक्ष ने मंत्री की संपत्तियों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद उनकी संपत्ति में हुए इजाफे की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भुगतान न मिलने से किसान आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ तले दब रहे हैं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में मंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।नोटः यह समाचार सपा जिलाध्यक्ष द्वारा प्रेस वार्ता में लगाए गए आरोपों पर आधारित है। पत्रकारिता के संतुलन के लिए गन्ना मंत्री या उनके पक्ष का जवाब भी शामिल किया जाना चाहिए।

सार संक्षेप

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का जनकल्याण अभियान



जन कल्याण अभियान में भाग लेते हुए भाजपा कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

बरखेड़ा। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा मंडल द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान, हवन-पूजन, वृक्षारोपण, ग्राम चौपाल तथा जैविक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जर्जर सड़क के विरोध में भाकपा (माले) का प्रदर्शन

मरम्मत को लेकर कार्यकर्ताओं ने उठाई मांग



जर्जर सडक को लेकर प्रदर्शन करते भाकपा माले कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर (पीलीभीत)। ब्लॉक कार्यालय परिसर में जर्जर सड़क और बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान परिसर में फैली अव्यवस्था और खराब सड़क पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि ब्लॉक कार्यालय परिसर में आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है, बारिश के समय जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे ग्रामीणों और कर्मचारियों को दिक्कत होती है। आए दिन वाहन सडक पर गिर जाते है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि ब्लॉक परिसर की जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा परिसर में साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इस मौके पर भाकपा (माले) के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा तथा धरना-प्रदर्शन तेज किया जाएगा,प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। बाद में अधिकारियों ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान कई मौजूद रहे।

भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



ज्ञापन देते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने किसानों से जुड़े मुद्दों, बिजली, सिंचाई और राजस्व संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में नहरों की सफाई न होने से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों को फसल उत्पादन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है,इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने बिजली आपूर्ति में अनियमितता, जर्जर तारों और ट्रांसफार्मर की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान समय पर नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि राजस्व मामलों का निस्तारण तेज किया जाए और किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए।

इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा। तहसीलदार ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस दौरान कई मौजूद रहे।

समस्याओं को लेकर भाकियू भानू गुट ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को किसानों और आम जनता की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर तहसीलदार आशुतोष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती का मुद्दा उठाया गया। किसानों ने कहा कि इस समय फसलों की सिंचाई का कार्य चल रहा है, लेकिन पर्याप्त बिजली न मिलने से सिंचाई प्रभावित हो रही है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की गई। छुट्टा घूम रहे पशु किसानों की फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। रात-दिन खेतों की रखवाली करने के बावजूद किसान फसलों को बचाने में असमर्थ हैं। संगठन ने प्रशासन से आवारा पशुओं को गोशालाओं में भेजने तथा इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। भाकियू नेताओं ने जेठापुर क्षेत्र में हुए अवैध कब्जों को हटाने की मांग भी उठाई। अवैध खनन का मुद्दा भी प्रमुखता से शामिल रहा। संगठन ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कुछ स्थानों पर अवैध खनन की गतिविधियां जारी हैं। जिससे राजस्व की हानि होने के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। अवैध खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सैर पर निकले पत्रकार

जागरण मोर्चा कार्यालय



सफारी का आनन्द लेते पत्रकार। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। पूरनपुर प्रेस क्लब के पत्रकारों पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) का भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य पीटीआर की प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीव संपदा और पर्यटन सुविधाओं को करीब से जानकर अपने-अपने समाचार माध्यमों के जरिए आमजन तक पहुंचाना रहा।

पत्रकारों ने सफारी के दौरान जंगल का भ्रमण किया, जहां उन्हें चार बाघों के दीदार हुए। इसके अलावा हिरण, पक्षियों समेत कई अन्य वन्यजीव भी देखने को मिले। भ्रमण के दौरान पत्रकारों ने पीटीआर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चूका बीच का भी दौरा किया। कृत्रिम रूप से विकसित चूका बीच अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी (रेंजर) सत्येंद्र यादव ने सभी पत्रकारों का स्वागत किया और उनके सवालों के जवाब दिए। उन्होंने बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वन विभाग लगातार प्रयासरत है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि पीटीआर में वर्तमान में लगभग 80 बाघ मौजूद हैं। चूका बीच पर प्रेस क्लब की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में प्रेस क्लब अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय पत्रकारिता के लिए चुनौतीपूर्ण है और ऐसे दौर में पत्रकारों का एकजुट रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी पत्रकार साथी के खिलाफ बिना तथ्य के कोई नकारात्मक टिप्पणी या लेखन नहीं होना चाहिए तथा सभी को ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए रियाज अहमद खान और रामगोपाल कुशवाहा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं अमित पाल को संगठन मंत्री, दिनेश भारती को सचिव तथा अनिरुद्ध सिंह को विधि सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा शेरपुरकलां के जागरण मोर्चा संवाददाता सैफ रजा मोंटू को विधिवत प्रेस क्लब की सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान सुहेल अहमद, संदीप शर्मा, हसन हैदर, जितेंद्र शर्मा, जीशान अली, अमित पाल, इस्लाममुद्दीन, प्रदीप वर्मा, नफीस अहमद सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

बंजार घाट पर आज होगा गोमती पुनरुद्धार अभियान का भव्य समापन

पूरनपुर। गोमती नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन और जनजागरूकता को समर्पित गोमती पुनरुद्धार अभियान का गुरुवार को घुंघचाई क्षेत्र स्थित बंजार घाट पर भव्य समापन होगा। समापन समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठन, पर्यावरण प्रेमी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। बंजार घाट पीलीभीत जिले में गोमती नदी का अंतिम प्रमुख पड़ाव माना जाता है। यहां तक पहुंचने के बाद गोमती नदी जिले की सीमा को पार कर शाहजहांपुर जनपद में प्रवेश करती है। यही कारण है कि अभियान के समापन के लिए इस स्थान को चुना गया है,नदी पीलीभीत की धरती को छोड़कर आगे बढ़ती है, इस नदी को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में कई दिनों से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान नदी के उद्गम क्षेत्र से लेकर बंजार घाट तक विभिन्न स्थानों पर सफाई, श्रमदान, पौधारोपण, जनसंवाद, गोष्ठियों और जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे। समापन समारोह में गोमती नदी के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी जाएगी। उपस्थित लोगों को नदी संरक्षण, जल बचाओ और पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई जाएगी। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद अपने संबोधन में नदी संरक्षण, जल प्रबंधन और पर्यावरणीय संतुलन के महत्व पर प्रकाश डाल सकते हैं।

गैस संकट से जूझ रहे उपभोक्ता हो रहे परेशान

- बुकिंग और ओटीपी की समस्या बनती जा रही मुसीबत

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। क्षेत्र में रसोई गैस संकट लगातार गहराता जा रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई दिनों से गैस बुकिंग कराने में दिक्कत आ रही है। जिसके कारण समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। जोगराजपुर में उपभोक्ताओं ने गैस संकट को लेकर प्रदर्शन भी किया था और संबंधित गैस एजेंसी के खिलाफ नाराजगी जताई थी।



प्रदर्शन के दौरान लोगों ने नियमित गैस आपूर्ति सुनिश्चित कराने और बुकिंग संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई थी। प्रदर्शन के बाद भी स्थिति में कोई खास सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस बुकिंग के लिए फोन करने या ऑनलाइन प्रयास करने पर बुकिंग नहीं हो पा रही है। कई उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पर ओटीपी नहीं पहुंच रहा है, जबकि कुछ लोगों को बार-बार तकनीकी त्रुटियों का सामना करना पड़ रहा है। ओटीपी न मिलने के कारण बुकिंग प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती, जिससे लोगों को बार-बार प्रयास करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है। लोगों का कहना है कि रसोई गैस उपलब्ध न होने के कारण उन्हें लकड़ी और अन्य पारंपरिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और गैस कंपनी के अधिकारियों से मांग की है कि बुकिंग प्रणाली में आ रही तकनीकी खामियों को दूर कराया जाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

पुरानी रंजीश में रास्ते में रोककर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

दियोरिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकशिवपुरी निवासी सोवन्नी देवी पत्नी रामरतन ने पुलिस को एक तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें गांव के ही रामपाल पुत्र अज्ञात, वदभूषण पुत्र रामपाल, गीता देवी पत्नी वदभूषण, रामपाल की पत्नी से पुरानी रंजिश को लेकर यह लोग आए दिन गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते है आने जाने की रास्ता रोक रहे है।

8 जून को खेत से आते समय उक्त लोगो ने रास्ते में रोक कर गन्दी गन्दी गालियां देकर मेरे साथ मारपीट करने लगे तभी अपनी जान बचाकर भागे।उसके बाद उक्त लोग मेरे घर आकर गाली गलौज करके लाठी डन्डो से मारने लगे चीख पुकार सुनकर गांव वालो ने आकर बचाया मेरे हाथ में चोट, पूरे शरीर में गुम चोटे आयी है जाते समय उक्त लोगो नें जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी गौतम सिंह ने बताया है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पंचायत मतदाता सूची प्रकाशित, कार्यालयों में उपलब्ध रहेगी

पीलीभीत। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि जनपद की सभी तहसीलों और ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली तैयार कर प्रकाशित कर दी गई है। नामावली की प्रतियां 10 जून 2026 से सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, खंड विकास अधिकारी कार्यालय एवं संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।



मांग दुकानदारों ने दुकानों को न तोड़ने की विधायक से मांग

पूरनपुर-शेरपुरकला रेलवे फाटक ओवरब्रिज निर्माण

जागरण मोर्चा कार्यालय



विधायक वावूराम पासबान को ज्ञापन देते दुकानदार । –जागरण मोर्चा

पूरनपुर (पीलीभीत)। पूरनपुर-शेरपुरकला रेलवे फाटक पर प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण को लेकर स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानों को हटाए जाने के विरोध में विधायक को ज्ञापन सौंपा। जिसमे दुकानदारों ने स्पष्ट रूप से मांग की कि निर्माण कार्य के दौरान उनकी दुकानों को न तोड़ा जाए या फिर उचित पुनर्वास व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

दुकानदारों का कहना है कि वर्षों से वे इसी स्थान पर अपनी आजीविका चला रहे हैं। यदि ओवरब्रिज निर्माण के नाम पर दुकानों को हटाया गया तो उनका व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो जाएगा और परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मुलाकात कर कहा कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि यदि सड़क चौड़ीकरण या ओवरब्रिज निर्माण में दुकानों को हटाना अनिवार्य है तो पहले प्रभावित व्यापारियों को उचित मुआवजा और पुनर्वास स्थल उपलब्ध कराया जाए। दुकानदारों ने यह भी सुझाव दिया कि निर्माण योजना में तकनीकी संशोधन कर ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे कम से कम दुकानों को नुकसान पहुंचे। साथ ही उन्होंने प्रशासन से पारदर्शी तरीके से सर्वे कराकर वास्तविक स्थिति के अनुसार निर्णय लेने की अपील की। विधायक ने दुकानदारों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए आश्वासन दिया कि किसी भी स्थिति में स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले को संबंधित विभाग और रेलवे प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा, ताकि समाधानकारी रास्ता निकाला जा सके। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी एवं दुकानदार मौजूद रहे।

हिन्दू जनसंवाद कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। ढका चांट में बुधवार को बजरंग दल की ओर से हिन्दू जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारे और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था।

वक्ताओं ने कहा कि संगठित समाज ही हर चुनौती का सामना कर सकता है। उन्होंने लोगों से सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित करने तथा समाज हित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समाज की मजबूती आपसी एकता और जागरूकता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और युवाओं के चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से समाज और राष्ट्र के हित में मिल-जुलकर कार्य करने तथा आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सामाजिक एकता, राष्ट्रभक्ति तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर जोर दिया। आयोजन के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की सहभागिता देखने को मिली। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के जनसंवाद कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर बजरंग दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

पीड़ितों के आंसू पोंछने पहुंचे जनप्रतिनिधि और सपा नेता

जागरण मोर्चा कार्यालय

आसफपुर। रामपुर जनपद के शाहबाद थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में दो मासूम सगे भाइयों की दर्दनाक मौत के बाद ग्राम मुढ़िया पिसनहारी में मातम पसरा हुआ है। खुशियों के लिए निकला परिवार कुछ ही पलों में ऐसी त्रासदी का शिकार हो गया कि पूरा गांव गम में डूब गया। हादसे में दो मासूमों की जान चली गई, जबकि उनके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद से लगातार जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक दलों के नेता पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम मुढ़िया पिसनहारी निवासी खुर्शीद खां अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब गेहूं से भरी एक अनियंत्रित पिकअप ई-रिक्शा पर पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि खुर्शीद खां के मासूम पुत्र नावेद और आबिद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटी अरमाना सहित अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना ने



पूरे परिवार की दुनिया उजाड़ दी। बुधवार को बदायूं सांसद प्रतिनिधि अनिल गोस्वामी और सतीश प्रेमी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त पिता खुर्शीद खां और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने अस्पताल में भर्ती गंभीर रूप से घायल मासूम अरमाना के समुचित इलाज की व्यवस्था कराने और उपचार का पूरा खर्च वहन करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से भी बातचीत की और परिवार की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे कठिन समय में समाज और प्रशासन दोनों को पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना चाहिए, ताकि उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति मिल सके। वहीं समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष शहनवाज हुसैन के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी मुढ़िया पिसनहारी गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में ऋषिपाल प्रधान, रविन्द्र फौजी, गौरव, पंकज यादव, सुरेंद्र सागर, रविन्द्र यादव, कपिल देव और विकास यादव सहित कई नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने मृतक बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

गांव में पहुंचने वाले हर व्यक्ति की आंखें नम दिखाई दीं। परिजनों का दर्द देखकर लोग खुद को भावुक होने से नहीं रोक सके। ग्रामीणों ने बताया कि खुर्शीद खां मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण और पढ़ाई-लिखाई करवा रहे थे। परिवार ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक सड़क हादसा उनकी खुशियों को इस तरह छीन लेगा। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

'एसबीआई आधुनिक कृषि ग्राहक सम्मेलन' में पहुंचे किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा द्वारा 'एसबीआई आधुनिक कृषि ग्राहक सम्मेलन' का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भारी संख्या में कृषि ग्राहकों एवं कृषक उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार सुरेंद्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने किया।

इस दौरान तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने किसानों को सरकारी योजनाओं, ऋण सुविधाओं के साथ फसल बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रक्षेत्र अधीक्षक कृषि विभाग अनिल कुमार ने आधुनिक कृषि तकनीक और नए उपकरणों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का आयोजन बैंक की थीम कस्टमर फर्स्ट बी दा बैंक ऑफ चॉइस तथा "कृषि से समृद्धि" के उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए किया गया।



किसानों को सम्मानित करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादकता एवं आय वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर नियमित रूप से केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) नवीनीकरण कराने वाले किसानों को सम्मानित किया गया।

बैंक के ऋण अधिकारी मोहम्मद वसीम अकरम ने किसानों को बैंक की विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि अवसंरचना एवं कृषि विकास संबंधी वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं प्रबंधक एस.एम.ई. राहुल सिंह ने कृषि उद्यमियों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित विभिन्न नवाचार आधारित योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषि आधारित उद्यम स्थापित करने एवं उनका विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में किसानों, कृषि उद्यमियों एवं बैंक अधिकारियों के बीच संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर भी चर्चा की गई।

अंत में बैंक के मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार शर्मा ने सभी किसानों, अतिथियों एवं बैंक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

बिलसंडा में सैय्यद दादा मियां का 48वां उर्स शुरू, पहले दिन उमड़ी जायरीनों की भारी भीड़

फैजान अजमेरी ब्रदर्स के बीच जबरदस्त मुकाबला आज

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिलसंडा। कस्बे के जामा मस्जिद ग्राउंड पर बुधवार से तीन दिवसीय सैय्यद दादा मियां रहम तुलाह अलह के 48 वें उर्स मेले का आगाज हो गया।जिसका शुभारंभ उप्र.उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल एवं महामंत्री अवनीश जायसवाल ने फीता काटकर किया। इसके बाद राजस्थान, मुरादाबाद लखनऊ के कव्वालों ने अपने कलाम पेश किए।

उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद फैजान ने बताया गुरुवार को अजमेर के मशहूर कव्वाल फैजान अजमेरी ब्रदर्स एवं लखनऊ की कव्वाला के बीच शानदार मुकाबला देखने को मिलेगा। मेले में जायरीनों के लिए विशेष इंतजामात किए गए हैं।

हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है दादा मियां का उर्स : पिछले 47 वर्षों से लगने बाला उर्स का मेला यहां हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है।दोनो ही समुदायों के बीच वाकायदा इसको लेकर खासा उत्साह देखने को मिलता है। हिंदू परिवार की महिलाएं भी यहां दादा मियां की मजार पर चादरपोशी कर अपने परिवार के लिए दुआएं मांगती हैं। यह परंपरा 47 साल बाद आज भी बदस्तूर जारी है। नगर में भी सैय्यद दादा मिया रहमतुल्लाह अलैह की याद में पिछले 47 वर्षों से उर्स का मेला प्रति वर्ष लगाया जाता है। जिसमें हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हुए हर वर्ग समाज के लोग अपनी भागीदारी कई वर्षों से निभाते आ रहे हैं।

उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद फैजान पिछले दो वर्षों से बखूबी मेले की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष उनकी मेला कमेटी में मुस्लिम समाज के अलावा हिन्दू भाई भी जुड़कर बढ़ चढ़कर सहयोग करते हैं। जिसके चलते आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इस बार भी उर्स में दूरदराज से लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया।जिसके लिए आयोजकों ने खासे इंतज़ाम किये हैं।

पंचायत सचिव जनपदीय कार्यकारिणी का गठन अवनीश बने अध्यक्ष, अतुल बने महामंत्री



जीत का जश्न मनाते हुए। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। जिला अध्यक्ष बरेली जितेंद्र गंगवार (निर्वाचन अधिकारी) की उपस्थिति में पंचायत सचिव जनपदीय कार्यकारिणी का चुनाव एक निजी होटल में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसमें सभी पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

चुनाव में अवनीश गंगवार को जिलाध्यक्ष, अतुल गंगवार को जिला महामंत्री, हरि सिंह गंगवार एवं मोहम्मद रिजवान को उपाध्यक्ष, वसीम अहमद को प्रांतीय प्रतिनिधि, रोशनी वर्मा को कोषाध्यक्ष, प्रियांशु द्विवेदी को मंत्री, रोहित माथुर को संगठन मंत्री तथा मोहित गोस्वामी को संयुक्त मंत्री चुना गया। निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र गंगवार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन हित में कार्य करने की अपेक्षा जताई। वहीं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया।

भाई-बहन के साथ मारपीट करने पर चार पर प्राथमिकी

बदायूं। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव टोडरपुर निवासी हरचरन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपने भाई प्रभाशंकर से जगह खरीदी थी। जिस पर वह निर्माण कार्य करा रहा था। तभी गांव के अजयपाल, पवन, प्रभात व पूरन लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाली गलौज करते हुए निर्माण कार्य बंद करने को कहा।

उसकी बेटी रजनी ईंटे उखाड़ने की वीडियो बनाने लगी। तभी अजयपाल उसका मोबाइल छीनने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने उसकी बेटी व बेटे को लाठी-डंडो से जमकर पीटा। जिसमें दोनों को काफी चोटे आई हैं। पुलिस ने चारों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

राष्ट्र है सर्वोपरि, नागरिक कर्तव्यों का करें पालन

बदायूं समेत 10 जिलों के 133 स्काउट गाइड और यूनिट लीडर हुए सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शीतलाखेत अल्मोड़ा उत्तराखंड में चल रहे नेचर स्टडी कम ट्रेनिंग कैंप और एडवेंचर कैंप में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करने वाले स्काउट गाइड को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना, ध्वज अवतरण और राष्ट्रगान के साथ समापन हो हुआ। नेचर स्टडी कम ट्रेनिंग कैंप और एडवेंचर कैंप भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डा.महेंद्र सिंह, प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष सक्सेना महेश चंद्र सक्सेना और प्रादेशिक मुख्यायुक्त डा. प्रभात कुमार के मार्गदर्शन में स्काउटिंग गाइडिंग



प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतलाखेत अल्मोड़ा में विभिन्न जिलों के नेचर स्टडी और एडवेंचर कैंप के स्काउट गाइड को सम्मानित करते पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा।

की गतिविधियों को नई ऊर्जा मिली है। स्काउट-गाइड संपूर्ण भारत और विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर देश को गौरवान्वित भी कर रहे हैं। स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युवा मर्यादाओं को पालें, वर्जनाओं से बचें और नागरिक कर्त्तव्यों पालन कर राष्ट्र को गौरवान्वित करें। राष्ट्र सर्वोपरि है। कैंप के लीडर आफ द कोर्स एएसओसी वाराणसी जय प्रकाश दक्ष, मिर्जापुर ट्रेनिंग काउंसलर चंद्र प्रकाश प्रजापति, शीतलाखेत केंद्र प्रभारी त्रिवेंद्र कुमार, सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर सहारनपुर व मेरठ मंडल अमित सैनी, वाराणसी डीओसी विष्णु विश्वकर्मा ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

"हरित जेल अभियान" के तहत मुजफ्फरनगर कारागार में वाटर वूमन शिप्रा पाठक ने जेल अधीक्षक के साथ "शमी" का पौधा रोपित किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। दातागंज कस्बे के रहने वाले भाजपा नेता डॉ शैलेश पाठक की बेटी वाटर वुमन शिप्रा पाठक ने बुधवार को मुजफ्फरनगर जिला कारागार में कैदियों एवं जेल प्रशासन के साथ पर्यावरण संवाद स्थापित किया। इससे पूर्व परसों गाज़ियाबाद जिला कारागार में इसी अभियान के तहत पौधारोपण एवं संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

मुजफ्फरनगर कारागार में जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में शिप्रा पाठक ने कैदियों को प्रकृति से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा— "किसी का पाप कम नहीं किया जा सकता, परंतु पुण्य अवश्य बढ़ाया जा सकता है। प्रकृति सेवा के माध्यम से आप सभी अपने जीवन में पुण्य अर्जित कर सकते हैं।"

उन्होंने पंचतत्व संस्था की योजना



मुजफ्फरनगर जिला कारगर में शमी का पौधा आरोपित करती वाटर वूमन शिप्रा पाठक। -जागरण मोर्चा

साझा करते हुए बताया कि कैदियों को बीज, मिट्टी और खाद उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे स्वयं पौध तैयार करेंगे। ये पौध उनके परिजनों एवं संस्था के माध्यम से जेल के बाहर समाज तक पहुँचाए जाएंगे, जहाँ उनका रोपण किया जाएगा।

इससे पूर्व गाज़ियाबाद जिला कारागार में आयोजित कार्यक्रम में कैदियों एवं जेल प्रशासन ने प्रति व्यक्ति पाँच पौधे लगाने और उनका पालन-पोषण करने का संकल्प लिया था। वहाँ शमी के पौधों का विशेष रोपण किया गया, जो भारतीय परंपरा में न्याय, संतुलन और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है। पिछले 11 वर्षों से "पंचतत्व" संस्था के माध्यम से कार्य कर रहीं शिप्रा पाठक अब तक 15,000 किलोमीटर की पदयात्रा कर देशभर में लगभग 58 लाख पौधों का रोपण करवा चुकी हैं। उनका यह अभियान अब देश की जेलों तक पहुँचकर "कैदी से पर्यावरण प्रहरी" बनाने की दिशा में एक सशक्त जनआंदोलन का रूप ले रहा है। यह पहल समाज को यह संदेश देती है कि सुधार, संस्कार और प्रकृति का संगम किसी भी जीवन को नई दिशा दे सकता है। वाटर वुमन ने पर्यावरण दिवस पर भारत के सभी जेलों में कैदियों से संवाद कर पर्यावरण प्रहरी बनाने की योजना बनायी।

आसफपुर चौकी प्रभारी के बेटे ने हासिल किया डिजाइनिंग इंजीनियर का पद

जागरण मोर्चा कार्यालय

आसफपुर। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र की आसफपुर पुलिस चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी जुगमेंद्र बालियान के पुत्र सिद्धांत बालियान ने अपनी प्रतिभा, लगन और कठिन परिश्रम के बल पर डिजाइनिंग इंजीनियर के प्रतिष्ठित पद पर चयनित होकर परिवार के साथ-साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।

मूल रूप से जनपद मुजफ्फरनगर के गांव नरोत्तमपुर निवासी 21 वर्षीय सिद्धांत बालियान बचपन से ही मेधावी और अनुशासित छात्र रहे हैं। उन्होंने देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आईआईटी दिल्ली में प्रवेश प्राप्त कर तकनीकी शिक्षा हासिल की। शिक्षा के दौरान उन्होंने अपने लक्ष्य पर लगातार फोकस बनाए रखा और मेहनत के दम पर



सिद्धांत बालियान। -जागरण मोर्चा

सफलता की नई इबारत लिखी। हाल ही में सिद्धांत बालियान को नोएडा स्थित एक ऐसी कंपनी में डिजाइनिंग इंजीनियर के पद पर नियुक्ति मिली है, जो भारतीय सेना के लिए तकनीकी उपकरणों और परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। इस उपलब्धि को उनके करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। सिद्धांत के पिता जुगमेंद्र बालियान वर्तमान में जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा की पुलिस चौकी आसफपुर पर चौकी प्रभारी के रूप में तैनात हैं। वहीं उनकी माता नीरू बालियान गृहिणी हैं।

सार संक्षेप

पीएम स्वनिधि योजना के तहत विशेष अभियान जारी



लोक मेला में विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत जिले में 1 जून से 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उप जिलाधिकारी (न्यायिक)/परियोजना अधिकारी डूडा पवन सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। अभियान के अंतर्गत स्वनिधि महोत्सव, लोक कल्याण मेला एवं विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में विशेष कैंप लगाकर लंबित ऋण आवेदनों का निस्तारण कराया गया तथा पात्र वेंडर्स को ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया गया। योजना के तहत रेहड़ी, ठेला और फेरी लगाने वाले विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। योजना का विस्तार अब विकास खंड ललौरीखेड़ा के बराहा सेंसेस टाउन क्षेत्र तक भी कर दिया गया है।

पॉक्सो एक्ट में 4 साल की सजा, 20 हजार रुपये जुर्माना

पीलीभीत। विशेष पॉक्सो अदालत ने महिला से छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषी अमित वर्मा को 4 वर्ष के सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत की गई। थाना कोतवाली में वर्ष 2024 में दर्ज इस मुकदमे की पुलिस ने गहन विवेचना कर पुख्ता साक्ष्य जुटाए थे। अदालत में प्रभावी पैरवी और प्रस्तुत किए गए सबूतों के आधार पर स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट त्रिभुवन नाथ पासवान ने आरोपी को धारा 354 आईपीसी एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी करार दिया। न्यायालय ने आरोपी को 4 साल की सश्रम कैद के साथ 20 हजार रुपये का जुर्माना भी अदा करने का आदेश दिया। पुलिस ने इसे महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया है।

गैंगस्टर एक्ट के दो दोषियों को 2-2 साल की सजा, 10 हजार रुपये जुर्माना

पीलीभीत। पुलिस की प्रभावी विवेचना और अदालत में मजबूत पैरवी के चलते गैंगस्टर एक्ट व धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में दो आरोपियों को दोषी ठहराया गया है। एडीजे/एफटीसी गैंगस्टर एक्ट न्यायालय की न्यायाधीश अनु सक्सेना ने दोनों अभियुक्तों को 2-2 वर्ष के कारावास तथा कुल 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। थाना न्यूरिया में वर्ष 2008 में दर्ज मुकदमे में दोषी पाए गए राजू उर्फ रिजाय अहमद और मोहम्मद रफीक, निवासी क्योलड़िया (बरेली) के खिलाफ पुलिस ने पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत मिली इस सफलता को अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई माना जा रहा है।

गुजरात से अपहृत महिला को पीलीभीत पुलिस ने सकुशल बरामद कर सौंपा

पीलीभीत। थाना हजारा पुलिस ने गुजरात राज्य से अपहृत एक महिला को सकुशल बरामद कर गुजरात पुलिस के सुपुर्द कर दिया। महिला को नेपाल क्षेत्र में ले जाकर बंधक बनाए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार, 6 जून को गुजरात के पंचमहल जनपद की हलोल ग्रामीण पुलिस ने थाना हजारा को अपहरण के एक मामले में महिला की लोकेशन हजारा क्षेत्र में मिलने की जानकारी दी थी। जांच में पता चला कि महिला को भारत-नेपाल सीमा पार ले जाया गया है तथा उसे बेचने की आशंका भी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए हजारा पुलिस ने नेपाल पुलिस से समन्वय स्थापित किया। संयुक्त कार्रवाई में महिला को नेपाल क्षेत्र के एक बंद मकान से मुक्त कराकर सुरक्षित थाना हजारा लाया गया, जहां उसे महिला पुलिसकर्मियों की निगरानी में रखा गया। बुधवार को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर महिला को गुजरात पुलिस टीम के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई गुजरात पुलिस द्वारा की जा रही है।

महिला को जान से मारने की धमकी देने पर सगे भाईयों पर प्राथमिकी

बदायूं। थाना बिल्सी क्षेत्र के गांव राजन देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 जून को वह अपने देवर के घर दावत खाने जा रही थी। रास्ते में गांव के तेजपाल व मोनू पुत्रगण सुरेश शराब पीकर उसे गाली देने लगे। गाली देने से मना करने पर दोनो भाईयों ने उसे लाठी-डंडो से जमकर पीटा। जिसमें वह घायल हो गई। अस्पताल से इलाज कराने के बाद जब वह घर पहुंची तो आरोपितों ने दोबारा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सगे दोनों भाईयों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

ससुराल वालों पर मारपीट करने का आरोप, चार पर प्राथमिकी

बदायूं। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव मलगांव निवासी सीमा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति दुर्गपाल 1 मई को पड़ोसी गांव की एक युवती को अपने साथ ले गया। अब उसे व उसके बेटे को जेठ सत्येंद्र, देवर उमेश, सास सोनवती, ननद गुडडो परेशान कर रहे हैं। कई बार वह लोग मारपीट कर उसे गांव से भगाना चाहते हैं। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने सास समेत चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

नकदी व जेवर लेकर प्रेमिका प्रेमी संग फरार

बदायूं। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 जून को वह अपनी बुआ के घर भमोरा थाना क्षेत्र के एक गांव में गया था। जबकि उसकी पत्नी घर में सो रही थी। तभी गांव का रजनेश पुत्र जगपाल व विजय पुत्र जगवीर निवासीगण गांव मुढ़ा पुख्ता व आदेश पुत्र विक्रम निवासी बिहारीपुर थाना भमोरा की सहायता से उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। घर से जाते समय उसकी बेटी जेवर व नकदी भी ले गई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

घर में चोरी के आरोप में अज्ञात पर रिपोर्ट

बदायूं। थाना इस्लामनगर के गांव नगला बाराह निवासी लालसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 जून की रात उसके घर में खिड़की के रास्ते एक अज्ञात व्यक्ति घुस आया। घर में घुसकर वह बक्से में रखी हंसली, खड़ुआ,, पाजेब व 15 हजार रुपये चोरी कर ले गया। सुबह उठकर उसने देखा तो खिड़की खुली थी और घर से सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

ससुरालियों पर घर में आग लगाने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर चार पर रिपोर्ट

बदायूं। उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव खजुरारा निवासी अंकुर ने पुलिस को सीजेएम कोर्ट में दायर वाद में कहा है कि 14 मार्च की शाम करीब 3 बजे उसकी पत्नी सुमन अपनी मां माया देवी, भाई जितेंद्र, मोहन निवासीगण ग्राम छोटे काशी थाना गोला गोर्कणनाथ, लखीमपुर खीरी उसके घर पर आये। उस समय वह दिल्ली में था। तभी उसकी पत्नी व अन्य ससुराल वाले उसकी मां के साथ गाली गलौज करने लगे। जब उसकी मां ने गाली गलौज का विरोध किया तो सभी लोगों ने उसकी मां के साथ मारपीट की और घर में रखे 35 सौ रुपये व सोने-चांदी के जेवर निकाल लिए। साथ ही उसकी बाइक में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जिससे पूरा घर जलकर राख हो गया। आग लगने से घरेलू सामान के अलावा उसके शैक्षिक प्रमाण पत्र आदि भी जल गए। उसने घटना की शिकायत पुलिस व एसएसपी से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट ने थाना पुलिस को मामले की जांच कर आरोपितों पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

उझानी। बुधवार की दोपहर थाना उसहैत के गांव बिरिया डांडा निवासी मोनू यादव पुत्र सुरेश चंद्र सहसवान रिश्तेदारी से वापस अपने गांव जा रहा था। मानकपुर मोड पर ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे उझानी सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर गांव से रोते बिलखते पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्राली मौके से चालाक सहित फरार हो गई। पुलिस ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले मचा बवाल

ईरान फुटबॉल महासंघ ने फीफा पर टिकट वापस लेने का लगाया आरोप

नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप कप 2026 शुरू होने से कुछ दिन पहले ईरान के लिए नया विवाद खड़ा हो गया है। ईरान फुटबॉल महासंघ (एफएफआरआई) ने आरोप लगाया है कि फीफा ने उसका टिकट कोटा वापस ले लिया है, जबकि हजारों फैन्स पहले ही यात्रा की तैयारी कर चुके थे। इससे पहले वीजा विवाद और अमेरिका-ईरान तनाव भी टीम की मुश्किलें बढ़ा चुके हैं। वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से ठीक पहले ईरान और फीफा के बीच नया विवाद सामने आया है। ईरान फुटबॉल महासंघ ने दावा किया है कि फीफा ने अचानक ईरानी समर्थकों के लिए निर्धारित टिकट आवंटन वापस ले लिया है।

इस फैसले से हजारों फैन्स की योजनाओं पर पानी फिर सकता है, क्योंकि कई समर्थक पहले ही फ्लाइट, होटल और अन्य यात्रा व्यवस्थाएं कर चुके हैं। एफएफआरआई ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि फीफा का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब बड़ी संख्या में ईरानी फैन्स ने आधिकारिक प्रक्रिया के तहत टिकट पाने की उम्मीद में अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होने वाले टूर्नामेंट के लिए यात्रा की तैयारी पूरी कर ली थी।

संघ ने कहा-कई ईरानी फुटबॉल प्रशंसकों ने आधिकारिक प्रक्रिया पर भरोसा करते हुए मैच देखने के लिए जरूरी इंतजाम पहले ही कर लिए थे।

ट्रंप के बयान से शुरू हुआ विवाद

इस पूरे विवाद की जड़ मार्च में दिया गया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान माना जा रहा है। 12 मार्च को अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े तनाव के दौरान ट्रंप ने सवाल उठाया था कि क्या ईरान की टीम को वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने की अनुमति मिलनी चाहिए। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा था- ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का वर्ल्ड कप में स्वागत है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि उनके लिए यहां आना उनकी सुरक्षा के लिहाज से उचित होगा। हालांकि बाद में फीफा ने ईरान के अनुरोध को ठुकरा दिया था, जिसमें टीम के मैच अमेरिका से बाहर आयोजित करने की मांग की गई थी।

फीफा की ओर से नहीं आया जवाब

ईरान की शिकायतों और टिकट आवंटन विवाद पर फीफा की तरफ से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। संस्था ने इस मामले पर टिप्पणी के अनुरोध का जवाब भी नहीं दिया। वर्ल्ड कप शुरू होने में अब बेहद कम समय बचा है। ऐसे में जिन प्रशंसकों ने टिकट प्रक्रिया के अनुसार आवेदन किया था और यात्रा की तैयारी कर ली थी, वे अब असमंजस की स्थिति में हैं। टिकट आवंटन रद्द होने से हजारों ईरानी समर्थकों के स्टेडियम में अपनी टीम को समर्थन देने के सपने पर संकट खड़ा हो गया है।



वीजा विवाद ने भी बढ़ाई मुश्किलें

टिकट विवाद से पहले ईरान की टीम वीजा संकट से भी जूझ चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के पहले मुकाबले से सिर्फ 10 दिन पहले अमेरिकी वीजा मिला, जिससे उनकी तैयारियां प्रभावित हुईं। इसके अलावा टीम के कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और प्रबंधन अधिकारियों को वीजा नहीं दिया गया। ईरान फुटबॉल महासंघ ने इसे मेजबान देश की जिम्मेदारियों और फीफा नियमों का उल्लंघन बताया.ईरान के राजदूत अली पसांदीदेह के अनुसार, टिजुआना पहुंचने वाले 70 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में से 15 लोगों को अमेरिका में प्रवेश के लिए वीजा नहीं मिला।

अमेरिका में फुटबॉलर्स के जूतों की स्कैनिंग, कुत्तों से बैग की जांच

फुटबॉलर्स के साथ अपराधी जैसा बर्ताव

मियामी

फीफा विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने के लिए टीमें अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको पहुंच रही हैं। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले एक के बाद एक विवाद हो रहे हैं। अमेरिका ने सोमाली के रेफी को देश में एंट्री नहीं दी है। इस बीच वर्ल्ड कप से पहले सेनेगल और उज्बेकिस्तान की फुटबॉल टीमों के सदस्यों की अपमानजनक सुरक्षा जांच करने के लिए अमेरिका की आलोचना हुई है। टेक्सास के सैन एंटोनियो एयरपोर्ट पर फ्लाइट से उतरने के बाद रनवे के पास ही अफ्रीकी देश सेनेगल के खिलाड़ियों की गहरी तलाशी ली गई। सोशल मीडिया पर इसका काफी वीडियो वायरल हो रहे हैं।

उज्बेकिस्तान के खिलाड़ियों की सघन जांच

स्पेन में रायो वैलेकानो के लिए क्लब फुटबॉल के लिए खेलने वाले मिडफील्डर पाथे सिस के जूते को हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर से स्कैनिंग करवाते हुए देखा गया।8 जून को न्यूयॉर्क के आइकान स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ उज्बेकिस्तान ने फ्रेंडली मैच खेला। मैच से पहले उज्बेकिस्तान के खिलाड़ियों और अधिकारियों को टीम बस से उतरने के बाद सुरक्षा जांच के लिए लाइन में लगाया गया। वायरल फुटेज में मेटल डिटेक्टर से पूरी बॉडी की जांच करने से पहले खिलाड़ियों के बैगों को अलग रखवा दिया गया और उनकी जेबें भी खाली करवाई गई। नशीले पदार्थों का पता लगाने वाले कुत्तों से टीम के खिलाड़ियों के बैग की जांच करवाई गई।



अफ्रीका के बेस्ट अंपायर को अमेरिका ने एयरपोर्ट से लौटाया

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के आगाज में अब महज कुछ ही दिन बचे हैं, लेकिन टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले ही इसके आयोजन और व्यवस्थाओं पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। अमेरिका की सख्त नीतियों के कारण एक ऐसा चौंकाने वाला वाकया सामने आया है जिसने पूरे फुटबॉल जगत को हैरान कर दिया है। अफ्रीका के नंबर-1 फुटबॉल रेफरी ओमर अब्दुलकादिर अर्टान को मियामी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरते ही अमेरिकी अधिकारियों ने देश में एंट्री देने से मना कर दिया और उन्हें वापस इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट में बैठाकर डिपोर्ट कर दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि अर्टान एक राजनयिक पासपोर्ट पर यात्रा कर रहे थे। शुरुआती देरी के बाद नैरोबी में सोमाली दूतावास ने उन्हें वीजा दिलाने में मदद भी की थी, लेकिन अमेरिकी बॉर्डर कंट्रोल ने अंत में उन्हें देश में प्रवेश देने से साफ इनकार कर दिया। यूएस कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन ने इस पुरस्कार विजेता रेफरी को वापस भेजने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है। हालांकि, यह मामला पूरी तरह से राजनीतिक और अमेरिकी प्रतिबंधों से जुड़ा माना जा रहा है। अमेरिका ने सोमालिया समेत कई पूर्वी अफ्रीकी और मध्य पूर्व के देशों पर सख्त ट्रैवल बैन लगा रखे हैं।



फीफा विश्व कप की प्राइज मनी ने सारे रिकॉर्ड तोड़े

आखिरी नंबर की टीम को मिलेंगे क्रिकेट वर्ल्ड चैंपियन से ज्यादा,बटेंगे 8299 करोड़

नई दिल्ली

फीफा विश्व कप 2026 के लिए सभी 48 टीमें तैयार हैं। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में 11 जून को टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। फीफा विश्व कप दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल स्पोर्टिंग इवेंट है। फीफा का फुल फॉर्म फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबॉल एसोसिएशन है और यही संस्थान फुटबॉल को चलाती है। फीफा विश्व कप 2026 की प्राइज मनी रिकॉर्ड ब्रेकिंग होने वाली है।



फीफा विश्व कप चैंपियन को मिलेंगे 476 करोड़ रुपये

कतर की मेजबानी में 2022 में फीफा विश्व कप हुआ था। उस टूर्नामेंट की कुल प्राइज मनी 440 मिलियन डॉलर थी। इस बार फीफा विश्व कप की प्राइज मनी 655 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। भारतीय करेंसी में यह करीब 6240 करोड़ रुपये होता है। विजेता टीम को पिछली बार 42 मिलियन डॉलर मिले थे तो इस बार 50 मिलियन डॉलर यानी करीब 476 करोड़ रुपये मिलेंगे। किस टीम को कितने पैसे मिलेंगे :

पोजीशन	प्राइज मनी (डॉलर)	भारतीय रुपये
विजेता	50 मिलियन	476 करोड़
उपविजेता	33 मिलियन	314 करोड़
तीसरा स्थान	29 मिलियन	276 करोड़
चौथा स्थान	27 मिलियन	257 करोड़
5वां-8वां स्थान	19 मिलियन	181 करोड़
9वां-16वां स्थान	15 मिलियन	143 करोड़
17वां-32वां स्थान	11 मिलियन	105 करोड़
33वां-48वां स्थान	9 मिलियन	86 करोड़

परफॉर्मेंस: बेस्ड प्राइज मनी के अलावा क्वालिफाई करने वाले हर देश को क्वालिफिकेशन पेमेंट के रूप में 10 मिलियन डॉलर मिलेंगे। इसके बादा 2.5 मिलियन डॉलर तैयारी के लिए मिलेंगे। यानी आखिरी नंबर पर रहने वाली टीम भी 21.5 मिलियन डॉलर लेकर जाएगी। ये पेमेंट फीफा के कुल फाइनेंशियल डिस्ट्रिब्यूशन का हिस्सा हैं। इस तरह टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 48 टीमों के बीच कुल 871 मिलियन डॉलर यानी करीब 8299 करोड़ रुपये बांटे जाएंगे।

क्रिकेट विश्व कप की प्राइज मनी कहीं नहीं टिकती

2023 में आखिरी क्रिकेट विश्व कप भारत की मेजबानी में खेला गया था। उस टूर्नामेंट की कुल प्राइज मनी ही 10 मिलियन डॉलर थी, जो फीफा विश्व कप के आखिरी नंबर की टीम को मिलने वाले पैसे से भी कम है। विजेता टीम ऑस्ट्रेलिया को 4 मिलियन डॉलर और उपविजेता भारत को 2 मिलियन डॉलर मिले थे।

जेमिमा बोलीं- वनडे विश्व कप जीतने के बाद बढ़ा है भरोसा

नई दिल्ली

भारत की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का मानना है कि पिछले वर्ष महिला वनडे विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और इसी वजह से आगामी महिला टी20 विश्व कप में भारत खिताब जीतने का प्रबल दावेदार है। महिला टी20 विश्व कप 12 जून से इंग्लैंड में शुरू हो रहा है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत रविवार को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

पिछली बार 2024 में संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर न्यूजीलैंड चैंपियन बना था।भारत को ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स के साथ रखा गया है। इस ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। जेमिमा ने एक कार्यक्रम में कहा, हर कोई वनडे विश्व कप जीत की सफलता का हिस्सा था। सभी जानते हैं कि दबाव कैसा होता है और हर कोई यह भी जानता है कि हमने एक बार यह कर दिखाया है और दोबारा भी कर सकते हैं। सभी में यह भरोसा है। एक बार खिताब जीतने के बाद टीम की भूख और बढ़ जाती है तथा अब लक्ष्य सिर्फ एक नहीं, बल्कि कई ट्रॉफियां जीतना है। हम जहां भी जाते हैं, हमारे प्रशंसक हमारा भरपूर समर्थन करते हैं और खिलाड़ियों को हमेशा घर जैसा माहौल मिलता है। इसी वजह से मुझे पूरा विश्वास है कि भारत इस विश्व कप का मजबूत दावेदार है।



कल्पना को टीम ने किया है साकार

यह 25 वर्षीय बल्लेबाज पिछले साल भारत की ऐतिहासिक पहली महिला वनडे विश्व कप जीत की प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल थीं। उन्होंने कहा, पहले टीम केवल सफलता की कल्पना करती थी, लेकिन अब हमने उसे हासिल कर लिया है। इससे हमारा विश्वास और मजबूत हुआ है कि हम इसे दोबारा भी हासिल कर सकते हैं। 2025 विश्व कप जीतने वाली टीम के इतने सारे सदस्यों का इस टीम में होना बहुत अच्छा है। साथ ही कुछ युवा खिलाड़ी भी शामिल हुए हैं। मुझे लगता है कि यह सकारात्मक ऊर्जा उन पर भी असर डालेगी। हर कोई अपने अनुभव साझा करेगा।

हरमनप्रीत को वैश्विक टूर्नामेंट जीतने का भरोसा

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वनडे विश्व कप की जीत से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है और अब उन्हें भरोसा है कि वे अन्य वैश्विक टूर्नामेंट भी जीत सकती हैं। उन्होंने कहा, हां, बिल्कुल। मुझे लगता है कि हर कोई मुझसे सहमत होगा कि पहला वनडे विश्व कप जीतने के बाद हमारी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। उम्मीद है कि हम ट्रॉफियां जीतने का यह सिलसिला जारी रखेंगे। एक कप्तान के तौर पर मैं यही चाहती हूं और मुझे लगता है कि हमारी टीम में हर कोई यही सपना देख रहा है। उम्मीद है कि हम इसी दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।

सेंचुरियन टाइटंस ने 13 रन से चैलेंजर्स को हराया

भोपाल

सेंचुरियन टाइटंस और सेंचुरियन चैलेंजर्स के बीच खेले गए मुकाबले में टाइटंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 रन से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंचुरियन टाइटंस ने निर्धारित 25 ओवरों में 147 रन बनाए। टीम की ओर से प्रशांत अग्रवाल ने 56 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि सालिम ने 28 रन का योगदान दिया। चैलेंजर्स की ओर से आर्य शर्मा ने 3 विकेट हासिल किए। जवाब में 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंचुरियन चैलेंजर्स की टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। टीम की ओर से आर्य शर्मा ने 48 रन और राजेंद्र ने 32 रन बनाए, लेकिन उनकी पारियां टीम को जीत नहीं दिला सकीं। टाइटंस की ओर से गेंदबाजी में आरव शर्मा ने 3 विकेट चटकाए, जबकि प्रशांत अग्रवाल और आराध्या ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शानदार दोहरे प्रदर्शन के लिए प्रशांत अग्रवाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने बल्लेबाजी में 56 रन बनाने के साथ गेंदबाजी में 2 विकेट भी हासिल किए। उन्हें अकैडमी के मेंटर एवं यूजेलकोटर के डायरेक्टर फैसल मीर ने सम्मानित किया।



सूर्यकुमार यादव हाउस की छह विकेट से शानदार जीत

भोपाल। मयंक चतुर्वेदी इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल लीग मुकाबले में सूर्यकुमार यादव हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एम.एस. धोनी हाउस को 6 विकेट से पराजित कर जीत दर्ज की। टॉस के जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए एम.एस. धोनी हाउस की टीम 13 ओवर में 70 पर सिमट गई। टीम की ओर से अद्विक ने सर्वाधिक 17 रनों का योगदान दिया। सूर्यकुमार यादव हाउस की ओर से पीयूष ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि दिव्यांश ने 2 विकेट हासिल किए। 71 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी सूर्यकुमार यादव हाउस की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 9 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया। टीम की जीत में शिवा ने शानदार 34 रनों की पारी खेली, जबकि उद्देश ने 14 रन बनाए। एमएस धोनी हाउस की ओर से विराट ने 2 विकेट तथा विहान ने 1 विकेट प्राप्त किया। शिवा की शानदार बल्लेबाजी और पीयूष की प्रभावी गेंदबाजी के दम पर सूर्यकुमार यादव हाउस ने मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की।

फिटनेस टेस्ट में पास हुए रोहित और हार्दिक, वनडे में खेलने की मिली मंजूरी

नई दिल्ली

भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले बड़ी राहत मिली है। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्पोर्ट्स साइंस टीम ने फिट घोषित कर दिया है। साथ ही ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को भी खेलने की मंजूरी मिल गई है। रोहित आईपीएल 2026 के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट का शिकार हो गए थे। इस चोट के कारण उन्हें पांच मुकाबले मिस करने पड़े थे। हालांकि बाद में उन्होंने वापसी की, लेकिन अधिकांश मैचों में वह इम्पैक्ट प्लेयर की भूमिका में नजर आए थे। जब अफगानिस्तान सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा हुई थी, तब बीसीसीआई ने साफ किया था कि रोहित की उपलब्धता फिटनेस क्लियरेंस पर निर्भर करेगी। 39 वर्षीय रोहित शर्मा अपने करियर के ऐसे दौर में हैं, जहां हर सीरीज उनके भविष्य से जुड़ी चर्चा को प्रभावित कर सकती है। टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह पूरी तरह वनडे क्रिकेट पर फोकस कर रहे हैं।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।